4 रायपुर संभाग
ई-वेस्ट मॉडल प्रदर्शनी में जिले के 73 विद्यार्थियों ने प्रदर्शित...

6 अभिमत
कमला हैरिस के लोकरंजक वादे

09 विविध
राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक दीपेश...

10 संस्कारधानी
शहरनामा... शराब कोचियों पर बादशाहत की लड़ाई, जिले में...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 30 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-10 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### बीजापुर नक्सल मोर्चे पर तैनात जवान चमरूराम शहीद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सल मोर्चे पर तैनात एक जवान चमरूराम तेलम शहीद हो गया। रात में वह गश्त के दौरान खाई में गिर गए थे। गंभीर चोट आने की वजह से दम तोड़ दिया। बीजापुर जिला मुख्यालय में आज उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दिया जाएगा और इसके बाद उनके गांव मोरमेड़ में अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी टीम बेचापाल, मेटापाल इलाक़े में गश्त के लिए निकली थी। इस टीम में एएसआई चमरूराम तेलम भी शामिल थे। रात में नक्सलियों का पीछा करने के दौरान वह खाई में गिर गए थे। गंभीर चोट आने की वजह से उन्होंने दम तोड़ दिया।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कपिल देव से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर भारत को पहला वन-डे क्रिकेट वर्ल्ड कप दिलाने वाले कप्तान और पूर्व क्रिकेटर कप्तान तथा प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कपिल देव से सौजन्य मुलाकात की। नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ सदन में हुई मुलाकात के दौरान दोनों के बीच छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री अरुण साव इन दिनों नई दिल्ली के प्रवास पर हैं।

### देश की दूसरी परमाणु पनडुब्बी अरिघात नौसेना के बेड़े में शामिल

**नई दिल्ली।** अरिहंत श्रेणी की दूसरी परमाणु पनडुब्बी 'आईएनएस अरिघात' विशाखापतनम में नौसेना के बेड़े में शामिल हो गयी जिससे नौसेना की मारक क्षमता कई गुना बढ गयी है। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अनेक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी तथा सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े अधिकारी भी मौजूद थे। सिंह ने अपने संबोधन में विश्वास जताया कि 'अरिघात' देश की परमाणु तिकड़ी यानी परमाणु ट्रायडंट को और मजबूत करेगी, परमाणु प्रतिरोध को बढ़ाएगी, क्षेत्र में रणनीतिक संतुलन और शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी और देश की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएगी। उन्होंने इसे राष्ट्र के लिए उपलब्धि और सरकार के रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के अटूट संकल्प का प्रमाण बताया।

# पीएम मोदी पालघर में 76000 करोड़ की लागत वाले वधावन बंदरगाह की आधारशिला रखेंगे

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र के मुंबई तथा पालघर का दौरा करेंगे और पालघर में 76 हजार करोड़ की लागत वाले वधावन बंदरगाह की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि मोदी सुबह मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर में वह पालघर के सिडको मैदान में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पालघर में मोदी वधावन बंदरगाह की आधारशिला रखेंगे। इस पर कुल 76,000 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। इसका उद्देश्य एक विश्व स्तरीय समुद्री प्रवेश द्वार स्थापित करना है जो बड़े कंटेनर जहाजों को आपूर्ति और अल्ट्रा-बड़े मालवाहक जहाजों को समायोजित करके देश के व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। पालघर जिले के दहानू शहर के पास स्थित वधावन बंदरगाह भारत के सबसे गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक होगा और पारगमन समय तथा लागत



को कम करते हुए अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्गों से सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे से सुसज्जित, बंदरगाह में गहरी बर्थ, कुशल कार्गो हैंडलिंग सुविधाएं और आधुनिक बंदरगाह प्रबंधन प्रणाली शामिल होंगी। बंदरगाह से रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा होने, स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहित करने और क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास में योगदान मिलने की उम्मीद है। चालू होने के बाद, बंदरगाह भारत की समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा और वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री लगभग 1,560 करोड़ रुपये की 218 मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे, जिसका उद्देश्य देश भर में इस क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और उत्पादकता को बढ़ावा देना है। इन पहलों से मत्स्य पालन क्षेत्र में पांच लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री लगभग 360 करोड़ रुपये की लागत से नेशनल रोल आउट ऑफ़ वेसल कम्युनिकेशन एंड सपोर्ट सिस्टम का शुभारंभ करेंगे। इस परियोजना के तहत 13 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मशीनीकृत और मोटर चालित मछली पकड़ने वाले जहाजों पर चरणबद्ध तरीके से एक लाख ट्रांसपोंडर स्थापित किए जाएंगे।

## महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए मिलकर प्रयास करने की जरूरत : खडगे

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि देश में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की घटनाएं बार-बार हो रही हैं और उन्हें रोकने के लिए मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में कोई कदम नहीं उठाए हैं इसलिए इस दिशा में सबको मिलकर काम करने के सख्त जरूरत है। खडगे ने कहा, हमारी महिलाओं के साथ हुआ कोई भी अन्याय असहनीय, पीड़ा दायक और घोर निंदनीय है। हमें 'बेटी बचाओ' नहीं 'बेटी को बराबरी का हक़ सुनिश्चित करो' चाहिए। महिलाओं को संरक्षण नहीं, भययुक्त वातावरण चाहिए। उन्होंने कहा, देश में हर घंटे महिलाओं के खिलाफ़ 43 अपराध रिकॉर्ड होते हैं। हर दिन 22 अपराध ऐसे हैं, जो हमारे देश के सबसे कमज़ोर दलित-आदिवासी वर्ग की महिलाओं और बच्चों के खिलाफ़ दर्ज होते हैं। अनगिनत ऐसे अपराध है जो दर्ज ही नहीं होते - डर से, भय से, सामाजिक कारणों के चलते। प्रधानमंत्री मोदी जी लाल क़िले के भाषणों में कई बार महिला सुरक्षा पर बात कर चुके हैं, पर उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में ऐसा कुछ ठोस नहीं किया, जिससे महिलाओं के खिलाफ़ अपराधों में कुछ रोकथाम हो। उल्टा, उनकी पार्टी ने कई बार पीड़िता का चरित्र हनन भी किया है, जो शर्मनाक है।

## सीएम ममता ने प्रदर्शनकारी छात्रों को धमकाने के आरोपों से किया इनकार

वार्ता < कोलकाता
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में प्रदर्शनकारी छात्रों को धमकाने के आरोपों को खारिज किया और कहा कि ये उनके खिलाफ कथित दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। बनर्जी ने 'एक्स' पर पोस्ट में अपने संदेश में कहा, मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि मैंने छात्रों या उनके आंदोलन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा है। मैं उनके आंदोलन का पूरी तरह से समर्थन करती हूं। उनका आंदोलन वास्तविक है। मैंने उन्हें कभी धमकी नहीं दी, जैसा कि कुछ लोग मुझ पर करने का आरोप लगा रहे हैं। यह आरोप पूरी तरह से झूठा है। इस बीच कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने नौ अगस्त की घटना की त्वरित जांच की मांग को लेकर एस्प्लेनेड में विरोध मार्च का नेतृत्व किया और प्रदर्शनकारियों को बनर्जी की कथित धमकी के आरोपों की निंदा की।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावः चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना की जारी

एजेंसी < श्रीनगर
www.dailypioneer.com

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के छह जिलों के 26 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अधिसूचना जारी की। यहां 25 सितंबर को दूसरे चरण में मतदान होगा। अधिसूचना के अनुसार, 26 विधानसभा क्षेत्र गांदरबल, श्रीनगर, बडगाम, रियासी, राजौरी और पुंछ जिलों में हैं। कश्मीर डिवीजन के 15 विधानसभा क्षेत्रों में से कंगन, गांदरबल, हज़रतबल, खानयार, हब्बाकदल, लाल चौक, चन्नापोरा, ज़दीबल, ईदगाह, सेंट्रल शाल्टेंग, बडगाम, बीरवाह, खानसाहब, चरार-ए-शरीफ और चादूरा हैं। इसी प्रकार जम्मू संभाग में 11 विधानसभा क्षेत्रों में से गुलाबगढ़, रियासी, श्री माता वैष्णो देवी, कालाकोट-सुंदरबनी, नौशेरा, राजौरी, बुद्धल, थन्नामंडी, सुरनकोट, पुंछ- हवेली और मेहधार शामिल हैं। अधिसूचना के अनुसार, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि पांच सितंबर, 2024 है और नामांकन पत्रों की जांच अगले दिन होगी। उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि नौ सितंबर, 2024 है। मतदान 25 सितंबर को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक किया जाएगा।

## समाजवादी पार्टी की टोपी लाल, कारनामे कालेः योगी

पायनियर संवाददाता < कानपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी की टोपी लाल, लेकिन कारनामे काले हैं। कानपुर के लिये साढ़े सात सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के अवसर पर राजकीय इंटर कालेज में आयोजित एक कार्यक्रम में योगी के निशाने पर कांग्रेस और सपा रहीं। उन्होने कहा कि सपा के कारनामों से हर कोई परिचित है। इतिहास के पन्नों को उलटेंगे तो काले कारनामों से इनका इतिहास भरा है वहीं यहां से चंद कदम की दूरी पर 'लाल ईमली' जो कभी कानपुर की पहचान हुआ करती थी, वह कांग्रेस के भ्रष्टाचार की प्रतीक बनी खड़ी है। अवैध कब्जे के कारण सजा काट रहे सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी का नाम लिये बगैर उन्होने कहा कि इनकी वजह से सीसामऊ की जनता को उपचुनाव का सामना करना पड़ रहा है। सपा के लोग इतिहास की पुनरावृत्ति कर रहे हैं। गुंडागर्दी, अराजकता, बेटी-व्यापारी की सुरक्षा पर खतरा पैदा करना इनकी पहचान थी। इनका दिखाने वाला और असली चेहरा अलग है। मुख्यमंत्री ने एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 5027 लाभार्थियों को 191 करोड़ का ऋण और 8087 युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किया और लोकसभा चुनाव में कानपुर से रमेश अवस्थी व अकबरपुर से देवेंद्र सिंह 'भोले' की जीत के लिए आभार जताया।

## ट्रायबल म्युजियम छत्तीसगढ़ के जनजातीय गौरव का प्रमुख केन्द्र होगा : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के समीप बन रहे 'शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय' का निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ के आदिवासी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित इस संग्रहालय का निर्माण 45 करोड़ रूपए की लागत से लगभग 10 एकड़ भूमि पर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के साथ आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम भी कार्य की प्रगति देखने पहुंचे। मुख्यमंत्री साय ने संग्रहालय में मूर्तियों, अन्य कलाकृतियों तथा विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने मूर्तियों का निर्माण कर रहे शिल्पकारों से चर्चा कर उनकी कला के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ट्रायबल म्युजियम छत्तीसगढ़ के जनजातीय गौरव का एक प्रमुख केन्द्र बनेगा। छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के देश प्रेम की भावना, उनके शौर्य पराक्रम और बलिदानों पर केन्द्रित यह संग्रहालय छत्तीसगढ़ की गौरवशाली विरासत को सहेजने का अनुपम प्रयास है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को संग्रहालय के कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि संग्रहालय के माध्यम से हमारी युवा पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास को जानने का मौका मिलेगा। यह संग्रहालय आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को जानने मे रूचि रखने वाले लोगों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र होगा। यहां छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह सहित राज्य के सभी जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को और अधिक करीब से जानने का मौका मिलेगा।

### शीतल देवी पैरालंपिक तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस (वार्ता)।** भारतीय पैरा एथलीट शीतल देवी ने महिला व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी के क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 703 अंक हासिल कर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। स्पर्धा में वह 703 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इसी के साथ उन्होंने अपने पिछले 698 अंक के सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। तुर्की की क्यूरी गिर्डी ने 704 अंकों के साथ नया विश्व रिकॉर्ड बनाया और वह पहले स्थान पर रही। शीतल को अगले राउंड में बाई मिल गई है और अब वह शनिवार को क्वार्टर फाइनल मैच खेलेंगी।

## खेल अलंकरण के नाम पर झूठा श्रेय लेने की राजनीति : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



खेल अलंकरण समारोह को लेकर छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के दावे पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विष्णुदेव साय की वर्तमान सरकार जिन खिलाड़ियों का सम्मान किया गया है। ये सारे आयोजन पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय हुए, यहां तक कि पुरस्कृत खिलाड़ियों की यह सूची भी पूर्ववर्ती सरकार में ही तैयार हुई थी। विगत 08 महीने की साय सरकार में किसी भी खेल का एक भी आयोजन नहीं हुआ है और न ही नया कोई काम साय सरकार में शुरू कर पाए हैं बल्कि उल्टे खेल एवं युवा कल्याण के बजट में कटौती कर दी गई है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय 2 साल तक कोरोना काल था, जिसके तहत किसी भी तरह के अवार्ड सेरेमनी पर प्रतिबंध लगा था। कोरोना काल के बाद से हर बड़े प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित करने लगातार समारोह आयोजित होते रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा गुजरात में आयोजित 36 में राष्ट्रीय खेल में राज्य का गौरव बढ़ाने वाले पदकवीर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और टीम प्रबंधकों का सम्मान 23 जून 2023 को किया गया था जिसमें 16 लाख़ 35 हजार के पुरस्कार के साथ ही कई तरह की सुविधाओं की घोषणा भी की गई थी।

### मनेंद्रगढ़ वनमण्डल में शुरू हुआ 'महुआ बचाओ अभियान'

## राज्य में पहली बार वृहद स्तर पर शुरू हुआ महुआ पेड़ों का संरक्षण






पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में आदिवासी अंचल के लिए महुआ का पेड़ विशेष महत्व है। महुआ के मौसम में गाँव की गलियाँ खाली होती है। सभी ग्रामीण महुआ के फूल बीनने में व्यस्त रहते हैं। महुआ का पेड़ प्रकृति का बहुमूल्य उपहार है। भारत में इसे कल्पवृक्ष के नाम से भी जाना जाता है। यह पेड़ आदिवासियों के लिए आर्थिक, धार्मिक और सामाजिक रूप से महत्व रखता है। महुआ का पेड़ भारत के उत्तर, दक्षिण और मध्य के 13 राज्यों में पाया जाता है। महुआ के फूल, फल, बीज, छाल और पत्ती सभी उपयोगी हैं। यह आदिवासियों की आय का एक प्रमुख स्त्रोत है। पिछले कुछ समय से महुआ के उत्पादन में गिरावट आयी है और महुआ के नए पेड़ नहीं उग रहे हैं। जिस कारण महुआ पेड़ों की संख्या घट रही है। महुआ पेड़ो की घटती संख्या चिंता का विषय है। सबसे बड़ी समस्या इनके पुनरुत्पादन की है। जंगल में तो महुआ पर्याप्त है पर आदिवासियो के द्वारा अधिकतर महुआ का संग्रहण गांव की ख़ाली पड़ी ज़मीन और खेत की मेड़ो पर लगे महुआ से होती है। अगर आप बस्तर और सरगुज़ा के किसी गाँव में जाएं तो उनके खेतों के पार और ख़ाली ज़मीन में सिर्फ़ बड़े महुआ के पेड़ ही बचे दिखते हैं। छोटे और मध्यम आयु के पेड़ों की संख्या लगभग नगण्य होती है। ग्रामीणों के द्वारा महुआ संग्रहण से पहले ज़मीन साफ़ करने हेतु आग लगाई जाती है इस कारण महुआ के पौधे जीवित नहीं रह पाते। ग्रामीण महुआ के सभी बीज संग्रहीत कर लेते हैं। महुआ पेड़ की औसत आयु 60 वर्ष है। अगर जंगल के बाहर इनके पुनरुत्पादन पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये जल्द ही ख़त्म हो जाएँगे। इन्हीं चिंताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य में पहली बार बड़े स्तर पर महुआ बचाओ अभियान की शुरुआत की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किये गए विशेष अभियान एक पेड़ मां के नाम ने राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा दी है। यह अभियान छत्तीसगढ़ राज्य में एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इसी क्रम में वन मंडल मनेन्द्रगढ़ में वृहद स्तर पर महुआ बचाओ अभियान की शुरुआत की है। राज्य में पहली बार बड़े स्तर पर महुआ पेड़ों की संख्या को बढ़ाने एवं संरक्षण की कवायद शुरू की गई है।

## 32 करोड़ की लागत से कुनकुरी में बनेगा 220 बिस्तर अस्पताल भवन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर जशपुर जिला के कुनकुरी में प्रस्तावित 220 बिस्तर की क्षमता वाले अत्याधुनिक अस्पताल के भवन निर्माण के लिए राज्य सरकार ने निविदा जारी कर दिया है। इस अस्पताल के लिए राज्य सरकार ने 32 करोड़ 9 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है राज्य में विष्णुदेव साय सरकार ने अपने बजट में कुनकुरी में 220 बिस्तर की क्षमता वाली अत्याधुनिक अस्पताल निर्माण की घोषणा की थी। इस बजट में अस्ताल भवन निर्माण के लिए आवश्यक राशि की स्वीकृति मुख्यमंत्री साय ने दी है। आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले के लिए इस अस्पताल को मील का पत्थर माना जा रहा है। सरकार की मंशा आगे चल कर, इसे मेडिकल कालेज के रूप में विकसित करने की है। जानकारी के लिए बता दें कि बीते वर्ष दिसंबर माह में राज्य की बागडोर सम्हालने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर सहित पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा के विस्तार और इसमें गुणात्मक सुधार के लिए लगातार कार्य कर रहें हैं। उन्होनें शपथ ग्रहण करने के तत्काल बाद प्रदेश में एंबुलेंस सेवा में सुधार के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये थे। इस परिपालन में जरूरतमंद मरीजों या परिजनों से काल प्राप्त होने के आधा घंटे के अंदर मरीज को एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने को कहा गया था। केबिनेट की पहली बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी सरकारी चिकित्सालयों में मरीजों के लिए सस्ती जेनरीक दवाओं को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये थे। बीते 8 माह के कार्यकाल के दौरान जशपुर जिले में स्वास्थ्य सेवा के विस्तार के लिए तेजी से काम हो रहा है। कुनकुरी में 220 बिस्तर के अस्पताल के साथ ही मरीजों की सुविधा के लिए 25 अतिरिक्त एंबुलेंस और 1 शव वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

### भारत और दक्षिण अफ्रीका की नौसेनाओं ने परस्पर सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका की नौसेनाओं ने परस्पर सहयोग बढाने तथा संचालन तालमेल को मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि 27 और 28 अगस्त को यहां हुई 12वीं भारत-दक्षिण अफ्रीका नौसेना स्टाफ वार्ता से दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच सहयोग और मजबूत हुआ। सहायक नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल निर्भय बापना और दक्षिण अफ्रीकी नौसेना में समुद्री रणनीति के मुख्य निदेशक रियर एडमिरल डेविड मनिंगी मखोंटो की सह-अध्यक्षता में हुई वार्ता में नौसेना संबंधों और परिचालन तालमेल को मजबूत करने के लिए आपसी प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। दोनों नौसेनाओं के बीच भविष्य में सहयोग के लिए आधार तैयार करने में इस वर्ष की वार्ता में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें तत्परता और दक्षता में सुधार के लिए परिचालन प्रशिक्षण और प्लेटफार्मों के बीच सुरक्षित सूचना विनिमय प्रोटोकॉल शामिल है।

# रेवंत रेड्डी के खिलाफ 'कैश फॉर वोट' मुकदमा राज्य से बाहर स्थानांतरित करने की गुहार नामंजूर

**विशेष अभियोजक नियुक्त करेगा सुप्रीम कोर्ट**

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना में 2015 के कथित 'कैश फॉर वोट' घोटाला मामले की जांच राज्य से बाहर स्थानांतरित करने की गुहार ठुकराते हुए कहा कि वह इस मुकदमे में एक विशेष अभियोजक नियुक्त करेगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी इस मामले में आरोपियों में शामिल हैं।



न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत विशेष अभियोजक के नाम के लिए तेलंगाना के सहयोगी न्यायाधीशों के साथ परामर्श करेगी। पीठ के समक्ष भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक गुंटाकंडला जगदीश रेड्डी और तीन अन्य ने मुकदमे को राज्य से बाहर स्थानांतरित करने की गुहार लगाई थी। इन याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता सी आर्यमा सुंदरम ने मुकदमे को स्थानांतरित करने की मांग करते हुए कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री इस मामले पर सार्वजनिक रूप से बयान दे रहे हैं। उन्होंने दलील देते हुए मुख्यमंत्री पर पुलिसकर्मियों की पिटाई करने संबंधी सार्वजनिक बयान देने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि मामले की जांच करने वाला भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यमंत्री के नियंत्रण में आता है, क्योंकि उनके पास गृह मंत्रालय का प्रभार भी है। रेड्डी की ओर से पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने मुकदमे को राज्य से बाहर स्थानांतरित करने की याचिका का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के कारण मामले में सुनवाई रोक दी गई थी। मुकदमे को भोपाल स्थानांतरित करने की मांग करने वाली याचिका में स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनवाई का मुद्दा उठाते हुए कहा गया है कि रेवंत रेड्डी अब तेलंगाना के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री बन गए हैं।

इसके बाद पीठ ने महसूस किया कि केवल आशंका के आधार पर सुनवाई स्थानांतरित करने की याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, यदि हम ऐसी याचिकाओं पर विचार करते हैं, तो हम अपने न्यायिक अधिकारियों पर विश्वास नहीं करेंगे। आखिरकार, हमें उनकी रक्षा करनी है।

याचिकाकर्ताओं की दलील पेश कर रहे सुंदरम ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री स्वयं गृह मंत्री हैं। उन्होंने कहा, प्राकृतिक न्याय का नियम है कि किसी भी व्यक्ति को अपने मामले में न्यायाधीश नहीं होना चाहिए। इसके बाद पीठ ने कहा कि वह विश्वास जगाने के लिए एक स्वतंत्र सरकारी वकील नियुक्त करने का आदेश पारित करेगी। तेलुगू देशम पार्टी के तत्कालीन नेता रेवंत रेड्डी को विधान परिषद चुनावों में पार्टी उम्मीदवार वेम नरेंद्र रेड्डी का समर्थन करने के लिए मनोनीत विधायक एल्विस स्टीफेंसन को 50 लाख रुपये की रिश्वत देते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 31 मई 2015 को गिरफ्तार किया था। एसीबी ने रेड्डी के अलावा कुछ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया, जिन्हें बाद में जमानत दे दी गई थी।

# शिवराज ने की 'मातृ वन' की शुरुआत




वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय राजधानी में एक एकड़ मातृ वन की शुरुआत करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधा रोपण किया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने यहां बताया कि' एक पेड़ मां के नाम' अभियान में देशभर की 800 से अधिक संस्थओं में भाग लिया और चार हजार तक पौधे रोपे गये। चौहान और मंत्रालय के अधिकारियों ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के पूसा परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, सचिव डेयर एवं महानिदेशक आईसीएआर डॉ. हिमांशु पाठक, कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय के लगभग दो सौ अधिकारी और कर्मचारी तथा स्कूली छात्र भी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देशभर में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सभी अधीनस्थ कार्यालय, आईसीएआर संस्थान, सीएयू, केवीके और एसएयू भी अपने-अपने स्थानों पर इसी तरह का वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वैश्विक अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम'का शुभारंभ किया था। वैश्विक अभियान के हिस्से के रूप में, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सितंबर 2024 तक देशभर में 80 करोड़ पौधे और मार्च 2025 तक 140 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

# चिंता और चिंतन जरूरी, पर निराश और भयभीत क्यों : प्रो. चावला

एजेंसी ◄ अमृतसर
www.dailypioneer.com



पंजाब की पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो लक्ष्मीकांता चावला ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कोलकता में डाक्टर महिला के यौन शोषण और उसकी हत्या तथा देश में अन्य हजारों बेटियों के साथ अपराध से व्यथित होकर जो अपनी पीड़ा व्यक्त की है, वह महत्वपूर्ण है लेकिन उनसे आशा है कि वह ऐसा संदेश दें कि उनके रहते भारत की किसी भी बेटी को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं और निराश तो कभी होना ही नहीं चाहिए। प्रो. चावला ने कहा कि आज की स्थिति तो यह है कि लगभग 100 बेटियां किसी भी आयु की प्रतिदिन इसी उत्पीड़न और शोषण का शिकार होती हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से निवेदन किया कि वह चिंता भी करें, चिंतन भी करें। उनका चिंतन पूरे देश को रास्ता देगा, पर वह उनसे आशा रखती हैं कि वे यह संदेश दें कि उनके रहते भारत की किसी भी बेटी को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं और निराश तो होना ही नहीं चाहिए। जब देश विश्वास और आशा के साथ चलेगा तो भारत देश में महिला उत्पीड़न का जो काला अध्याय लिखा जा रहा है, उससे देश की बेटियां मुक्त होंगी। पूरा देश चाहता है कि इस अपराध, पाप से भारत को मुक्त किया जाए। पूर्व मंत्री ने कहा कि भारत की सभी महिलाओं को राष्ट्रपति जी यह संदेश अवश्य दें कि अपने घर के हर पुरुष से संकल्प और शपथ ली जाए कि वे ऐसा कोई काम नहीं करेंगे, जिससे महिलाओं की गरिमा को ठेस लगे। वैसे जिस देश में रेड लाइट एरिया अर्थात वेश्यालय चलते हैं, डांस बार में महिलाओं के हाथ से शराब लेकर नशे से झूमते हैं, फैशन मेलों में उनके अर्ध नग्न शरीरों का प्रदर्शन होता है वहां राष्ट्रपति जी को स्वयं संज्ञान लेकर ऐसे सभी काम बंद करवाने चाहिए जहां कामुकता बढ़ायी जाती है और महिलाओं को व्यक्ति नहीं, वस्तु समझा जाता है।

# शिवाजी महाराज की प्रतिमा को नुकसान की जांच के लिए संयुक्त समिति का गठन

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र में सिंधुदुर्ग के राजकोट किले में स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को असाधारण मौसम की स्थिति के कारण हुई दुर्भाग्यपूर्ण क्षति की जांच के लिए नौसेना के अधिकारी की अध्यक्षता में महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधियों और तकनीकी विशेषज्ञों की एक संयुक्त तकनीकी समिति का गठन किया जा रहा है। नौसेना के प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।



उन्होंने कहा कि इस प्रतिमा का अनावरण गत 04 दिसंबर को नौसेना दिवस समारोह के हिस्से के रूप में किया गया था। यह आयोजन पहली बार सिंधुदुर्ग के राजकोट किले में किया गया था। इसका उद्देश्य समुद्री रक्षा और सुरक्षा के प्रति मराठा नौसेना और छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत एवं आधुनिक भारतीय नौसेना के साथ इसके ऐतिहासिक संबंधों का सम्मान करना था। इस परियोजना की परिकल्पना और संचालन नौसेना ने राज्य सरकार के साथ मिलकर किया था। इसके लिए राज्य सरकार ने धन भी उपलब्ध कराया था।

नौसेना शिवाजी महाराज की प्रतिमा की मरम्मत, पुनरुद्धार और यथाशीघ्र उसकी पुनःस्थापना के लिए सभी उपायों में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# हमारी सरकार के समय ब्यूरोक्रेसी को लेकर लगाये भाजपा के आरोप साबित हुए गलत : गहलोत

वार्ता ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय ब्यूरोक्रेसी को लेकर लगाये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आरोप गलत साबित हो गए हैं। गहलोत ने गुरुवार को अपने बयान में कहा कि हमारी सरकार के दौरान भाजपा ने प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी पर तमाम आरोप लगाए थे। हमारी सरकार द्वारा विभिन्न पदों पर आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आरएएस, आरपीएस की नियुक्तियों पर भाजपा के साथी अनर्गल टिप्पणियां करते थे। उन्होंने कहा कि आज सरकार के करीब आठ महीने हो जाने के बाद भी सरकार चलाने वाले प्रमुख पदों पर हमारी सरकार के समय लगाए गए अधिकारी ही काबिज हैं। यह दिखाता है कि हमारी सरकार द्वारा की गई नियुक्तियां पूरी तरह उचित थी एवं भाजपा के आरोप पूरी तरह गलत साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि तबादला सूची के इंतजार में अब अधिकारियों के बीच भी असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है जिसके कारण जनता के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि निकट भविष्य में कोई तबादला सूची नहीं आएगी जिससे अधिकारी अनिश्चिचतता की स्थिति को छोड़कर काम कर सकें।

# मंडाविया और खडसे ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की। मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित समारोह में मंडाविया और खडसे ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और 'एक पेड़ माँ के नाम' मुहिम के तहत वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अधिकारियों के साथ रस्साकशी और एक मैत्री फुटबॉल मैच भी खेला।



# चोरी नकबजनी के पांच आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के करीब एक दर्जन स्थानों पर हुयी चोरी नकबजनी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामले में संलिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों से नगदी सहित लगभग 45 लाख रुपए कीमत का चोरी का सामान बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों ने थाना रातीबढ सहित टीटीनगर, कमलानगर, बागसेबनिया, कटारा, पिपलानी एवं रायसेन जिले के मंडीदीप सहित लगभग एक दर्जन स्थानों पर चोरी नकबजनी की वारदात को अंजाम दिया था। इसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मामले जांच शुरू की। जांच के बाद दो आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया, जिनसे घटना के संबंध में सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि पांच दोस्तों ने मिलकर शहर में अलग- अलग थाना क्षेत्रों में करीब एक दर्जन चोरी नकबजनी की घटना को अंजाम देना बताया। आरोपियों से सोने चांदी के आभूषण, कार, स्कूटी, मोटर साइकिल, एलईडी टीव्ही. सहित अन्य संपत्ती तथा घटना में प्रयुक्त वाहन एवं औजार किये जप्त कुल संपत्ति कीमत करीबन 45 लाख रुपये जब्त किया।

# हथियार, गोलाबारूद और हवाला के पैसे सहित एक तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी ◄ तरनतारन
www.dailypioneer.com

पंजाब की तरनतारन पुलिस ने केंद्रीय एजेंसी के साथ संयुक्त अभियान में भारी मात्रा में हथियारों, गोलाबारूद और हवाला के पैसे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरप्रीत सिंह के तौर पर हुई है, और उसके पाकिस्तान स्थित तस्कर से संबंध हैं।




उन्होंने बताया कि हरप्रीत सिंह से चार ग्लॉक-19 पिस्तौल (जिनमें से एक पर 'मेड फॉर नाटो आर्मी' लिखा हुआ है), चार मैगजीन, सात राउंड और 4.8 लाख रूपये हवाला की रकम जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के सभी तरह के संबंधों की जांच की जा रही है।

# सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी संकल्प पत्र बनाएगी भाजपा : बाबूलाल मरांडी

वार्ता ◄ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रदेश भाजपा जनाकांक्षाओं के अनुरूप सर्व स्पर्शी,सर्व समावेशी संकल्पपत्र बनाएगी। मरांडी प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। पार्टी अपने संकल्पों को सिद्धि तक ले जाने की दिशा में सार्थक पहल और प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी पार्टी जो वादा करेगी उसे पूरी तरह जमीन पर उतारेगी। हम ठगबंधन की तरह जनता के सामने झूठे वादे नही करते। मरांडी ने कहा कि पार्टी की घोषणा पत्र समिति विधायक अनंत ओझा के संयोजकत्व में इस कार्य को कर रही है।



उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में प्रत्येक जिलों में घोषणा पत्र निर्माण समिति की ओर से प्रांत स्तरीय तीन तीन नेताओं का प्रवास होगा जो समाज के अलग अलग समूह,वर्ग से संवाद स्थापित कर सुझाव संग्रह करेंगे। कहा कि सभी मंडलों में घोषणा पत्र सुझाव पेटी में पत्रक के माध्यम से लिखित सुझाव भी लिए जायेंगे। उन्होंने कहा कि समिति के कार्यकर्ता अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, किसान, महिला, युवा, खिलाड़ी, व्यापारी, व्यावसायिक संगठन, उद्योग समूह, हॉस्टल में निवास करने वाले छात्र, निजी शिक्षण संस्थान, लोक कलाकार, कर्मचारी संगठन, सेवा निवृत कर्मचारी संगठन, दिव्यांग जन, संगठित, असंगठित मजदूर संगठन, स्वयंसेवी संस्थाओं, पंचायती राज प्रतिनिधि, फुटपाथ विक्रेता, ऑनलाइन ट्रेडिंग वर्कर्स, ग्राम प्रधान, मुंडा, मानकी, पाहन, बैगा, आंगनबाड़ी, सेविका, सहायिका, रसोइया, सभी क्षेत्र, वर्ग से सुझाव लिए जायेंगे। मरांडी ने कहा कि भाजपा जीवाईएएन (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) इन चार अमृत स्तंभों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने केलिए विभिन जिलों में कार्यक्रम भी आयोजित करेगी। इस अवसर पर घोषणा पत्र समिति के संयोजक विधायक अनंत ओझा ने भाजपा का संकल्प पत्र विश्वास पत्र के रूप में जनता के बीच राज्य की प्रगति और विकास केलिए विश्वास पैदा करेगा। हताश निराश जनता को विकसित झारखंड बनाने केलिए आगे आने की प्रेरणा देगा। प्रेसवार्ता में वाट्सअप नंबर भी जारी किए गए जिसपर हर वर्ग समाज के लोग अपनी राय दे सकते हैं। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रतुल शाह देव, विजय चौरसिया, विवेक विकास भी उपस्थित थे।

# रिलायंस ने 1.7 लाख नई नौकरियां दीं समूह में कुल 6.5 लाख कर्मचारी

एजेंसी ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com

रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कंपनी में नौकरियों में कटौती की खबरों को भ्रामक बताते हुए खारिज किया और कहा कि कंपनी ने रिलायंस ने वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तव में लाखों की संख्या में नयी नौकरियां दी हैं जिनमें नियुक्ति के नए मॉडल चुनने वाले कर्मचारी भी हैं। अंबानी ने रिलायंस की 47वीं वार्षिक महासभा (एजीएम) में शेयरधारकों को बताया कि रिलायंस ने कुल 1.7 लाख नई नौकरियां दी हैं और समूह में कर्मचारियों की कुल संख्या बढ़कर अब 6.5 लाख से अधिक हो गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुनिया भर में आज कर्मचारी नौकरियों के मॉडल अपना रहे हैं और रिलांस समूह में इस तरह का बदलाव हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में कर्मचारियों की संख्या में कमी दिखाई दी थी। इस कमी पर अंबानी ने कहा, कर्मचारियों की संख्या में गिरावट की वजह कर्मचारियों द्वारा नौकरी के एक अलग मॉडल चुनाव था न कि उनका निकाला जाना। अंबानी ने कहा, रोजगार सृजन की प्रकृति वैश्विक स्तर पर बदल रही है, जिसका मुख्य कारण तकनीकी हस्तक्षेप और लचीले व्यापार मॉडल हैं। इसलिए, सिर्फ़पारंपरिक प्रत्यक्ष रोज़गार मॉडल के बजाय, रिलायंस नए प्रोत्साहन-आधारित जुड़ाव मॉडल को अपना रहा है। इससे कर्मचारियों को बेहतर कमाई करने में मदद मिलती है और उनमें उद्यम की भावना पैदा होती है। यही कारण है कि प्रत्यक्ष रोज़गार संख्या वार्षिक आंकड़ों में थोड़ी गिरावट दिखी है, हालाँकि रिलायंस द्वारा सृजित कुल रोज़गार में वृद्धि हुई है। उन्होंने भारत के युवाओं के लिए रोजगार सृजन को सर्वोच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता का दर्जा दिया। उन्होंने बताया कि कई एजेंसियों द्वारा रिलायंस को भारत के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता के रूप में स्थान दिया गया है। रिलायंस भारत में सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है।



## कार और लॉरी की टक्कर में चार लोगों की मौत, चार घायल

**महबूबनगर।** तेलंगाना में महबूबनगर-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को एक कार की सड़क किनारे खड़ी लॉरी में टक्क र लगने से चार लोगों की मौत हो गयी और अन्य चार घायल हो गये। जिसमें से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि यह घटना जेले के बूथपुर मंडल् के ताताकोंडा में हुई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब कार में सवार यात्री तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा करने के बाद हैदराबाद लौट रहे थे। घायलों को इलाज के लिए यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि तीन लोगों की दुर्घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान उरुसुला वेंकट रामा राव (43), उरुसुला केम्पू राव (75), अवुला अशोक यादव (48) और वेंकटरमण (43) के रूप में की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला फूंका

## भाजपा के शासन में तानाशाही और गुंडाराज हावी : कांग्रेस





पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी ने बताया कि भिलाई, जिला-दुर्ग में पुलिस प्रशासन के द्वारा कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी/ कार्यकर्ताओं पर किये गये दमनात्मक कार्यवाही/लाठीचार्ज तथा 150 से अधिक कार्यकर्ताओं पर अपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाने के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज दिनांक 29 अगस्त दिन-गुरुवार को शाम 04.00 बजे पुराना बस स्टैंड-कांकेर में प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री का पुतला दहन कर भिलाई के घटना का विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में तानाशाही और गुंडाराज हावी हो गया है यही कारण है कि 24 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफ़िले को बजरंग दल से जुड़े उग्र युवाओं की टोली ने सिरसा गेट भिलाई के चौराहे पर रोक कर पूर्व मुख्यमंत्री बघेल से अभद्र व्यवहार तथा उनके सुरक्षा कर्मियों के साथ झूमा-झटकी किया जो पूर्व मुख्यमंत्री के सुरक्षा में बड़ी चूक थी। भिलाई के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस घटना से आहत होकर 27 अगस्त को घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विधिवत धरना प्रदर्शन की सूचना प्रशासन को देकर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे थे तभी एकाएक भिलाई जिला दुर्ग पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं परबिना किसी सक्षम अधिकारी के विधिसम्मत आदेश के बेतहाशा लाठीचार्ज किया जिससे कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शारिरिक चोटें आई और पुलिस द्वारा अपनी गलतियों को छुपाने के लिए लगभग 150 से अधिक बेकसूर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर अपराधिक प्रकरण दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जा रही है, जिसका कांग्रेस विरोध करते हुए, दोषी पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों पर विधिवत कार्यवाही के साथ निर्दोष कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरुद्ध दर्ज मामले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, हेमन्त ध्रुव, याशीन करानी, सुनील गोस्वामी, मकबूल खान, मनोज जैन, सतीश दीपक, के डी मिश्रा, विजय यादव, मतीन खान, रोशन आरा, दीपक शोरी सुमित राय, अमन गायकवाड़,किशन यादव,सोमेश सोनी, सुरेश नाग,राजू दुबे, मुकेश तिवारी, अजय रेणु,कमलेश पदमाकर, इशहाक अहमद खान, अजय भासवानी, शेष गजबिये, सत्यार्थ करायत, राजेश ठाकुर, उदय बंटी शर्मा, गफ्फार मेमन,पवन कांगे, तौहीद खान, कौमुद व्यास, लतीफ मेमन, निरंजन लाटिया सूरज सोनकर, जुनाऊ राम गावड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही ।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हुए लाठी चार्ज और एफआईआर के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और ग्रह मंत्री का किया पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने भिलाई-दुर्ग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा सरकार के इशारे पर हुए लाठी चार्ज और जबरन एफआईआर के विरोध में जिला मुख्यालय बीजापुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया है। किया है। के तत्वाधान में भिलाई दुर्ग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा लाठी चार्ज किये जाने व एफआईआर किये जाने विरोध में जिला मुख्यालय बीजापुर के कॉंग्रेस भवन के सामने पुतला दहन के पश्चात बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री व प्रदेश के गृह मंत्री का विरोध स्वरूप पुतला दहन किया गया।पुतला दहन के पश्चात क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी ने मीडिया को बताया कि कुछ दिनों पूर्व में दुर्ग पुलिस द्वारा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के ऊपर जोकि शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे,उन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के ऊपर बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज किया गया,और पूर्व मुखन्त्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के काफिले को रोककर वँहा पर दुर्व्यवहार किया गया, पूर्व मुख्यमंत्री के साथ सुरक्षाकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया,कांग्रेसियों के खिलाफ जिस तरीके से एफआईआर दर्ज हुआ और उन्हें जेल भेजा गया,के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रदेश के ग्रह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन विरोध स्वरूप किया गया, विधायक विक्रम ने आगे कहा कि हम इस पुतला दहन कार्यक्रम के माध्यम से सरकार से मांग करते है कि बदले की भावना से कांग्रेसियों को जेल भेजना, उनके ऊपर एफआईआर दर्ज करना तत्काल बंद करे, अन्यथा आने वाले दिनों में कांग्रेसजन मिलकर सड़क की लड़ाई लड़ेंगे और उग्र रूप में अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम,जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य बसन्त राव ताटी,जनपद अध्यक्ष भैरमगढ़ दशरथ कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप, जिला पंचायत सदस्या सन्त कुमारी मण्डावी, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, पार्षद प्रवीण डोंगरे, वल्वा मैदनैया, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, सह प्रवक्ता सालिक नागवंशी, युवा कॉंग्रेस मनोज अवलम, जिला कॉंग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सुनील उद्दे, पुरुषोत्तम खत्री, सह प्रवक्ता प्रवीण उद्दे, पार्षद कविता यादव, पार्षद लक्ष्मण कड़ती,पार्षद अरुण वासम, युवा कांग्रेस एजाज खान, महिला कॉंग्रेस गीता कमल, संजना चौहान, सपना दुम्पा, सकीना बानो सहित भारी संख्या में कॉंग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एचडीएफसी बैंक व अंबुजा फाउंडेशन के द्वारा प्राशा महात्मा गांधी में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




एचडीएफसी बैंक और अंबुजा फाउंडेशन के माध्यम से एचआरडीपी परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत प्राथमिक शाला महात्मा गांधी वार्ड कोंडागांव में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व को बताना और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षक और अम्बुजा फाउंडेशन के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में शारीरिक स्वास्थ्य और अनुशासन के प्रति जागरूकता किया गया।

## तीन दिवसीय सांपों के साथ सुरक्षित रहवास, पहचान, बचाव और उपचार प्रशिक्षण कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि मध्य भारत में पाए जाने वाले जहरीले सांप, उनके जहर से बचाव और प्राथमिक उपचार सहित एंटी वेनम के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक कर वन्यजीव और मानव जीवन को बचाना हमारी प्राथमिकता है। इस दिशा में स्थानीय समुदाय को जागरूक करने के साथ ही पुजारी, गायता, सिरहा आदि पारम्परिक उपचारकर्ताओं तथा बस्तर के सामाजिक संरचना के स्थानीय नेतृत्वकर्ता मांझी, चालकी, नाईक-पाइक की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने सकारात्मक प्रयास की जाए। कलेक्टर विजय ने गुरुवार को वन विद्यालय जगदलपुर में आयोजित तीन दिवसीय सांपों के साथ सुरक्षित रहवास, पहचान, बचाव और उपचार प्रशिक्षण सह कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे।

कलेक्टर विजय ने इस कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों से इस मुद्दे को गंभीरतापूर्वक लेने और भविष्य में इस पहल को आगे बढ़ाने पर बल देते हुए कहा कि सांप की पहचान वाली कैटलॉग, ब्रोसर, फ्लेक्स तैयार कर स्कूलों और ग्राम पंचायतों में वितरित किया जाए। साथ ही 112 इमरजेंसी सर्विसेज सेवाओं के साथ जुड़ कर सांप रेस्क्यू करने वालों को शामिल किया जाए और लोगों को सही और वैज्ञानिक उपचार की जानकारी देकर जागरूक किया जाए। वहीं उपचार के लिए स्थानीय पारम्परिक उपचारकर्ताओं को विश्वास में लेकर उनका बेहतर सहयोग लिया जाए। जिला प्रशासन के सहयोग से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सांप की पहचान, सर्पदंश की रोकथाम और सही उपचार के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला 30 अगस्त तक चलेगी। इस कार्यशाला का उद्देश्य वन कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्थानीय समुदाय के लोगों को सर्पदंश की घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। इस कार्यशाला का संचालन करते हुए स्नेकबाईट हीलिंग एंड एजुकेशन सोसायटी की अध्यक्ष और संस्थापक प्रियंका कादम ने ग्रामीण और वन क्षेत्रों में सांप के काटने की रोकथाम के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि भारत में सांप के काटने से होने वाली मौतें अन्य सभी मानव-वन्यजीव संघर्षों से अधिक है।कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा, सही प्रोटोकॉल और सर्पदंश के मामलों को प्रभावी ढंग से रोकथाम करने की जानकारी दी गई। साथ ही सांपों की पारिस्थितिकी में उनकी भूमिका और जैव विविधता के संरक्षण के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य वनसंरक्षक बस्तर वन वृत्त आरसी दुग्गा, निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान चूड़ामणि सिंह तथा निदेशक वन विद्यालय दिव्या गौतम ने भी प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित किया।

## विधायक लता उसेंडी के प्रयासों से राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पुनः मिलेगा सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा के सरकार आते ही प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को राज्य खेल अलंकरण से नवाजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य खेल अलंक करण प्रक्रिया का प्रदेश शुरू होने से प्रदेश के खिलाड़ियों में खुशी की लहर दिख रही है। इससे प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ी उभर कर सामने आएंगे। प्रतिभावान खिलाड़ियों का प्रदेश के खेल जगत में प्रतिनिधित्व करने से खेलो के प्रति लोंगो में रुचि बढ़ेगी तो वंही देश प्रदेश में राज्य का नाम होगा। प्रदेश में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर प्रदेश में खेल दिवस के रूप मनाये जाएंगे। पिछली सरकार ने खेल अलंकरण समारोह सम्मान बंद कर दिया गया था। खेल जगत से जुड़े खिलाड़ी, 5 साल तक इसका इंतजार कर रहे हैं लेकिन उन्हें यह सम्मान नहीं मिल पा रहा था। प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद विधानसभा के पहले सत्र में कोंडागाँव विधायक लता उसेण्डी ने खेल अलंकरण पर सदन में प्रश्न रखा था, जिस पर सरकार ने संज्ञान लेते हुए इस वर्ष छत्तीसगढ़ में खेल दिवस पर खेल अलंकरण समारोह का आयोजन किये जा रहे हैं। पिछले 5 वर्षो तक राज्य अलंकरण पुरस्कार बंद रखने से लेकर खिलाड़ियों का कहना है कि खिलाड़ियों के सम्मान और खेलों को बढ़ावा देने के मामले में पूर्व सरकार ने खिलाड़ियों के साथ अन्याय किया और अलंकरण समारोह का भी आयोजन नहीं किया। वंही इस वर्ष खेल अलंकरण सम्मान के लिए 1329 तक खिलाड़ियों ने आवेदन किया है। जिनके मानक परीक्षण के बाद उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। राज्य में नई सरकार बनने के बाद मार्च महीने में वर्ष 2019-20 और वर्ष 2020-21 राज्य अलंकरण दिया गया है। अब वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 का राज्य खेल अलंकरण दिया जाएगा। अलंकरण के साथ राज्य में अब उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा भी शुरू हो गई है। इसके लिए बकायदा कमेटी की स्थापना की गई है। उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में अंकित हो जाने पर प्रदेश के खिलाड़ियों को नौकरी मिलने की भी संभावना बढ़ जाएगी। इससे युवाओं में नवाचार के साथ विकसीत छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने में भी मदद मिलेगी।

## छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने 6 अगस्त को अपने प्रथम चरण के आंदोलन के तहत कलेक्टर रायपुर के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में फेडरेशन ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को स्पष्ट किया, जो प्रदेश के कर्मचारियों के हित में उठाई गई हैं। फेडरेशन ने बताया कि, इन मांगों को लेकर कई बार शासन-प्रशासन से पत्राचार किया गया है, लेकिन अब तक निराकरण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिससे प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी वर्ग में आक्रोश व्याप्त है। फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ सरकार से मांग की है कि कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान 1 जनवरी से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए। इसके अलावा, जुलाई 2019 से बकाया महंगाई भत्तों के एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित किया जाए। फेडरेशन की दूसरी मांग यह है कि भाजपा के घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। तीसरी प्रमुख मांग है कि प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान गृह भाड़ा भत्ता दिया जाए। इसके साथ ही, मध्य प्रदेश की तर्ज पर अर्जित अवकाश नगदीकरण की सीमा 240 दिन से बढ़ाकर 300 दिन करने की मांग भी की गई है। ज्ञापन के माध्यम से फेडरेशन ने सरकार को यह संदेश दिया कि, इन मांगों के पूरा नहीं होने पर प्रदेश के कर्मचारी और अधिकारी और भी बड़े आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला कोंडागांव के प्रतिनिधियों ने सांसद महेश कश्यप और विधायक लता उसेंडी से मुलाकात की और उन्हें भी ज्ञापन सौंपा। इस मुलाकात के दौरान फेडरेशन के जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल ने शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से उत्पन्न होने वाली समस्याओं और शिक्षा की गुणवत्ता पर इसके बुरे प्रभाव पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए भी सरकार को आवश्यक कदम उठाने चाहिए। इस दौरान फेडरेशन के जिनमें संजय ठाकुर, निर्मल शार्दूल, बलराम यादव, शिवराज ठाकुर, हीरा नेताम, चमन वर्मा, चंदन सेठिया, अरुण दीवान, प्रभाकर सिंह, कृष्णा पवार, चंदूलाल देशमुख, तुलसी नेताम, विजय यादव, ओपी नेताम, हेमसिंह सोढ़ी और बलिहार कोलियरा शामिल थे। फेडरेशन के प्रवक्ता द्रुपद राज सेठिया ने इस जानकारी को साझा किया।

## खेल दिवस पर पंडरीपानी में कार्यक्रम का आयोजन

## युवा, बस्तर को खेल के माध्यम से अलग पहचान दिलवाएं : महेश कश्यप

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



मेजर ध्यानचंद के जयंती पर खेल दिवस के अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बस्तर के युवा, बस्तर को खेल के माध्यम से अलग पहचान दिलवाएं। सांसद कश्यप ने बस्तर के खिलाड़ियों द्वारा राजनांदगांव में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हाकी प्रतियोगिता में बालक-बालिका वर्ग में प्रथम स्थान हांसिल कर राष्ट्रीय स्तर में खेलने दिल्ली जा रहे खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिसने खेलना नहीं जाना, उसने जीना नहीं जाना! खेल गतिविधि में शामिल होने की एक उम्र की सीमा होती है इस समय-सीमा का खेलकूद की गतिविधियों में व्यापक उपयोग करें। खेल का विस्तार के कारण खिलाड़ियों को प्रर्याप्त अवसर प्राप्त हो रहे हैं। खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को बेहतर कर अपनी रूचि के खेल में अपना प्रदर्शन बेहतर करें। सरकार द्वारा खेलो इंडिया जैसे योजना के द्वारा खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध की जा रही है। साथ ही खेल के माध्यम से रोजगार का अवसर दे रहे हैं। उन्होंने कहा बस्तर सांसद बनने से पहले वे एक कब्बडी खिलाड़ी के रूप में पहचाना जाता था। बस्तर सांसद की मुख्य आतिथ्य में खेल दिवस पर पंडरीपानी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संभाग स्तरीय हाकी खिलाड़ियों का चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पद्धर्मपाल सैनी ने कहा कि खेलों में नियमित रूप से खिलाड़ी शामिल हो, खेल को ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए खिलाड़ियों को खेल के जज्बा को कायम रखते हुए मेहनत करने की जरूरत है। कम उम्र में खिलाड़ी के रूप में खेलते हुए स्कूल स्तर, विकासखण्ड स्तर, जिला स्तर, संभाग स्तर, राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए आवश्यक संसाधन के साथ-साथ खिलाड़ियों को अपनी मेहनत बरकरार रखनी होगी।

बस्तर के खिलाड़ियों में खेल प्रतिभा की असीम संभावना है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामाग्रियों का वितरण किया गया तथा संभाग स्तरीय हाकी खिलाड़ियों का चयन प्रतियोगिता के तहत मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडरीपानी के सरपंच, उप सरपंच, संयुक्त कलेक्टर प्रवीण वर्मा, खेल विभाग के अधिकारी, प्रशिक्षक और खिलाड़ी उपस्थित थे।

## नियद नेल्लानार योजना के तहत सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देकर करें सेचुरेशन

जगदलपुर। बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह के मार्गदर्शन में सभी संभागीय अधिकारियों का नियद नेल्लानार एवं विभागों में संचालित कार्यों और योजनाओं की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि नियद नेल्लानार योजना के तहत सभी बस्तर क्षेत्र के नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देकर सेचुरेशन की स्थिति में लाने की पहल की जाए, इस हेतु संबंधित सभी विभाग योजनाओं के क्रियान्वयन में आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में डिप्टी कमिश्नर ने संभागीय अधिकारियों को मुख्य सचिव के वीडियो कांफ्रेंसिंग से प्राप्त निर्देशानुसार स्वास्थ्य, वन विभाग,आदिवासी विकास, पशुधन विकास, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, खाद्य विभाग,लोक निर्माण विभाग के कार्यों में सतत प्रगति देने कहा गया। बैठक कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी।

## सेजेस बडेराजपुर में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बडेराजपुर में 29 अगस्त 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद की 119वीं जयंती पर खेल दिवस मनाया जाता गया। कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद जी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलित तथा माल्यार्पण के साथ कि गयी।प्राचार्य सी.एल.मरकाम एवं खेल शिक्षक पवन पात्र ने राष्ट्रीय खेल दिवस के बारे में बच्चों को बताया कि भारत में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। यह हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। आज के दिन ही देश के विभिन खेलों में महारत हाशिल करने वाले प्रतिभाशाली एथलीट्स को कई तरह के खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। इनमें राजीव गांधी खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार और द्रोणाचार्य पुरस्कार जैसे पुरस्कार शामिल हैं। राष्ट्रपति भवन में विशेष समारोह का आयोजन किया जाता है तथा खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि खेल का जीवन मे बहुत महत्व है क्योंकि खेल शारिरिक मजबूती के साथ साथ मानशिक रूप से भी मजबूती प्रदान करती है। सेजेस बडेराजपुर में भी राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बालक वर्ग, बालिका वर्ग कबड्डी का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने खूब उत्साह के साथ खेलते नजर आए।

# ई-वेस्ट मॉडल प्रदर्शनी में जिले के 73 विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किया 60 मॉडल

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी की पहल पर विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को ई-कचरा प्रबंधन पर कार्य करने की प्रेरणा जिले में दी जा रही है। इसके मद्देनजर आज स्थानीय प्राथमिक शाला क्रमांक 01 धमतरी में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के 73 विद्यार्थियों ने कुल 60 मॉडल प्रदर्शित किये। इनमें डॉ शोभाराम देवांगन शा उ मा वि धमतरी, शिव सिंह वर्मा शा आदर्श उमा वि धमतरी, नत्थूजी जगताप शा उ मा वि धमतरी, शा उ मा वि रांवा, सेजेस कंडेल, सेजेस बठेना, सेजेस गोकुलपुर, मॉडल इंग्लिश स्कूल धमतरी, विद्याकुंज मेमोरियल स्कूल हटकेशर, शा उ मा वि रूद्री, शा मा शाला कंडेल नवागांव, केन्द्रीय विद्यालय धमतरी और शा उ मा वि संबलपुर के विद्यार्थी शामिल हुए। इन मॉडलों का अवलोकन एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल औरडिप्टी कलेक्टर ल्पना ध्रुव द्वारा ने किया तथा बच्चों के मेहनत की सराहना की। साथ ही ई-कचरा प्रबंधन से और अच्छे विज्ञान मॉडल बनाने की प्रेरित किया। गौरतलब है कि जिले के सभी विद्यालयों में संचालित यूथ एवं इको क्लब के छात्रों को ई-कचरा प्रबंधन पर कार्यशील मॉडल एवं खिलौना निर्माण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता लाने की पहल की जा रही है। इसी कड़ी में इस माह ई-कचरा पर विशेष कार्य किया गया। यह यूथ एवं इको क्लब के माध्यम से किए जाने वाले कार्य हैं, इसलिए सभी ईको क्लब के छात्रों के साथ ई-कचरा प्रबंधन पर जागरूकता के साथ-साथ ई-कचरा का प्रयोग कर चारों विकासखण्डों में कार्यशील मॉडल एवं खिलौना निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विकासखण्ड स्तरीय प्रदर्शनी में धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी से विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इन आयोजनों में स्थानीय समुदाय एवं पालक समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। कलेक्टर के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले 20 बच्चों से कलेक्टर भेंट करेंगे। यह रू-ब-रू कार्यक्रम का हिस्सा होगा, जिसमें बच्चों का सीधा संवादन कलेक्टर से होगा।

# मंत्री टंक राम वर्मा के जनदर्शन में आमजनों की समस्याओं का हो रहा समाधान



पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार विधायक व राजश्व आपदा खेल मंत्री टंक राम वर्मा के रायपुर स्थित कार्यालय में जनदर्शन कार्यक्रम में समस्या लेकर छत्तीसगढ़ के कोने कोने से फरियादी पहुंच रहे जिनका शत प्रतिशत समाधान मंत्री टंक राम वर्मा के सार्थक पहल से लगातार होने की जानकारी मीडिया को मिल रहा है।इससे दूर दूर से पहुचने वाले फरियादियों के मन में राहत देखने को मिल रहा है।

## जय स्तंभ मे 30 अगस्त को आर्केस्ट्रा का आयोजन

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

श्री अखण्डरामनाम सप्ताह समारोह के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज शुक्रवार को शंकरवार्ड जयस्तंभ चौक मे रंगारंग सुमधुर संगीत का कार्यक्रम का आयोजन उमाशंकर ग्रुप बिलासपुर आर्केस्ट्रा का आयोजन रात्रि 8:30 बजे किया गया है। शंकरवार्ड के पूर्व पार्षद, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, धनंजय तिवारी ने बताया कि रामसप्ताह के सात दिनो के आयोजन के बाद लोगो के मंनोरजन के लिए संगीत का कार्यक्रम बीते 15 वर्षो से लगातार कराया जा रहा है उन्होने आम लोगो से अपील की है कि इस आयोजन मे उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद उठाये।

## राज्यपाल रमेन डेका आज महासमुंद व सिरपुर प्रवास पर

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका का 30 अगस्त को महासमुंद आगमन होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यपाल डेका 30 अगस्त को महासमुंद व सिरपुर प्रवास पर रहेंगे। वे सुबह 10.30 बजे रायपुर से रवाना होकर 11.30 बजे सर्किट हाउस महासमुंद पहुँचेंगे। दोपहर 12 बजे गवर्नर जिला पंचायत महासमुंद में अधिकारियों की बैठक लेंगे। दोपहर 1.30 बजे वे वापस सर्किट हाउस पहुँचेंगे। राज्यपाल लंच के पश्चात दोपहर 2.30 बजे पुरातत्व नगरी सिरपुर रवाना होंगे। जहाँ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर सिरपुर भ्रमण करेंगे। डेका शाम 4 बजे राजभवन रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## आबकारी टीम की नाकाबंदी में 15 लीटर महुआ शराब तथा 1 दोपहिया वाहन जब्त

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी है। इसी क्रम में आबकारी टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत शंकरपुर से इंदरपुर मुख्य मार्ग में नाकाबंदी कर बिना नम्बर प्लेट वाली दोपहिया हीरो सुपर स्प्लेंडर से परिवहन करते आरोपी लेकरू नंद, राजेश नंद साकिन शंकरपुर, थाना सांकरा के कब्जे से अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब-15 लीटर बाजार मूल्य 3000 रुपए एवं जप्त वाहन-01 बाजार मूल्य 45000 रुपए जप्त किया गया तथा धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत प्रकरण कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराए जाने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त सांकरा के प्रभारी अनिल कुमार झारिया, आबकारी उपनिरीक्षक के नेतृत्व में की गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी स्टॉफसांकरा एवं पिथौरा उपस्थित थे।

# कांग्रेसियो ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री का किया पुतला दहन

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



भिलाई जिला दुर्ग पर प्रशासन द्वारा किये गए दमनात्मक लाठीचार्ज व 150 से अधिक कांग्रेसजन पर दर्ज एफआईआर के विरोध में जिला कांग्रेस धमतरी ने शहर के गांधी मैदान में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी किया। जिसमे शरद लोहाना अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, विजय देवांगन महापौर नगर निगम धमतरी,मोहन लालवानी पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी, नीशू चंद्राकर उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी,आकाश गोलछा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस शहर, घनश्याम साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण, राजा देवांगन अध्यक्ष एनएसयूआई धमतरी, राजेश ठाकुर, दीपक सोनकर, केंद्र कुमार पेनदरिया, राजेश पांडे, अजय वर्मा, योगेश शर्मा, गजानंद रजक, तिलक सोनकर अंबिका सिन्हा, विक्रांत शर्मा, प्रवीण नामदेव, दुष्यंत घोरपडे, खिलेन्द्र साहू, आशुतोष खरे, राकेश मौर्या, संजू साहू, सूरज पासवान,पवन यादव, जय श्रीवास्तव, नोमेश सिन्हा, वतंजली गोस्वामी, रूद्रा साहूए विप्लव राव, तेज प्रताप साहू, सुदीप सिन्हा,स्वयं सोनकर ,वसीम खिलची, शेख सोहेल आदि उपस्थित रहे।

# लेडीज क्लब धमतरी में नंदोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम संपन्न

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



लेडीज क्लब धमतरी के तत्वावधान में 28 अगस्त को श्री खाटू श्याम मंदिर दरबार में लेडीस क्लब धार्मिक कार्यक्रम प्रभारी बबली राजोरिया, लीला शर्मा चंदा शर्मा के मार्गदर्शन में नंदोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ । सर्वप्रथम हारे के सहारे श्री श्याम खाटू नरेश मंदिर दरबार में दर्शन ,पूजन ,लड्डू गोपाल के झूला महोत्सव से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने श्रद्धा भक्ति में डूब कर एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति के रंग में डूब कर अधिकांश महिलाओं ने झूम झूम कर नृत्य किया जिससे सम्पूर्ण वातावरण मनमोहक और आकर्षक बन गया। महिलाओं ने हनुमान जी का भजन ,देवी भजन और श्री कृष्ण भजन तथा नंदोत्सव में आनंद मगन हो उठे । लेडीज क्लब की ओर से काजल गुप्ता,मधुलिका और एकता ने भजन के साथ.साथ बहुत ही सुंदर नृत्य व सर्वोदय स्कूल की डोमेश्वरी और झरना ने राधे कृष्ण की युगल नृत्य प्रस्तुति दी जिसकी उपस्थित दर्शकों ने मुक्त कंठ से सराहना की । नन्हे मुन्ने बच्चे राधा कृष्ण की वेशभूषा में अत्यंत आकर्षक लग रहे थे सभी भक्त वृंदो ने लड्डू गोपाल को झूला झूलाने का खूब आनंद व सौभाग्य प्राप्त किया । इस अवसर पर नंदोत्सव में लूट का कार्यक्रम, आरती पश्चात छप्पन भोग लगा प्रसादी वितरण किया गया। प्रस्तुति देने वाले सभी कलाकारों को तथा राधा कृष्ण की वेशभूषा में पधारे नन्हे मुन्ने बच्चों को लेडिस क्लब द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने के क्लब अध्यक्ष श्रद्धा कश्यप ने कार्यक्रम निर्देशक त्रय बबली राजोरिया, लीला शर्मा और चंदा शर्मा, सदस्या बहनों ,मन्दिर ट्रस्टी, उपस्थित भक्त जनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में उषा गुप्ता, कामिनी कौशिक, श्रद्धा कश्यप,काजल सिंहा, साधना साहू ,बलजीत आनंद, संतोष लखोटिया, मंजू महावर, आरती कौशिक, रेनू खनूजा, लीला शर्मा ,चंदा शर्मा ,बबली राजोरिया, माधवी शर्मा ,सरला खंडेलवाल,पूनम सिंह, देविका साहू ,शारदा साहू ,हरजीत अजमानी,बिना नायडू का सहयोग एवं उपस्थित सराहनीय रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित होकर कार्यक्रम की आनंदानुभूति की।

# पूर्व विधायक शकुंतला साहू शिव पुराण कथा श्रवण करने पहुंचे, साथ में बिलाईगढ़ विधायक भी रही मौजूद

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com



बिलाईगढ़ विकासखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत टुंडरी में छत्रसाल साहू (संयुक्त महासचिव छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी) के तत्वावधान में संगीतमय मुक्ति शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ब्रजनंदन महराज के मुखारविंद से कथा का श्रवण करने लोग आसपास गांव सहित दूर दूर से आ रहे हैं और शिव महापुराण कथा को बड़ी ही आस्था से सुन रहे हैं। इस शुभ अवसर पर शकुंतला साहू पूर्व विधायक कसडोल विधानसभा भी कथा श्रवण करने का पहुंचे रहे। सर्वप्रथम पूर्व विधायक शकुंतला साहू ने कथावाचक महराज का पुष्पमाला भेंटकर एवं चरण छूकर आशीर्वाद लिया तत्पश्चात् कथा का श्रवणपान किया।इस अवसर पर, कविता प्राण लहरे विधायक द्बिलाईगढ़, चन्द्रदेव रॉय पूर्व विधायक बिलाईगढ़, डॉ परमानन्द साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़, युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, हेमंत दुबे पूर्व विधायक प्रतिनिधि बिलाईगढ़, छत्रसाल साहू पूर्व जनपद सदस्य, सेवती कैवर्त पार्षद कसडोल, भागवत प्रसाद साहू उपसरपंच ग्राम टुंडरी, शंकर साहू, साधना साहू , अमित साहू, कमला साहू, गजेंद्र साहू, पिंकी साहू बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कमार हितग्रहियों क़ो शासन की योजनाओं का लाभ देने आयोजित किये जा रहे विशेष शिविर



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ देने प्रधानमंत्री जनमन योजना की शुरुआत की गई है। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति कमार को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने 23 सितंबर से विशेष अभियान जिले में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कमार बसाहटो में विभिन्न विभागों द्वारा शिविर आयोजित कर शासन की योजनाओं आधार कार्ड पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, राशन कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन, किसान ेडिट कार्ड, किसान सम्मन निधि, फसल ऋण, सुकन्या समृद्धि, मातृ वंदन, कुपोषण, आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल, जनधन खाता, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जन्म प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका, जाति प्रमाण पत्र, विश्वकर्मा योजना, श्रम कार्ड, ड्रॉप आउट बच्चों को प्रवेश और नल जल योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर आयोजन की कड़ी में कमार बसाहट मगरलोड विकासखण्ड के मुरूमडीह, धनोरा और नगरी विकासखण्ड के जामपानी तथा झूरानदी में विशेष शिविरो का आयोजन किया गया। इसमें में आयुष्मान कार्ड 09, जनधन खाता 08, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 09,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 10, जन्म प्रमाण पत्र 01, ऋण पुस्तिका 01, उज्जवला गैस कनेक्शन 01, किसान ेडिट कार्ड02, किसान सम्मान निधि 34, सुकन्या समृद्धि 01, विश्वकर्मा योजना 02, श्रम कार्ड 11 कमार हितग्राहियों क़ो लाभान्वित किया गया।

# पतेरापाली में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

राजीव नगर पतेरापाली में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वाधान में यादव समाज द्वारा जन्माष्टमी पर्व को बड़े उत्साहपूर्वक मनाया गया। श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम विशेष पूजा अर्चना के साथ आरंभ हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा। श्री कृष्ण भगवान से विश्व शांति और सब की समृद्धि की कामना की गई। कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, अध्यक्षता नरेंद्र कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, विशिष्ट अतिथि अमरनाथ झा, डॉ. वशिष्ट,राजेंद्र कुमार यादव थे। राजीव नगर पतेरापाली से संरक्षक रथराम यादव, अध्यक्ष नेपाल यादव, उपाध्यक्ष रेशम यादव, सचिव तरुण यादव, लोचन यादव, गिरधर यादव देवानंद यादव, बिहारी यादव, संजय यादव, जितेंद्र यादव, राजा यादव, बसंत यादव, अजय यादव,भगवानो यादव, जीतो यादव, पन्ना यादव, राधेश्याम यादव एवं पूरे नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नारायण यादव द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम पवन कुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के विशेष मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में प्रसाद वितरण और भंडारा का आयोजन हुआ जिसमें भारी संख्या में सामाजिक जन एवं मातृशक्ति उपस्थित थे।

## आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख रुपए की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

वीडियों काल कर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख रुपए की ठगी करने वाला अन्तर्राज्जीय आरोपी को पुलिस पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के द्वारा आपत्ति जनक वीडियो कॉल कर ठगी को अंजाम दिया जाता था। सायबर सेल एवं थाना बसना द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्यवाही में आरोपी पकड़ा गया है।पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी द्वारा चौकी भंवरपुर में मोबाइल धारकों मलकीत सिंह तथा उनके अन्य साथियों द्वारा वीडियो कॉल कर अश्लील वीडियो बनाकर वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर रूपयो के मांग करने तथा कुल 5 लाख 2 हजार 1 सौ रुपए की ठगी होने की प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 308(2) bns का कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान तकनीकी सहायता से मलकीत सिंह पिता भजन सिंह उम्र 27 वर्ष ग्राम आलम के थाना सदर जलालाबाद जिला फाजिल्का पंजाब से पूछताछ करने पर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया है, जिस पर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया। इधर जिला पुलिस महासमुंद ने आम लोगों से अपील किया है कि अज्ञात नम्बरों से विडियों कॉल आने पर सावधानी बरते, इस प्रकार की ठगी से बचे।किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर नजदीकी थाना एवं सायबर टोल फ्री नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए ।

## पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त वि.वि. व स्व. दौलत राम शर्मा महाविद्यालय में 31 अगस्त तक ले सकेंगें प्रवेश





पायनियर संवाददाता कसडोल
www.dailypioneer.com

पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र -स्व दौलत राम शर्मा शासकीय महाविद्यालय कसडोल में विभिन्न कोर्स- बीए बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी, डीसीए, पीजीडीसीए, बी लिब, एमएससी, एम ए - छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य एवं अन्य डिग्री डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं 31.08.2024 तक प्रवेश ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अवधेश कुमार साहू ( सहायक समन्वयक) एवं पवन कुमार साहू से मो. नं. 9827102915 में संपर्क कर सकते है या प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी कार्यालय में उपस्थित होकर लिया जा सकता है। उक्त जानकारी छात्रहित में अवधेश साहू द्वारा दिया गया ।

# पशुओं को मुख्य मार्ग से हटाने की जा रही है लगातार कार्रवाई

## पशुओं के मुख्य मार्ग में पाए जाने पर लगाई जा रही पेनाल्टी

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर आवारा पशुओं को सड़क से हटाने की कारवाई नगरीय निकायों और जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों द्वारा लगातार किया जा रहा है। पशुओं में रेडियम बेल्ट भी लगाए जा रहे हैं। पशु मालिकों को पहले समझाईश दी जा रही है, लेकिन समझाईश के पश्चात भी खुले में छोड़ने या मुख्य मार्ग पर विचरण करते पाए जाने पर पेनाल्टी भी लगाई जा रही है। बसना, सरायपाली, बागबाहरा, पिथौरा एवं महासमुंद नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर कार्रवाई संबंधित सीएमओ एवं सीईओ द्वारा की जा रही है। जानकारी के अनुसार नगरीय एवं जनपद क्षेत्र महासमुंद अंतर्गत 2200 रुपए, इसी तरह बसना में 3400 रुपए, बागबाहरा में 2200 रुपए, पिथौरा में 1400 रुपए एवं सरायपाली में 3150 रुपए का पेनाल्टी लगाया गया है। इस तरह कुल 12350 रुपए का पेनाल्टी काटा गया। ज्ञात है कि कलेक्टर ने सड़क पर बैठे आवारा पशुओं को हटाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने विगत दिनों समय सीमा की बैठक में भी उक्त निर्देश का कड़ाई से पालन करने कहा था। जिसका असर दिखाई दे रहा है, पशु मालिकों को भी समझाइश दी जा रही है और आवारा पशुओं को मुख्य सड़क से हटाया जा रहा है। साथ ही काँजी हॉउस में भी रखा जा रहा है। कलेक्टर ने विगत समय सीमा की बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़कों पर मवेशियों के जमवाड़ा को रोकने के लिए ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों को जिम्मेदारी दिए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले ग्राम पंचायतों के द्वारा नामजद ड्यूटी लगाकर पेट्रोलिंग करने भी कहा गया था।

# मोक्ष में जाने के लिए जीवन में तीन भाव को लाना आवश्यक है : विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने आज के प्रवचन में फरमाया कि जीवन में न राग रहे ना द्वेष बस जीवन में तेरा शरण चाहिए। जब जीवन में तेरा शरण मिल जायेगा तो आत्मा में कोई कर्म शेष नहीं रह जाएगा। मेरे जीवन में भगवान तेरा एक अंश भी आ जाए तो आत्मा से परमात्मा बनने से कोई नहीं रोक सकता। बस हमे इतना ही प्रयास करना है की परमात्मा का एक अंश मिल जाए, हे परमात्मा आप समताधारी है, आप करुणा का दान करने वाले करुणा निधान है। आपने अपना पूरा जीवन दया और धर्म में व्यतीत कर दिया, अब मुझे भी ऐसा ही जीवन जीने का पुरुषार्थ करना है। जब जीवन का अंतिम क्षण आये, जब मौत निकट आये। उस समय मेरे आंख बंद रहे और मेरे होठों में बस आपका ही नाम रहे। तेरे ही आस के साथ ये सांस छूट जाए तो निश्चित ही मेरा इस संसार से छुटकारा हो जायेगा। हमें परमात्मा के सिद्धांतो के जानने समझने और जीवन में उतारने का प्रयास करना है। हम वो सुनना चाहते है जो हमे स्वीकार हो और हम उसे नही सुनना चाहते जो हमे स्वीकार न हो। किंतु जिनवाणी कहता है एक ही तत्व में सभी को स्थित होना चाहिए। प्रयास कभी भी छोटा या बड़ा नही होता। बल्कि प्रयास तब तक होना चाहिए जब तक सफलता न मिल जाए। इसी प्रकार जिनवाणी को थोड़ा थोड़ा अपने जीवन में तब तक उतारने का प्रयास करना है जब तक हमारी आत्मा भी परमात्मा न बन जाए।

पहला भाव -मैत्री भाव, दूसरा भाव - प्रमोद भाव, तीसरा भाव . करुणा भाव, संसार के सभी जीव अपने कर्मो के कारण ही पीड़ित या सुखी है। जिनके अच्छे कर्म का उदय है वो सुखी है और जिनके बुरे कर्म का उदय है वो दुखी है। इसलिए अपने बुरे कर्मो के उदय के समय भी हमे अच्छे कर्म करना चाहिए ताकि भविष्य में फिर बुरे कर्मो के उदय के कारण दुखो का सामना न करना पड़े। जिनवाणी के संबंध में हमेशा दिल से सोचना चाहिए दिमाग से नही। क्योंकि दिमाग से सोचने पर गलती हो सकती है लेकिन दिल से विचार करे तो कभी गलती नहीं होगी। हम मोह में फंसकर अपने कर्तव्य को भूल जाते है। मोह और लोभ की पूर्ति न होने पर हम कषाय करते है। कषाय दो शब्दो से बना है। कष अर्थात कसना और आय अर्थात आयु बढ़ना अर्थात जो हमारी संसार में भटकने की आयु बढ़ा दे वो कषाय है। हम इस आत्मा को मोह का रस जितना पिलाएंगे ये आत्मा संसार में उतना ही ज्यादा भ्रमण करेगा। ज्ञानी भगवंत कहते है परमात्मा की आत्मा को अनुकूल और प्रतिकूल दोनो परिस्तिथिया एक साथ मिलती है। लेकिन उनके हृदय में दोनो परिस्तिथियों के लिए हमेशा एक जैसे ही विचार आते है। इसलिए वो परमात्मा बन गए। लेकिन हमारा विचार परिस्तिथियो के अनुसार बदलते रहता है इसलिए हम आजतक संसार में भटक रहे है। मन में हमेशा अनुकूल कल्पना करते रहना चाहिए और साथ ही प्रतिकूल परिस्थिति आने पर तटस्थ रखने का प्रयास करना चाहिए।

एक जैसी दिखने वाली तीन मूर्ति का मूल्य एक हजारए दस हजार और एक लाख रुपया थी। मूर्ति एक जैसी लेकिन मूल्य अलग अलग। इस मूल्य के अंतर का कारण बताते हुए मूर्तिकार कहता है और पहली मूर्ति के कान में एक तार डालता है और वो तार थोड़ा अंदर जाकर मुड़ जाता है। दूसरी मूर्ति के कान के अंदर तार डालने पर वह तार दूसरे कान से निकल जाता है। फिर तीसरी मूर्ति के कान में तार डालने पर वह तार उस मूर्ति के हृदय में पहुंच जाता है। यह प्रत्यक्ष दिखाकर वह मूर्तिकार कहता है। मानो यह मूर्ति हमारी ही है। ज्ञानी भगवंत कहते है हमे विचार करना है की हमारा मूल्य किस मूर्ति के बराबर है। हम जिनवाणी को ध्यान से सुनते भी है या नही। या फिर एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देते है या फिर कान से सुनकर अपने हृदय में उतार लेते है। अगर हम पहली मूर्ति की स्थिति में है तो हमारा मूल्य सबसे कम है। अब हमे तीसरी मूर्ति की तरह अपने जीवन के मूल्य को बढ़ाने का कार्य करना है जिनवाणी को सुनकर अपने हृदय के उतारकर हम अपनी आत्मा का कल्याण कर सकते है। अगर मानव जीवन मिलने के बाद भी हम अपना शरीर ही संवारने में लगे रहे अपनी आत्मा का कभी ध्यान नहीं आया। तो याद रखना ये मानव जीवन बहुत ही दुर्लभ है। फिर कब मिलेगा या फिर मिलेगा भी या नहीं हमे इसका पता नही। हम इस अमूल्य रत्न रूपी मानव जीवन को कांच का टुकड़ा समझकर व्यर्थ कर रहे है और संसार में भव भ्रमण ही बढ़ा रहे हैं। जबकि हमे इस भव में संसार से मुक्त होने का प्रयास करना चाहिए।

## चंद्रा देवी ठाकुर का निधन



**रायपुर।** अमलीडीह, श्रीजीवृंदावन निवासी चंद्रा देवी ठाकुर ( उम्र 67 ) का आकस्मिक निधन 29 अगस्त को हो गया हैं। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में ले जाई गई। वे नामदेव ठाकुर की पत्नी एवं सुनील ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर की माता थी।

# जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

- आयुष्मान कार्ड के लिए डोर-टू-डोर विशेष अभियान चलाने कहा
- शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगजनों का सर्वे करने के दिए निर्देश
- साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने विभागवार समय-सीमा प्रकरणों की निराकरण के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों की बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई, नाली सफाई, राशनकार्ड, आवास आदि प्राथमिकता वाले प्रकरणों को गंभीरतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसी प्रकार स्वच्छ सर्वेक्षण अंतर्गत निकायों में सफाई, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, दिवाल लेखन, संकेतक बोर्ड, सौंदर्यीकरण, रेड स्पॉट, पब्लिक यूरीनल स्पॉट, व्यवसायिक एवं बाजार स्थलों की सफाई पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिये। साथ ही उल्लंघन करने वालों से जुर्माना राशि वसूली पर भी जोर देने कहा है। उन्होंने जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने नगरीय निकाय के अधिकारियों से स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के मानक मापदण्डों के अनुरूप तैयारियों की समीक्षा की। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हांकित घूमंतु पशुओं को हटाने के लिए कार्य करने को कहा। उन्होंने निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप सफाई पर विशेष ध्यान रखने को कहा। साथ ही उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में नगरीय निकायवार प्रेजेंटेशन तैयार करने को कहा। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए कार्य करने को कहा। खनिज अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि ट्रांसपोर्ट की जा रही खनिज की गाड़ियों को ढका हुआ होना चाहिए, ताकि खनिज सड़कों पर न गिरे। उन्होंने सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगजनों का सर्वे करने के निर्देश दिए, ताकि शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग के प्रकरणों के निराकरण में गति लाए। भू-अर्जन के रिकार्ड दुरूस्तीकरण का कार्य महत्वपूर्ण है, इसे ध्यान देते हुए पूर्ण करें। शिक्षा विभाग को स्कूलों के जीर्णोद्धार व मरम्मत योग्य भवनों का सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा आधार कार्ड में मोबाईल नंबर अपडेट नहीं होने की समस्या का समाधान करने को कहा। डेंगू और मलेरिया के रोकथाम के लिए अभियान चलाकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम से मलेरिया रोधी कीटनाशक दवा का छिड़काव करने कहा। कलेक्टर ने नगरीय निकायों, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा। जमीन से जुड़े सभी अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, नक्शा बटांकन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागीय प्रकरणों के निराकरण में लेटलतीफी करने वाले अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकृत कर दायित्वों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता से करने को कहा। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समस्त तहसीलों को जाति प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों को अभियान चलाकर जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा।

बैठक में नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, नगर निगम रिसाली के आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त दशरथ राजपूत, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी एवं मुकेश रावटे, विरेन्द्र सिंह, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# फाईट द बाईट अभियान के तहत् निगम स्वास्थ्य विभाग ने चलाया शहर में जागरूकता अभियान

## डोर-टू-डोर पहुँचकर डेंगू सहित अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के बताये उपाय

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-3
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं जिला प्रशासन दुर्ग से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुसार नगर निगम भिलाई-चरौदा स्वास्थ्य विभाग की ओर से जन जागरूकता का प्रचार करने अपनी टीम के साथ लोगो से संवाद किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य बार-बार बदलते मौसम के कारण बढ़ रहे बीमारियों के खतरे को रोकना है। निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत से प्राप्त निर्देशानुसार निगम स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत् कर्मचारियों द्वारा सघन अभियान के तहत् नगर के सभी व्यापारियों, दुकानदारों से संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रयास करने अपील की जा रही हैं जैसे दुकान और घर के आसपास कहीं भी खुले में गीला या सूखा कचरा ना फेंकना। बहुत लंबे समय तक का रखा हुआ भोजन ना करना। पीने के पानी को उबालकर पीना साथ ही किसी भी रोग के लक्षण शरीर में दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त करना। इन सावधानियों से मौसमी संक्रामक बीमारियों से स्वयं को सुरक्षित रखा जा सकता है। वहीं इसके साथ ही आज निगम की टीम द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करते पाये गये दुकानदारों के विरूद्ध भी चालानी कार्यवाही करते हुये शमशाद चिकन दुकान, माही किराना स्टोर्स, बालाजी नास्ता सेंटर, हरिओम किराना स्टोर से 2300/- अर्थदण्ड वसूल किया गया एवं प्लास्टिक जप्ती की गई। आज की इस कार्यवाही के दौरान स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, सफाई दरोगा कौशल तिवारी, सुपरवाईजर पवन कुमार, सुपरवाईजर अरूण कुंजाम, कार्य सहायक ग्रेड-02 येवेन्द्र वर्मा एवं चन्द्रिका प्रसाद साहू उपस्थित रहे।

# पटेल चौक एवं साइंस कॉलेज क्षेत्र सड़क किनारे निगम ने हटाया अतिक्रमण

- खुद हटा लें सड़कों से अवैध कब्जा नही तो जप्त होंगे ठेले एवं खोमचे

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने निगम प्रशासन द्वारा पटेल चौक क्षेत्र के आस पास से इंदिरा मार्केट तक सड़क किनारे काबिज अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान कब्जाधारियों को चेतावनी के साथ समझाईस दी गई। पटेल चौक क्षेत्र के आस पास सड़क घेरकर व सड़क किनारे लोग ठेले, खोमचे, सब्जी पसरा आदि दुकान लगाकर कारोबार कर रहे हैं। इसकी वजह से आवागमन में आम नागरिकों को दिक्कत हो रही है साथ ही साथ यातायात भी बाधित हो रहा है। साथ ही साथ रायपुर नाका मुख्यमार्ग साइंस कॉलेज के सामने फुटपाथ लगाकर कपड़ा बेचने वालों सहित आस-पास से ठेले खोमचे को हटाया गया।निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के मार्गदर्शन में अतिक्रमण तोड़ू दस्ता अमले ने उक्त मार्ग पर काबिज 15 से 20 अतिक्रणकारियों को हटाया और दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर सामान जब्ती कार्रवाही की चेतावनी दी गई। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा खुद हटा लें सड़कों से अवैध कब्जा नही तो जब्त होंगे ठेले एवं खोमचे।कार्रवाही के दौरान निगम तोड़ू दस्ता अमला मौजूद रहें। कार्रवाही के दौरान निगम अमला द्वारा के खोमचे ठेले सब्जी पसरा को स्वयं हटा लेने कहते नजर आए।पटेल चौक के पास रोड किनारे अवैध ठेला लगाकर व्यवसाय किए जा रहे उनको चेताया गया।अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने कहा कि निरन्तर होगी चौक चौराहों एवं सड़क किनारे अतिक्रमण कर व्यापार करने वालो जिसकी वजह से आवागमन में आम नागरिकों को दिक्कत हो रही है साथ ही साथ यातायात भी बाधित हो रहा है। दुबारा देखे जाने पर सामान जब्त की कार्रवाही किया जाएगा।

# सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत 01 सितम्बर से 30 सितम्बर तक पोषण माह का आयोजन

- कलेक्टर ने जिला/विकासखण्ड, ग्राम स्तर एवं प्रत्येक केन्द्र स्तर पर पोषण माह का आयोजन कराने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत 01 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी संबंध में आज कलेक्टर चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से अभियान के क्रियान्वयन की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी अजय शर्मा ने अवगत कराया कि इस योजना का संचालन 01 अगस्त 2022 से किया जा रहा है। पूर्व वर्षो में आयोजित पोषण माह/पोषण पखवाड़ों में विभिन्न सहयोगी विभागों एवं डेव्हलपमेंट संस्थाओं का सकिय एवं परिणाममूलक सहयोग प्राप्त होता रहा है। जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जनआंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर चौधरी ने पोषण माह के प्रभावी सुचारू एवं परिणाममूलक आयोजन तथा गतिविधियों के आयोजन में जनप्रतिनिधियों, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, सहयोगी विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की सकिय भागीदारी, महिला स्व-सहायता समूहों, महिला मण्डली, नेहरू युवा केन्द्रों, नेशनल कैडिट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि की सकिय भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सहयोगी विभागों के मैदानी अमले के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए जिला/विकासखण्ड, ग्राम स्तर एवं प्रत्येक केन्द्र स्तर पर पोषण माह का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करने कहा।

# घुमंतू पशुओं को सड़क से हटाने की जा रही कार्यवाई

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विभाग से प्राप्त निर्देश एवं जिला प्रशासन दुर्ग से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुरूप नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा द्वारा नियमित रूप से आवारा घुमंतू पशुओं को सड़क से हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में निगम कमिश्नर डी एस राजपूत के द्वारा आदेश जारी कर अधिकारियों - कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किये गये है। जिसके पश्चात निगम की टीम द्वारा दोनो ही पाली में सुबह और शाम सड़क पर विचरण करने वाले जानवरों को हटाने की कवायद की जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग सहित निगम क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण पहुंच मार्ग में आवारा पशुओं के झुंड लगाकर बैठने से हर समय किसी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार जानवरों के द्वारा सड़क पर दौड़ने के कारण भी दोपहिया और चार पहिया वाहनों का रोड पर दुर्घटना ग्रस्त होना देखा गया है। इन सभी परिस्थितियों को उत्पन्न न होने देने की मंशा के साथ निगम सफाई-स्वास्थ्य विभाग द्वारा घुमंतू पशुओं को सड़क से हटाया जा रहा है। इसके आलावा जो पशुपालक अपने जानवर खुले में छोड़ देते हैं उन पर भी नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

# सदस्यता अभियान 2024 का भाजपा उत्तर मंडल ने किया कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ पाटन
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी 1 सितंबर 2024 से अखिल भारतीय स्तर से बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सदस्य बनाने का सदस्यता महा अभियान प्रारम्भ करेगी। सदस्यता महाअभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल पाटन का कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यवक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविशंकर सिंग, जिला पंचायत दुर्ग सदस्य हर्षा चंद्राकर, उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर उपस्थित हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, महामंत्री द्वय कैलास यादव, उत्तरा सोनवानी की उपस्थिति मे आयोजित हुआ। कार्यशाला को मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रविशंकर सिंग ने जानकारी प्रदान किया कि भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यक्रम डिजिटल तरिके से होता है, सारा डिजिटल डाटा एक स्थान पर केंद्रित किया जाता है। यह सदस्यता अभियान पुरी तरह से डिजिटल होगा। इस सदस्यता अभियान में अपने ही पिछले रिकार्ड को तोड़कर और अधिक कार्यकर्ताओं को अपने मंडल पर सदस्य बनाना है। रविशंकर जी बताया कि सदस्यता अभियान सर्वसमावेशी, सर्वब्यापी होगा, जिसमें समाज के सभी वर्ग और सभी क्षेत्रों के व्यक्तियों को भारतीय जनता पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। युवाओं, महिलाओं, अनुसूचितजाति, जनजाति, डाक्टर, कलाकार, खिलाडी एवं सभी वर्गों तक पार्टी कार्यकर्ता पहुंचकर उन्हे पार्टी की सदस्यता अभियान से जोड़ेंगे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर कमिश्नर ने अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से प्राप्त निर्देश एवं जिला प्रशासन दुर्ग के मार्गदर्शन में भिलाई-चरौदा निगम में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सफाई और स्वच्छता से संबंधित बिंदुओं पर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश निगम कमिश्नर द्वारा दिया गया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा सयुंक्त रूप से स्वच्छता और सफाई की उत्कृष्टता के लिए स्वच्छ भारत अभियान को एक मिशन के तौर पर चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य प्रत्येक नगर व शहर में गुणवत्ता युक्त सफाई व्यवस्था के क्रम को स्थापित करना है। जिससे वातावरण में दूषित प्रभाव को नियंत्रित कर जलवायु प्रदुषण को निम्नतम स्तर पर लाया जा सके। ऐसे में खुले में कचरा फेंकने वालों और नाली में कचरा डालकर उसे जाम करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश बैठक में निगम कमिश्नर द्वारा प्रदान किये गये। साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथिन-प्लास्टिक का उपयोग करने वालो पर चालानी कार्यवाही करने के साथ "येलो स्पाट" और "रेड स्पाट" का चिन्हांकन कर उचित कार्यवाही करने स्वच्छता निरीक्षक को निर्देशित किया। इस दौरान सफाई में लगे कर्मचारियों को गमबूट-दस्ताने सहित अन्य सुरक्षात्मक उपकरण भी उपलब्ध कराने की बात कमिश्नर द्वारा कही गयी। इस बात पर भी जोर दिया गया कि स्वच्छता और सफाई पर जन जागरण और जन आंदोलन का माहौल तैयार करना आवश्यकता है जिससे स्व स्फूर्त लोगों में अपने आस पास के वातावरण में सफाई और स्वच्छता रखी जाए। बैठक के दौरान कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता किशलय साहू, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता वैभव त्यागी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेट कर विधायक रेणुका सिंह के हाथों सम्मानित किया गया






पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व वर्तमान विधायक रेणुका सिंह ने नागरिकों से कम से कम एक घंटे के लिए आउटडोर खेलों में भाग लेने के लिए कहा है. इसके साथ ही उन्होने नागरिकों से चार साल पहले राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया आंदोलन में भाग लेने का आग्रह किया. "हॉकी के जादूगर" व पद्मभूषण से सम्मानित मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर ज़िला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के स्वामी आत्मानंद स्कूल मनेन्द्रगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधानसभा की विधायक रेणुका सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा, हसदेव मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष लखनलाल श्रीवास्तव, परमानंद यादव ने प्रशिक्षकगण (कोच) एवं खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेट कर विधायक रेणुका सिंह के हाथो सम्मानित किया गया. इस मौके पर नगर पंचायत खोगापानी के अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर मेजर ध्यानचंद के जीवन और उनके योगदान को याद करने के लिए और उनके योगदान को श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है. इस दिन बच्चों और युवाओं के लिए खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं और उन्होंने मेजर ध्यानचंद के बारे में अवगत कराया जाता है.पूर्व जिलाध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव ने इस मौके पर अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में राष्ट्रीय खेल दिवस पर इंदिरा गांधी स्टेडियम में फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की थी. इस मूवमेंट का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है.

यह मूवमेंट लोगों को शारीरिक गतिविधि और खेल को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है. यह मूवमेंट लोगों को बीमारियों से बचने के लिए जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव करने में मदद करता है.

## मंकी पॉक्स को डब्ल्यूएचओ ने 14 अगस्त 2024 को पब्लिक हेल्थ एमरजेन्सी ऑफइंटरनेशनल कान्स घोषित किया

# मंकी पॉक्स (एम-पॉक्स) नामक बीमारी के बचाव व रोकथाम के लिए एडवायजरी जारी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मनोज दानी के मार्गदर्शन स्वास्थ्य अधिकारी सीबीएस बंजारे ने मंकी पॉक्स (एमपॉक्स) नामक बीमारी के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 20 अगस्त 2024 को मंकी पॉक्स (एमपॉक्स) नामक बीमारी के बचाव व रोकथाम हेतु एडवायजरी जारी की गई है। मंकी पॉक्स (एम पॉक्स) को विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा 14 अगस्त 2024 को पब्लिक हेल्थ एमरजेन्सी ऑफ इंटरनेशनल कान्स (पीएचईआईसी) को घोषित किया गया है। विभिन्न देशों में संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सर्वेलेंस, जांच एवमं उपचार हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं, जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में भी मंकी-पॉक्स प्रकरणों की सर्वेलेंस, त्वरित पहचान, जांच एवं उपचार हेतु दिशा-निर्देश जारी किये जा रहे है।

**मंकी-पॉक्स क्या है:** मंकी-पॉक्स एक जूनोटिक बीमारी है जो मुख्य रुप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के क्षेत्रों में होता है, परन्तु वर्तमान परिदृश्य में कुछ अन्य देशों में प्रकरण प्राप्त हो रहे है तथा भारत के केरल राज्य में मार्च 2024 में प्रकरण प्राप्त हुए है। मंकी-पॉक्स से संक्रमित व्यक्ति को सामान्यतः बुखार, चकत्ते एवं लिम्फनोड्स में सूजन पायी जाती है। मंकी-पॉक्स एक स्व-सीमित (सेल्फलिमिटेड) संक्रमण है, जिसके लक्षण सामान्यतः 2-4 सप्ताह में समाप्त हो जाते हैं। मंकी-पॉक्स संक्रमण के गंभीर प्रकरण सामान्यतः बच्चों में पाए जाते हैं। जटिलताओं एवं गंभीर प्रकरणों में मृत्यु दर 1-10ः प्रतिशत है। मंकी-पॉक्स संक्रमण होने एवं लक्षण उत्पन्न होने का इनक्यूबेशन पिरियेड सामान्यतः 6-13 का होता है, परन्तु यह 5 से 25 दिवस तक हो सकता है। मंकी-पॉक्स का संक्रमण त्वचा में चकत्ते आने के 1-2 दिवस पूर्व से लेकर सभी चकत्तों से पपड़ी के गिरने/समाप्त होने तक मरीज के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों में फैल सकता है। मंकी-पॉक्स वायरस का संक्रमण पशु से मनुष्य में एवं मनुष्य से मनुष्य में फैल सकता है। मनुष्य से मनुष्य में संक्रमण मुख्य रूप से लार्ज रेस्पिरेटरी सिस्टम के माध्यम से लम्बे समय तक संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क में रहने से होता है। वायरस का संक्रमण शरीर के तरल पदार्थ घाव के सीधे संपर्क में आने से अथवा अप्रत्यक्ष संपर्क जैसे दूषित कपड़ों, लिनेन इत्यादि के उपयोग से फैल सकता है। पशुओं से मनुष्यों में संक्रमण का प्रसार गांव के सीधी संपर्क में आने से हो सकता है। मंकी पॉक्स संभावित प्रकरणों के सर्वेलेंस हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए है। जिसके अनुसार मंकी पॉक्स के संभावित प्रकरणों का सर्विलांस कर त्वरित पहचान जांच एवं उपचार किए जाने हेतु प्रकरण को आइसोलेट कर संक्रमण का प्रसार रोका जाना, मरीज को उपचार दिया जाना, मरीज के संपर्क व्यक्तियों की पहचान किया जाना, स्वास्थ्य कार्यकर्ता को संक्रमण से बचाव हेतु आगाह किया जाना एवं संक्रमण के नियंत्रण एवं प्रसार को रोकने हेतु प्रभावी गतिविधियां किया जाना आवश्यक है।

# सीएमओ प्रीति गुप्ता ने संभाला पदभार, कहा नगर के प्रत्येक व्यक्ति को मिलेगा शासन की योजना का लाभ



**अम्लेश्वर।** नगर पालिका अम्लेश्वर में नई सीएमओ ने पदभार ग्रहण कर लिया है वहीं सीएमओ सतीश यादव का विदाई कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थिति जनप्रतिनिधियों एवं पालिका कर्मचारियों ने यादव का सम्मान किया और उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। बता दें कि नए पालिका होने के कारण वहां समस्या बहुत है। संसाधन के कमी के बाद भी पालिका को एक गति प्रदान करने का कार्य सीएमओ सतीश यादव ने किया। सीएमओ प्रीति गुप्ता ने बताया कि अम्लेश्वर एक नया नगर पालिका क्षेत्र है जनप्रतिनिधियों से मिलकर काम करेंगे नगर वासियों को केन्द्र और राज्य सरकार के योजना का लाभ मिले जिसके लिए प्रयास रत रहेंगे योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले जिसका पूरा ध्यान रहेगा।

## संपादकीय

### मोदी सरकार सुनिश्चित पेंशन

**मोदी सरकार** ने केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित पेंशन योजना शुरू की है, हालांकि इसके वित्तीय प्रभाव भी होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने हाल ही मे केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित पेंशन योजना की घोषणा की है। यह केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए बहुत खुशी की बात है क्योंकि वे वर्तमान 'बाजार-केन्द्रित' पेंशन योजना से संतुष्ट नहीं थे और इसे समाप्त करने की मांग कर रहे थे। एक महत्वपूर्ण नीतिगत परिवर्तन के रूप में भारत सरकार ने एक नई पेंशन योजना की घोषणा की है जिसमें केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को उनके मूल वेतन के 50 प्रतिशत पेंशन की गारंटी है। यह कदम वर्तमान राष्ट्रीय पेंशन योजना-एनपीएस से बदलाव है जो भुगतानों को बाजार से होने वाले मुनाफों से जोड़ती है। नई घोषित 'एकीकृत पेंशन योजना'-यूपीएस का क्रियान्वयन 1 अप्रैल, 2025 से होगा और इससे संघ सरकार के दो मिलियन से अधिक कर्मचारियों को लाभ होगा। यूपीएस की ओर बदलाव का कारण कर्मचारियों का एनपीएस से बढ़ता असंतोष है जिसे व्यापक राजकोषीय सुधार के रूप में 2004 में स्वीकार किया गया था। एनपीएस के अंतर्गत कर्मचारियों को अपने मूल वेतन का 10 प्रतिशत योगदान करना होता था और सरकार इसमें अपनी ओर से 14 प्रतिशत का योगदान करती थी। इसके बाद मिलने वाली वास्तविक पेंशन बाजार में इसके निवेश से मिलने वाले लाभ पर निर्भर करती थी जो मुख्यत: संघीय कर्ज में होता था। लेकिन कुछ राज्यों ने 'पेंशन गारंटी' की पुरानी योजना लागू करना शुरू किया था जिसका राजकोष पर भारी बोझ पड़ता था। इस कारण मोदी सरकार पर एनपीएस की समीक्षा का दबाव बढ़ रहा था।



यूपीएस लागू करने का निर्णय ट्रेड यूनियनों व विपक्षी दलों की मांगों के अनुरूप है जो लंबे समय से न्यूनतम पेंशन गारंटी की मांग कर रहे थे। इस मुद्दे को हालिया आम चुनाव में राजनीतिक बल मिला था क्योंकि एनपीएस योजना के अंतर्गत पेंशन गारंटी का अभाव विवादास्पद मुद्दा था। यूपीएस की गारंटी है कि सेवा के कम से कम 25 साल पूरे करने वाले कर्मचारी को मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा जिसकी गणना सेवानिवृत्ति के पहले अंतिम 12 महीने में प्राप्त वेतन के औसत पर होगी। यह सुनिश्चित भुगतान सेवानिवृत्त लोगों को सुरक्षा प्रदान करते हुए बाजार-केन्द्रित पेंशनों की अस्थिरता को भी संबोधित करेगा। हालांकि, यूपीएस कर्मचारियों को ज्यादा सुरक्षा प्रदान करती है, पर यह सरकार पर काफी वित्तीय बोझ भी डालती है। वित्त वर्ष 2024-25 में इससे राजकोष पर लगभग 62.5 बिलियन रुपये का बोझ पड़ेगा। हर साल सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की संख्या के आधार पर वार्षिक खर्च में उतार-चढ़ाव आता रहेगा। लेकिन यूपीएस में परिवर्तन कई सवाल खड़े करता है। पहला, योजना का वित्तीय टिकाऊपन सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। पेंशन की गारंटी वाली प्रकृति सरकारी वित्त पर कर राजस्व धीमा होने की स्थिति में खासकर दबाव डालेगी। इसके साथ ही यूपीएस के कारण केन्द्र व राज्य सरकार कर्मचारियों के बीच असंगति पैदा होगी। पेंशन योजना से मिलने वाले लाभ के कारण अन्य क्षेत्रों में भी ऐसी ही गारंटियों की मांग बढ़ने का खतरा भी है। इससे राजकोषीय चुनौतियां खासकर इसलिए बढ़ेंगी क्योंकि सामाजिक कल्याण पर खर्च पहले ही काफी अधिक है। भारत 2025 में यूपीएस लागू करने जा रहा है। ऐसे में यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क प्रबंधन एवं निरंतर मूल्यांकन जरूरी होगा कि योजना के लाभों तथा इसके राजकोषीय प्रभावों के बीच संतुलन बनाए रखा जाए।

# कमला हैरिस के लोकरंजक वादे

कमला हैरिस ने कार्पोरेट हितों पर आम नागरिकों को प्राथमिकता दी है। उनका यह संदेश और लोकरंजक वादे न केवल अमेरिका, बल्कि सारी दुनिया में आकर्षण का केन्द्र बने हैं।

शिवाजी सरकार
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)





अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार तथा वर्तमान उप-राष्ट्रपति सुश्री कमला हैरिस ने कार्पोरेट हितों पर आम नागरिकों को प्राथमिकता दी है। उनका यह संदेश न केवल अमेरिका, बल्कि सारी दुनिया में आकर्षण का केन्द्र बना है। यदि अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति उम्मीदवार कमला हैरिस चुनाव में सफलता के बाद अपने साहसी दृष्टिकोण का क्रियान्वयन करती हैं तो इससे मूल्य वृद्धि तथा कार्पोरेट के बेलगाम कामकाज पर नियंत्रण में सहायता मिलेगी। उनके इस दृष्टिकोण ने सारी दुनिया में हलचल मचा दी है। इससे 'आम नागरिक' को वैश्विक आर्थिक व राजनीतिक विमर्श में प्रमुखता मिली है। उनके इस दृष्टिकोण के कारण भारत समेत अनेक देशों को अपने वर्तमान आर्थिक माडलों पर पुन: विचार के लिए मजबूर होना पड़ा है।

उल्लेखनीय है कि आर्थिक उदारीकरण का युग शुरू होने के बाद कार्पोरेट की शक्तियों में असाधारण वृद्धि हुई है। ऐसा लगता है कि सुश्री कमला हैरिस के नेतृत्व में अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी दुनिया भर में अब तक चल रही कार्पोरेट प्रभुत्व की धारा उलटने का प्रयास कर रही है। वैसे भी दुनिया भर की जनता कार्पोरेट के हथकंडों से परेशान हो गई है जिसके चलते मूल्यवृद्धि बेलगाम होती जा रही है। कमला हैरिस का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि अब 'अमेरिकन जनता आसमान छूती कीमतें झेलने के लिए तैयार नहीं है।' उनके आक्रामक व लोकरंजक आर्थिक एजेंडे का लक्ष्य कार्पोरेट जगत की शक्तियों पर लगाम लगाना तथा आम लोगों के जीवन का खर्च घटाना है। इससे वैश्विक आर्थिक नीतियों के नए मानक स्थापित हो सकते हैं। इसका उदाहरण 74 वर्षीय एक भारतीय ब्लागर हैं जिन्होंने शानोशौकत और बेतहाशा खर्च वाली एक कार्पोरेट शादी का वर्णन करते हुए अपने विचार व्यक्त किए हैं। जुलाई में उन्होंने एक्स-टिवटर पर लिखा, 'अपने 74 वर्ष के जीवन में मैनें ऐसी सनक भरी व बेतहाशा खर्च वाली शादी न देखी और न इसके बारे में सुना जिसे चौबीसों घंटे और सातों दिन काम करने वाले टेलीवीजन ने प्रसारित किया।' ऐसी बेतहाशा खर्च वाली शादी के पीछे छिपी विकृत सोच उनके इस कथन से स्पष्ट होती है-'यह विकृति पैसा खर्च करने के तरीके में सामने आती है। बेतहाशा खर्च करने वाली यह शादी ऐसे समय हुई जब आम भारतीय आर्थिक रूप से इतना बदहाल पहले कभी नहीं था, जब असमानता और बेरोजगारी रिकार्ड ऊंचाइयों तक पहुंच गई हे, जब 67 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान सबसे गरीब 50 प्रतिशत लोगों द्वारा किया जाता है, जब देश में सबसे ऊपर के एक प्रतिशत लोगों का देश की संपदा के 40 प्रतिशत पर नियंत्रण है, जब 800 मिलियन लोगों को जीवित रहने के लिए मुफ्त और सस्ता अनाज देना पड़ता है।'

इस सप्ताहांत अमेरिका में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस का भाषण इस स्थिति से अलग नहीं था। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि बहुत से अमेरिकनों को अपने जीवन में किसी प्रगति का अनुभव नहीं हो रहा है। कीमतें अब भी बहुत ज्यादा हैं और ऐसे में आगे बढ़ना बहुत कठिन है।' कोई आश्चर्य नहीं कि रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप कमला हैरिस को 'बहुत अधिक उदारवादी' कहते हैं। यहभारत में हालिया जून में हुए लोकसभा चुनाव जैसी स्थिति है जब मटन, मुस्लिम, मंदिर और मुजरा जैसे शब्दों में महंगाई और बेरोजगारी गुम हो गए। भारतीयों की तरह अमेरिकनों को भी रोज भोजन, जीवन का न्यूनतम मानक तथा संगठित उत्पीड़न से मुक्ति चाहिए। भारतीयों को इस स्थिति की ज्यादा चिन्ता करनी चाहिए क्योंकि भले ही विश्व अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान चाहे जो हो, वह अमेरिका के कहीं नजदीक भी नहीं है। यदि अमेरिकन अर्थव्यवस्था की स्थिति अच्छी नहीं है तो भारतीय अर्थव्यवस्था को भी कोविड-19 के बाद ठीक नहीं कहा जा सकता है।

लेकिन भारत में अमेरिका की तुलना में कार्पोरेट की पकड़ ज्यादा मजबूत लगती है क्योंकि वहां बड़े कार्पोरेट घरानों के व्यापक विरोध के बावजूद मजबूत 'एंटी-ट्रस्ट' कानून हैं। भारतीय नीतियां बड़े कार्पोरेट के पक्ष में ज्यादा झुकी हैं, उनको टैक्सों में रियायत दी गई है तथा दूसरे लाभ प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय और शेयर बाजार नीतियों से भी उनको ज्यादा लाभ हो रहा है। अमेरिका की उप-राष्ट्रपति होने के बावजूद कमला हैरिस ने आम अमेरिकन जनता के साथ संवेदना प्रकट करते हुए कहा, 'भोजन, किराए, गैस, स्कूली ड्रेस, जरूरी दवाइयों आदि का खर्च बढ़ता जा रहा है। इसके कारण अनेक परिवारों के पास महीने के अंत में कुछ खास नहीं बचता है। राष्ट्रपति के रूप में मैं भारी खर्चों से निपटने का काम करूंगी जो अधिकांश अमेरिकनों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण समस्या है।' भारतीय मतदाताओं को भी अपने किसी नेता से ऐसे शब्द सुन कर खुशी होती। कमला हैरिस की ये बातें अमेरिकनों का जीवन सुधारने के एक दर्जन प्रस्तावों के बाद आई हैं। हालांकि, एक भारतीय राजनीतिक पार्टी के घोषणापत्र में 3 मिलियन नए मकान बनाने की घोषणा स्वागत योग्य है। शायद कमला हैरिस ने भारत के 'पीएम आवास' की तर्ज पर 25,000 डालर के भुगतान पर पहली बार घर खरीदने वाले एक मिलियन लोगों को अपना घर पाने में सहायता का प्रस्ताव किया है।

इसके साथ ही सस्ते घर किराए पर देने वाले बिल्डरों को भारत में अतिरिक्त कर प्रोत्साहन की घोषणा की गई है। यह अधिकांश भारतीयों के लिए स्वागत योग्य है। वर्तमान समय में जिस प्रकार भारत में 'कैपिटल गेन्स टैक्स इंडेक्शेसन' की बात हो रही है, उसी प्रकार हैरिस ने कार्पोरेट मालिकों को बड़े पैमाने पर किराया बढ़ाने से रोकने के प्रयास किए हैं। भारत में यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नोयडा, गुरुग्राम, दिल्ली के द्वारका, बैंगलुरू व चेन्ने में बड़ी समस्या बनती जा रही है। भारत ने अभी इसका अनुभव करना शुरू किया है।

अमेरिका में दवा-इलाज का खर्च और स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में धोखाधड़ी बढ़ती जा रही है। अब अनेक भारतीय कंपनियों ने भी इसकी नकल शुरू कर दी है। भारत और अमेरिका में चिकित्सा खर्च बढ़ रहे हैं। दोनों देशों में इस पर गंभीर चर्चा हो रही है और अक्सर ब्रिटेन की सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाओं को आदर्श माना जाता है। हैरिस ने लाखों अमेरिकनों के लिए चिकित्सा कर्ज समाप्त करने का वादा किया है। इसके लिए वे फेडरल फंड का प्रयोग कर स्वास्थ्य प्रदाताओं का कर्ज खरीद सकती हैं। हैरिस चाहती हैं कि अमेरिकनों का दवाओं पर अपनी जेब से खर्च 2,000 डालर से अधिक न हो। आश्चर्य है कि भारत से हजारों किलोमीटर दूर अमेरिका में भी ऐसी स्थिति है। विडंबना है कि जहां भारत अमेरिकी बीमा तरीके लागू करना चाहता है, वहीं अमेरिका इसे बदलने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, 'पीएम जनौषधि' जैसे मामलों में भारत बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और वह सस्ती कीमतों पर 'जेनेरिक औषधियां' दे रहा है।

लेकिन हैरिस के पास यह विकल्प नहीं है और वे इंसुलिन पर जेब से होने वाले खर्च को 35 डालर प्रति माह तक सीमित करना चाहती हैं। भारत में जिस तरह किसानों को 'प्रत्यक्ष लाभ पेंशन' दी जा रही है, उसकी प्रकार हैरिस बच्चे के जीवन में पहले साल के लिए परिवारों को प्रति बच्चा 6,000 डालर देने का प्रस्ताव कर रही हैं। भारतीय बजट में अनोखे ढंग से प्रयोग की जाने वाली 'प्रत्यक्ष लाभ' या अनेक प्रकार की पेंशनें कमला हैरिस को आकर्षित करती हैं। भोजन, दवा, आवास या बच्चों की देखभाल के हैरिस के वादे 'लोकरंजक' हैं जिनमें कार्पोरेट हितों के मुकाबले उपभोक्ताओं के हित में सरकारी हस्तक्षेप शामिल हैं।

हालांकि, बड़ी कंपनियों का कब्जा है, पर विश्व राजनीति में 'समाजवाद' की प्रत्यक्ष या परोक्ष वापसी हो रही है। कमला हैरिस ने अपने प्रस्तावों से दुनिया भर में हलचल पैदा कर दी है। ऐसे में भारत जैसे देशों को गरीबों, किसानों और कामगार वर्गों के कल्याण की दिशा में ज्यादा सावधानी से कदम उठाने होंगे। कमला हैरिस के प्रस्तावों और राष्ट्रपति बनने की स्थिति में संभावित कदमों को देखते हुए भारत को भी कार्पोरेट हितों पर लगाम लगा कर जनता के हित साधने चाहिए। दुनिया बदल रही है और भारत की 'लोकरंजकता' लोगों को आकर्षित कर रही है।

# वर्तमान में जीना सीखें

"परिस्थिति चाहे जो भी हो, हमें अपने अंदर संतुलन और शांत रहने की आदत डालनी चाहिए।"

रवि वलूरी
(लेखक आर्ट आफ लिविंग से जुड़े हैं)



जब भारत ने ब्रिटिश शासन से मुक्ति पाई, तो हवा में रोमांस था। यह 1950 का दौर था, जब भारत ने देश को पुनर्जीवित करने के लिए समाजवादी पैटर्न अपनाया, जिसे विरासत में एक गरीब अर्थव्यवस्था मिली थी। तटीय आंध्र के दो होनहार छात्र अपने सपनों को पूरा करने के लिए बारिश से भीगे दिल्ली विश्वविद्यालय पहुंचे। अपने अतीत से जुड़े रहने के लिए, वे अपने राज्य से आने वाले छात्रों को लेने और उन पुराने पलों को फिर से जीने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बार-बार जाते थे। जब बार-बार कहा जाता है, वो अच्छे पुराने दिन! तो हम एक झटके में अपने ब्रह्मांड को संकेत देते हैं कि वर्तमान अनुकूल नहीं है। जैसा कि बुद्ध कहते हैं, मन ही सब कुछ है। आप जो सोचते हैं, वही बन जाते हैं। अगर हम अतीत में जीते हैं, तो हम छूटे हुए अवसरों के बारे में चिंता और गुस्सा करते रहते हैं और वे अतीत के प्रभाव हमारी भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति में बाधा उत्पन्न करते हैं।

अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, ज़्यादा महत्वाकांक्षी छात्र यहीं रह गए और कम उद्यमी छात्र घर लौट गए। दिल्ली में रहने वाला व्यक्ति अपने ज़्यादा मशहूर भाई-बहनों और उनके बच्चों की तरह सिविल सेवक बनना चाहता था। लेकिन नियति ने अपनी योजना बना ली थी।

उसके दोस्त और परिचित इस प्रतिष्ठित नौकरी के लिए योग्य थे, एक ऐसा काम जो उसे नहीं मिला। इसलिए, मन अपने भाई-बहनों, उनके बच्चों और दोस्तों से ईर्ष्या करने लगा और अपने असफल मिशन को अपने बच्चों पर थोपना शुरू कर दिया, जिससे वे बहुत निराश हुए। कोई व्यक्ति %वर्तमान क्षण%



की उस स्थिति तक कैसे पहुंच सकता है? कुछ तकनीकों पर विचार करने से पहले, एक आकर्षक बौद्ध दृष्टांत पढ़ना उपयोगी होगा। एक दोपहर एक बौद्ध भिक्षु घने जंगल में पानी से भरी बाल्टी लेकर जा रहा था। अचानक उसे सरसराहट सुनाई दी। यह एक बाघ था, जो अपने होठों को चटका रहा था और संभावित शिकार को ध्यान से देख रहा था। भिक्षु अपनी जान बचाने के लिए भागा, जबकि बाघ उसका पीछा कर रहा था। भिक्षु एक खाई पर पहुँच गया और उसे दो विकल्प चुनने पड़े, या तो वह खूंखार बाघ द्वारा निगल लिया जाए या चट्टान से कूद जाए। मौत उसके सामने खड़ी थी। साधु उछल पड़ा और सौभाग्य से स्ट्रॉबेरी के पेड़ की एक शाखा से चिपक गया। उसने स्ट्रॉबेरी खा ली - इसे अपना आखिरी भोजन मानते हुए - और उसका भरपूर आनंद लिया। साधु ने ऐसा भोजन कभी नहीं खाया था, क्योंकि वह बिल्कुल वर्तमान क्षण में था। साधना की एक सरल लेकिन गहन तकनीक है सभी क्रियाओं और गतिविधियों का साक्षी होना। हमारे भीतर का अभिनेता भी दर्शक बन जाता है। यही बात अष्टावक्र गीता (राजा जनक - जो स्वयं एक राज ऋषि थे - और ऋषि अष्टावक्र के बीच एक क्लासिक संवाद) के गूढ़ दर्शन में कही गई है।

किसी भी व्यक्ति, गृहस्थ या साधक को शांत रहने के लिए, चाहे परिस्थिति या परिस्थिति कैसी भी हो, संतुष्ट रहने और वर्तमान क्षण में रहने के लिए समता, संतुलन और संतुलन की आदतों को अपनाने की आवश्यकता है। दिल्ली में रहने वाला नायक अपने सपनों को आंशिक रूप से ही पूरा कर सका। उसका बेटा सिविल सेवाओं के लिए अर्हता प्राप्त कर गया, लेकिन अपनी पसंद की सेवा में शामिल नहीं हो सका; यह पहले से ही कुलीन सेवाओं में पहले से ही मौजूद परिवार के सदस्यों द्वारा लगाए गए अत्यधिक दबाव के कारण था।

आखिरकार, बेटा शराबी बन गया। शायद ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पिता और पुत्र दोनों ही ब्रह्मांड के प्रति कृतज्ञ नहीं थे और कृतज्ञता के नियम का पालन नहीं करते थे। इस तरह, जीवन बर्बाद हो गया। इस बीच, घर लौटने वाला दोस्त समय की रेत में अपना रास्ता नहीं खोया। वह एक ट्रेड यूनियन नेता और राजनीतिज्ञ बन गया, जो वर्तमान में जी रहा था। जीवन एक बड़ी सड़क है जिसमें बहुत सारे संकेत हैं। इसलिए, जब आप ऊबड़-खाबड़ रास्तों से गुजर रहे हों, तो अपने दिमाग को जटिल न बनाएं नफरत, शरारत और ईर्ष्या से दूर भागें, बॉब मार्ले ने गाया।

## आप की बात

### मीडिया का दुरुपयोग

**इंटरनेट** और सोशल मीडिया आम आदमी की जीवन का अनिवार्य अंग बन चुका है। एक्सक्लूसिव रिपोर्ट के लिए सबसे अहम प्लेटफार्म होने के बावजूद इसका दुरुपयोग अपराधों को जन्म देता है। टेलीग्राम के संस्थापक और सीईओ पावेल डुरोव को उनके मैसेजिंग एप से जुड़े कथित अपराधों के चलते पेरिस एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। फ्रांस में नाबालिग बच्चों के खिलाफ हिंसा रोकने वाली सरकारी एजेंसी ने धोखाधड़ी, ड्रग्स तस्करी, साइबर बुलिंग, संगठित अपराध और आतंकवाद को बढ़ावा देने जैसे कई संगीन अपराधों को रोकने में विफल रहने के आरोप में पावेल की गिरफ्तारी की है। रूस-यूक्रेन के साथ ही पूर्वी देशों में टेलीग्राम अन्य प्लेटफार्मों, जैसे फेसबुक, यूट्यूब, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टिकटोक के बीच काफी लोकप्रिय है। लोकप्रियता के बीच इस ऐप का दुरुपयोग निश्चित रूप से बड़ा आपराधिक षड्यंत्र है जिसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। फ्रांस सरकार को तमाम आरोपों की तह तक जांच कर पावेल को उचित दंड देना चाहिए ताकि कोई लोकप्रियता की आड़ में अपराध न कर सके। सोशल मीडिया प्लेटफार्म संचालकों के लिए विश्व स्तर पर कठोर नियम बना कर इनको सभी देशों को लागू करने की व्यवस्था ही समस्या का समाधान हो सकती है।

**- अमृतलाल मारू, इन्दौर**

### बंगाल में बवाल

**चुनावी हिंसा** के बाद अब मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु छात्रा से रेप व मर्डर से उभरा पश्चिम बंगाल में छात्रों का प्रदर्शन, पुलिस से झड़प व वहां बढ़ती अशांति को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि लगता है कि वहां राष्ट्रपति शासन से ही हालात काबू में आ सकेंगे। बंगाल में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है क्योंकि आखिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हठधर्मी और पक्षपात के चलते कानून-व्यवस्था लगभग समाप्त हो गई है। इन स्थितियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। मुख्य विरोधी दल भाजपा व आंदोलनकारी छात्रों ने ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग तक कर डाली है। राज्यपाल ने भी सरकार की लगातार आलोचना कर हालत सुधारने को कहा है। ममता बनर्जी अपनी सारी समस्याओं और जनान्दोलन का ठीकरा वाम और राम, यानी माकपा और भाजपा पर फोड़ती हैं। लेकिन वे तानाशाही तरीके से अपनी सरकार तथा समर्थकों की गुंडागर्दी व वसूली बनाए रखने के लिए किसी सीमा तक जाने को तैयार हैं। भले ही कांग्रेस और वाम पार्टियां ममता बनर्जी का विरोध करें, पर वे राज्य में राष्ट्रपति शासन जैसी स्थिति में भाजपा-विरोध में ममता के साथ एकजुट हो जांएगी। इससे लगता है कि बंगाल में बवाल जल्द समाप्त नहीं होगा।

**- शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर**

### पक्षियों की बिक्री

**नीलकंठ** व तोते समेत अन्य अनुसूचित पक्षियों को कैद में रखना और उनकी खरीद- बिक्री वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है, जिसमें तीन वर्ष के कारावास और जुर्माने की सजा का प्राविधान है। पहले की तुलना में आजकल खुले आकाश में चहचहाती चिड़ियों व कोयलों आदि की आवाज सुनने और देखने में बहुत कम आती है। तितलियां भी अब लुप्तप्राय होने जा रही है। बाजार में मोरपंख और मोरपंख से बनी वस्तुएं भी धड़ल्ले से बिक रही हैं। सख्त कानूनी पाबंदी के बावजूद भी इन्हें पकड़कर बेचने या मार कर खा जाने की गतिविधियां चल रही हैं। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम लागू कराने के लिए समुचित पुलिस न होने के कारण वन्यजीवों व प्रतिबंधित पक्षियों की बिक्री जारी है। यदि ऐसा ही चलाता रहा तो पक्षियों के रूप में हमें मिली प्रकृति की यह रंग बिरंगी सौगातें पूरी तरह नष्ट हो जाएंगी और दुनिया अधिक बदरंग हो जाएगी। इन्हें बचाने के लिए अब आम जनता को आगे आना होगा और ऐसे अवैध व्यापारियों और शिकारियों को पकड़कर पुलिस को सौंपना होगा। जनता को पशु पक्षी और इनके पंखों, आदि से बनी चीजें खरीदने के खिलाफ जागरूकता पैदा करनी चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम**

### मोदी के प्रयास

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की पोलैंड और यूक्रेन यात्रा कई मायनों में सफल रही। इस यात्रा से पोलैंड और यूक्रेन के साथ भारत के रिश्तों में नई गर्माहट आई है। युद्धग्रस्त यूक्रेन की यात्रा निश्चित रूप से मोदी के लिए साहस का काम था। मोदी ने यूक्रेन से लौटने के बाद रूस के राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से फोन पर बात की है। इस प्रकार वे तीनों विश्व नेताओं के बीच लगातार संवाद कर रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करवाने के लिए प्रयासरत हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्स्की ने नई दिल्ली में यूक्रेन शांति सम्मेलन बुलाने का प्रस्ताव कर निश्चित रूप से भारतीय राजनयिकों व प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों में सराहनीय योगदान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के इन शांति स्थापना प्रयासों ने उनका कद दुनिया में बहुत बढ़ा दिया है। भारत ने सफल जी20 सम्मेलन से जो दर्जा प्राप्त किया था, मोदी उसे और आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। देश-विदेश के सभी नेताओं को नरेन्द्र मोदी के विश्व शांति के प्रयासों में अपना योगदान देना चाहिए।

**- विभूति बुपक्या, खाचरोद**

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# सांसद नाग जनसमस्या निवारण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

## आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराग नाग ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर प्रशासनिक अमले एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनके वास्तविक समस्याओं से रूबरू होने तथा उनके मांगों एवं समस्याओं का समुचित निराकरण करने का कारगर माध्यम है। सांसद नाग 27 अगस्त को आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कुंआगोंदी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। सांसद नाग जनसमस्या निवारण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के चहुँमुखी विकास के लिए कृतसंकल्पित है। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कुंआगोंदी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम कुंआगोंदी सहित अंचल के ग्रामीणों के लिए सौगातों भरा रहा। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 664



आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 255 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के अलावा शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। शिविर में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, नगर पंचायत डौण्डी के उपाध्यक्ष डॉ. रूपेश नायक, एसडीएम रामकुमार सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधी उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी, पूर्व जिला पंचायत के अध्यक्ष देवलाल ठाकुर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने शिविर में पहुँचे ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद नाग ने शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति पर प्रसन्नता भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, महतारी वंदन योजना के अलावा आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जो कि आने वाले समय में आम जनता के जीवन में बदलाव लाने के लिए एक क्रांतिकारी योजना साबित होगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा प्रत्येक कार्य मानवता एवं जनकल्याण पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों से आम नागरिकों एवं जनता जनार्दन की सेवा में पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से काम करते हुए शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में सहयोग करने की अपील भी की। नाग ने कहा कि आज इस शिविर में आम जनता से प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरांत प्राथमिकता के आधार पर आम जनता के मांगों के समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शिविर में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति पर प्रशंसा व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने शिविर में उपस्थित जन प्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों का स्वागत एवं अभिनंदन भी किया।

# डी–मेक दल्ली मॉडर्न आर्ट क्लब ने मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कृष्ण जन्मोत्सव 2024 भव्य रूप में डी-मेक दल्ली मॉडर्न आर्ट क्लब ने मनाया, जिसमें बच्चों का फैंसी ड्रेस श्री कृष्णा राधा की वेशभूषा में बच्चों को प्राइस दिया गया। साथ ही बड़ों को फलदार वृक्ष श्री कृष्ण की जन्मदिन पर एक वृक्ष मां के नाम से देकर जन्मदिन को यादगार बनाया गया।



महिला बच्चे सभी ने आंख में पट्टी बांधकर मटकी फोड़ कर खूब मजे लिए जिसमें मटकी फोड़ने वालों को डी-मेक की तरफ से आकर्षक पुरस्कार भी वितरण किया गया। डी-मेक हमेशा से ही सभी धर्म के त्योहारों को अपने संस्था में बच्चे और बड़ों के साथ मनाया जाता है जिससे कि आने वाली पीढ़ी को सभी धर्म की अपनी अपनी और विशेषताओं का जानकारी मिले। दल्ली राजहरा मॉडर्न आर्ट क्लब हर वर्ष सभी त्योहार जैसे की नवरात्रि के समय गरबा, आदिवासी जयंती, गणेश चतुर्थी, गुरु पूर्णिमा, चिल्ड्रन'एस डे, होली, महिला दिवस और भी कहीं कार्य हर साल करते आ रही साथ ही दल्ली राजहरा के डॉक्टर, इंजीनियर, हाउसवाइफ, स्कूल टीचर, कॉलेज गर्ल्स बॉयज, स्कूल टॉपर, स्पॉट्स, समाजसेवी का यूनिक प्रतिभा जैसे प्रतिभाओं को हर साल संस्था द्वारा उन्हें सम्मान दिया जाता है। जिससे कि दल्ली राजहरा के हुनरबाज व्यक्तियों का हौसला बढे। इसी उद्देश्य से दल्ली मॉडर्न आर्ट क्लब 9 वर्षों से ऐसे कार्य करते आ रही है और इस साल कृष्ण जन्माष्टमी मनाते हुए भी बच्चे और बड़े खूब इंजॉय किया।

# विधायक दीपेश साहू ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय मे स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय मे नवनिर्मित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का उद्घाटन स्थानीय विधायक दीपेश साहू ने फीता काटकर किया। समग्र शिक्षा विकाश योजना अंतर्गत 48.42 लाख की लागत से 6 नग नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। इसके साथ साथ 24.20 लाख के लागत से शा.प्रा.शा. कोबीया मे 3 नग अतिरिक्त कक्ष एवं 16.10 लाख की लागत से शा.पूर्व मा.शा. कोबीया मे 2 नग अतिरिक्त कक्ष लोकार्पण किया। तत्पश्चात एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत मुख्यअतिथि सहित जनप्रनिधियों ने आम का पेंड़ लगाकर वृक्षारोपण किया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने बालिकाओं को पढ़ लिख कर जिले का नाम रोशन करने को कहा। उन्होंने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने शिक्षा पर आधारित गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समा बांधा। साथ ही स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। जिससे छात्राओं की कार्यक्रम से प्रभावित होकर विधायक दीपेश साहू छात्राओं को सम्मान राशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया द्य साथ ही खेल और विभिन्न क्षेत्र मे राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभावान छात्राओं को मुख्य अतिथि के हाथो सम्मानित किया गया। इस दौरान साहू ने पढ़ाई के साथ साथ छात्राओं को अन्य विधाओं मे रूचि लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया द्य विधायक साहू ने कहा की आप सभी छात्राओं को शिक्षा विभाग द्वारा एक बहुत बड़ा तोहफा मिला है। इससे समाज की अभिवंचित छात्राओं को इस विद्यालय से सुगम शिक्षा प्राप्त होगी। साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा छात्राओं को किसी प्रकार की पढ़ाई या स्पोर्ट्स या अन्य एक्टिविटी के लिए कोई सामान की कमी नहीं रहना चाहिए। हमारे बच्चों को सभी प्रकार की सुविधा मिलना चाहिए। जिससे हमारे बच्चे अच्छे मन से और लगन से पढ़ाई के साथ अन्य विधाओं मे पारंगत होकर बेमेतरा जिले और माता-पिता का नाम रौशन कर सके। इस मौके पर संस्था प्रमुख द्वारा कुछ मांग विधायक के समक्ष रखा गया। जिसको विधायक ने कुछ मांगो को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप मे ओमप्रकाश जोशी, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत राम साहू, उपाध्यक्ष पंचू साहू, पूर्व जिला राजेंद्र शर्मा, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, ओबीसी मोर्चा जिलाअध्यक्ष राजू देवांगन, पार्षद नीलू राजपूत, साधे लाल पार्षद, नीतू कोठारी, देवराम साहू, राकेश वर्मा, युगल देवांगन, धर्मेंद्र साहू, मीनू पटेल, ममता साहू, सुनीता शर्मा, संतोष साहू, दिनेश साहू, दीना नाथ साहू, अधिक्षिका भारती धृतलहारे सहित, जनप्रतिनिधिगण, शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारीगण, शिक्षिकागण, स्कूली छात्राएं उपस्थित रहे।

# मानस दर्शन की अनुपम पहल से हुआ आनलाइन श्री शिव कथा

## शामिल हुए राष्ट्रीय एवम अंतर्राष्ट्रीय संत एवम मानस के कथा कार

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मानस दर्शन जीवन अर्पण एक ऐसा नाम है जो विगत कई वर्षों से ऑनलाइन के माध्यम से मानस के क्षेत्र में इतिहास गढ़ चुका है।छत्तीसगढ़ का एक ऐसा प्रथम पटल है जिसने राम कथा को विपरीत परिस्थितियों में भी जनमानस तक पहुचाने का अद्वितीय कार्य करते आ रहा है।इसी क्रम में समूह के संस्थापक दीपक गुहाजी मानस जिज्ञासु मरौद एवं मानस दर्शन के प्रति समर्पण रखने वाले संयोजक मण्डल के साथ



पवित्र सावन माह के अंतिम दिवस पर एक नई विशिष्ट परिकल्पना रुद्राष्टकम इदं प्रोक्तं लेकर आए जिसमे श्रीमद् गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा विरचित श्रीरामचरितमानस के उत्तर काण्ड में वर्णित शिव स्तुति रुद्राष्टक की विशद व्याख्यान मानस मर्मज्ञ जनों द्वारा 19 अगस्त से 27 अगस्त तक ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित किया गया।।मानस व्याख्यान में छत्तीसगढ़ सहित कई अंतरराष्ट्रीय संत भी जुड़े जिसमें प्रथम दिवस के वक्ता रहे आदित्य त्रिपाठी महाराज मैहर मध्यप्रदेश ,द्वितीय दिवस मनहरण वर्मा जी दुर्ग ,तृतीय दिवस मनसुख साहू मुसरा डोंगरगाँव ,चतुर्थ दिवस पीला राम शर्मा कुम्हारी पंचम दिवस वेदराम साहू धौराभाठा षष्ठ दिवस चैत राम साहू बड़े गुरु , सप्तम दिवस रामराजेश साहू अहिवारा , अष्टम दिवस पुरुषोत्तम राजपूत जी बालोद एव अंतिम दिवस रामगोपाल तिवारी जी महाराज रतनबन्धा चित्रकूट उत्तरप्रदेश ने शिव स्तुति का सार जनमानस को बतलाया। कार्यक्रम का संचालन क्रमशः आत्मा राम साहू धड़कन सिवनी कला , रामकुमार प्रजापति डौंडी बालोद ,भूपेश बनपेला नगरी मेसुल साहू रायपुर, पुनेश्वर साहू पाटन, के के लिए सिन्हा दुर्ग, पिंटू पटेल कवर्धा, महेश्वरी साहू एवं देवलाल सिन्हा बेमेतरा ने इस किया। संयोजक मण्डल के सहयोगी, हेमराज भार्गव, कनस कोमरे , आर डी साहू, माखन साहू, नूतन साहू,सविता सोन ,वंदना साहू ,विनीता धीवर,सरस्वती साहू, प्रतिभा साहू, कल्याणी सेन संजना सिन्हा सहित नीलकंठ ठाकुर विष्णु साहू छगन साहू बिहारी यादव सहित बडी संख्या में राम कथा रसिक उपस्थित रहे। उक्त सभी को मानस मंथन 4.0 के ऑफलाइन आयोजन स्थल केशकाल बस्तर के भव्य समारोह में अपनी गरिमामय उपस्थिति के लिए अपील की गई

# निहालचंद जैन का निधन

दल्लीराजहरा।, नगर के शास्त्री मार्केट के प्रतिष्ठित व्यवसायी निहालचंद जैन (सपना जनरल स्टोर) का 28 अगस्त को उपचार के दौरान नागपुर में निधन हो गया। वे लगभग 66 वर्ष के थे। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री को छोड़ गए। इनका अंतिम संस्कार 29 अगस्त मुक्तिधाम में किया गया। जहां काफी संख्या में जैन समुदाय एवं अन्य परिचित व शुभचिन्तकों ने उपस्थित होकर स्वर्गीय जैन को अंतिम बिदाई दी एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।



# हायर सेकंडरी स्कूल कुसमी मे किया गया राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय खेल दिवस के सुअवसर, पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग बेमेतरा के तत्वाधान में शा. उ. मा. विद्यालय कुसमी वि.ख. बेरला जिला-बेमेतरा में व्हालीबाल खेल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अवधेश चंदेल पूर्व विधायक बेमेतरा, अतिथि संतोष साव एसएमडीसी अध्यक्ष, संतोष कुंभार साहू सरपंच ग्राम कुलकी, पूर्व जिला पंचायत सभापति गौकरण साहू, पूर्व सरपंच ललिता साव नागरिक नंदकिशोर साहू एवं एसडीएम पिंकी मनहर की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश सिंह चंडेल ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों का, खेल प्रशिक्षकों का सम्मान किया तथा खिलाड़ियो को निरंतर अभ्यास से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, एवं विगत 12वी से इस खेल मैदान से मेहनत कर राज्य स्तर पर 586 खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय स्तर पर 176 खिलाड़ियों ने मेडल अर्जित कर इस क्षेत्र का नाम रोशन कर विभिन्न क्षेत्रों में जैसे रेल्वे, पुलिस, पीटीआई प्राइवेट संस्थान में कार्यरत है साथ ही साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी की प्रशंसा भी की। अतिथि गण पूरे समय तक व्हालीबाल मैच का आनंद लिया, खिलाड़ियों द्वारा टीम भावना का प्रदर्शन किया मुख्य अतिथि महोदय बालक-बालिका विजेता उपविजेता टीम को पुरस्कार दिया गया। आभार प्रदर्शन एस. डी. एम. बेरला पिंकी मनहर ने किया उन्हीने खेलो को बढ़ावा देने, प्रतिभा निखारने में हर संभव सहयोग का भरोसा जताया। इस अवसर पर वि.ख. शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य थी एस.एस. ठाकुर, सेजेस स्टाफ, बालक एवं कन्या पूर्व. मा. शाला स्टॉफ, विद्यार्थी खिलाड़ी, खेल प्रशिक्षक उपेन्द खेगर, भूपेन्द्र वैष्णव, मृत्युजय शमी, कमल नारायण साहू, राधेश्याम, चन्द्र कुमार, कु. तुलसी साहु, प्रिया अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। मंच संचालन एस.एन. साहू ने किया।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्कूली बच्चों को कृमिनाशक

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कवर्धा के स्वामी करपात्री स्कूल पहुंचकर स्कूली बच्चों को कृमिनाशक दवाई खिलाने अभियान की शुरूआत की। कलेक्टर ने स्कूली छात्र-छात्राओं को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल दवाई खिलाई। कलेक्टर महोबे ने एक वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों, किशोर, किशोरियों को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों एवं शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों और तकनीकी शिक्षा संस्थानों में कृमि नाशक दवा (एल्बेंडाजॉल टेबलेट) खिलाने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर महोबे ने कृमि मुक्ति दिवस पर निर्धारित 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को एल्बेंडाजॉल की खुराक लेने के लिए आम जनता से अपील की है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन को जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि इन सभी विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है, सभी विभाग संयुक्त रूप से इसमें कार्य करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य 1 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चे को एल्बेंडाजॉल टेबलेट खिलाना और हैंड वॉश दोनों को शामिल करते हुए सफल बनाना है। इसी प्रकार 24 सितंबर मॉप अप दिवस को छूटे हुए बच्चों को कृमि नाशक दवा (एल्बेंडाजोल टेबलेट) का सेवन कराया जाएगा।



### कलेक्टर ने निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

स्वामी करपात्री जी स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही कलेक्टर ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संवर्धन खेल सांप-सीढ़ी का वितरण किया। स्वास्थ्य संवर्धन खेल सांप-सीढ़ी खेल के माध्यम से बच्चे डायरिया से संबंधित जानकारी और बचाव के तरीके को जान सकेगें और अपने प्रतिदिन के दिनचर्या में शामिल कर सकेगें।

# सांसद विजय बघेल ने किया भाजपा का सदस्यता अभियान का शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने आज कुम्हारी में पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का कुम्हारी मंडल हमेशा से सबसे मजबूत संगठन रहा है. यहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने हमेशा ही बेहतर प्रदर्शन किया है. पार्टी को यहां लोकसभा चुनाव और विधान सभा चुनाव में भी बड़ी जीत मिली. जब हम मुख्यमंत्री के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ रहे थे तब





भी पार्टी को यहां से जीत मिली, उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू हुआ है तो सबसे अधिक सदस्य इस मंडल में बनने चाहिए । भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान यहां भी अब नए सिरे से प्रारम्भ हो रहा है. सांसद विजय बघेल ने इस अभियान की यहां औपचारिक तौर पर शुरुआत की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने सभी को इस बार अधिक से अधिक नए सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सदस्य बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मिस्ड कॉल और नमो ऐप से जुड़कर पार्टी की वेबसाइट से और क्यू आर कोड के माध्यम से पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं और नए सदस्य बनाए जा सकते हैं. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस समय दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है. इससे जुड़े कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक नए सदस्य बनाने का जो लक्ष्य रखा है हमेशा उससे काफी अधिक नए सदस्य बनाए जाते रहे हैं. उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से इस बार अपने-अपने बूथ में कम से कम 200 सदस्य बनाने का आह्वान किया। सांसद विजय बघेल ने इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलजुल कर एवं एकजुट होकर काम करने का भी आव्हान किया।

इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ सदस्य रेखराम बंछोर और मंडल अध्यक्ष राजू निषाद सहित सैकड़ो की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# रेलवे परिवार की महिलाओं द्वारा तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्ड 26 रेलवे इंस्टिट्यूट दल्लीराजहरा में 31 अगस्त को टी.ज्योति पार्षद की अध्यक्षता में रेलवे परिवार की महिलाओं द्वारा तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन की रुप रेखा तैयार की जा रही है।

तीज मिलन कार्यक्रम में दल्लीराजहरा की रेलवे परिवार की समस्त महिलाएं शामिल होती है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में एकजुटता दिखाना है। रेलवे



कॉलोनी दल्लीराजहरा की सभी विभाग की रेल परिवार की महिलाएं हर वर्ष तीज मिलन का कार्यक्रम भव्य रूप से मनाते आ रहे है। इस कार्यक्रम में केवल रेलवे परिवार की महिलाएं ही शामिल होती हैं। कार्यक्रम में खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। तीज मिलन कार्यक्रम में सभी महिलाओं को समान दर्जा देते हुए समस्त महिलाएं विशेष रुप से अतिथि होंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष रुप से किरण गोटे, निधी सोनी, दीप्ति कोष्टा,नुनिता ध्रुव, ऊषा कुमारी, खुशबू साहू, तारिणी गवरना, प्रतिभा दुबे, निकिता वर्मा व समस्त महिलाओ का विशेष योगदान मिल रहा है। कार्यक्रम के पूर्व में सावन महीने में वार्ड 26 में सावन उत्सव का कार्यक्रम भव्य रुप से मनाया गया था जिसमे वार्ड की सभी वर्ग की 200 महिलाएं सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए थे।

# आजीविका महाविद्यालय में दी गई जेजे एक्ट, पॉक्सो एक्ट और बाल अधिकार संरक्षण से जुड़े कानूनों की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशन और आनंद तिवारी जिला कार्यम अधिकारी एवं सी.एल.भूआर्य महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम के द्वारा शासकीय



आजीविका महाविद्यालय महाराजपुर, कवर्धा में जाकर मिशन वात्सल्य के बारे में जानकारी दी गई। सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया की किशोर न्याय अधिनियम 2021 में उन बालको जिनका विधि का उल्लंघन करना अभिकथित है और उल्लंघन करना पाया गया हैं एवं देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता रखने वाले बालक से संबंधित समुचित देखरेख, संरक्षण, विकास, उपचार सामाजिक पुनः एकीकरण के माध्यम से उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करके, बालकों के सर्वोत्तम हित में मामलों के न्याय निर्णयन तथा निस्तारण में बालकों के अनुकूल दृष्टिकोण अपनाकर और प्रदत्त प्रयिाओं के माध्यम से उनके पुनर्वास, उसके अधीन स्थापित संस्थानो तथा निकायो के लिए तथा उससे संबंध अथवा उससे आनुसंगिक मामलों के लिए विधि को समर्पित करना तथा समेकित करने के लिए अधिनियम है। पॉक्सो एक्ट 2012 लैंगिक हमला लैंगिक उत्पीड़न और अश्लील साहित्य के अपराधों से बालकों का संरक्षण करने और ऐसे अपराध का विचरण करने के लिए विशेष न्यायालयों की स्थापना तथा उनसे संबंधित या अनुसांगिक विषयों के लिए उपबंध करने के लिए अधिनियम है जिसके बारे में जानकारी दी गई। महेश कुमार निर्मलकर परियोजना समन्वयक ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निः शुल्क फोन एवं आउटरीच सेवा है ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतू, गुमशुदा, बाल श्रम ,बाल विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा एवं मदद के लिए निशुल्क नंबर 108 पर फोन कर सकते हैं। इसके साथ साथ सेफटच अनसेफटच के बारे में भी जानकारी दी। कार्यम का आभार व्यक्त शासकीय आजीविका महाविद्यालय महाराजपुर कवर्धा के प्राचार्य के द्वारा किया गया जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम के द्वारा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों, स्कूलों , गांव में जन जागरूकता अभियान कार्यम किया जा रहा है । जागरूकता अभियान कार्यम में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महेश कुमार निर्मलकर परियोजना समन्वयक, आशीष दीवान सहायक परियोजना अधिकारी , बलराम साहू प्रशिक्षण प्रभारी, कृष्णा बंजारे एवं महाविद्यालय के शिक्षक, बच्चे उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस: सीएमएचओ ने की बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत

## जिले के 03 लाख से अधिक बच्चों को खिलाई गई कृमिनाशक गोली

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभातचन्द्र प्रभाकर ने शासकीय प्राथमिक शाला रामगढ़ में बच्चों को कृमि नाशक दवा एलबेन्डाजॉल की गोली खिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। पूरे जिले में 03 लाख से अधिक बच्चों को कृमिनाशक गोली खिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कृमि संक्रमण होने के कारण पेट में दर्द, कमजोरी, उल्टी व भूख न लगना जैसे कई लक्षण हो सकते है। इससे बचाव हेतु बच्चों को एल्बेंडाजॉल की खुराक देना जरूरी होता है। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों को नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्रों अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों में ले जाकर कृमिनाशक गोली खिलाने के लिए अपील की।



जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रविप्रसाद देवागंन ने बताया कि एक से दो वर्ष के बच्चों को आधी गोली, दो से तीन वर्ष के बच्चों को एक पूरी गोली, तीन से 19 वर्ष के बच्चों, किशोर-किशारियों को एक गोली चबाकर खाने के लिए दिया जाता है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार ने बताया कि छुटे हुए बच्चों को मॉप-अप दिवस 04 सितबंर को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई जायेगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि जिले को कृमिमुक्त करने विशेष रूप से कार्ययोजना बनाकर समस्त शैक्षणिक संस्थानों शासकीय, निजी स्कूलों, नवोदय विद्यालय, आईटीआई कालेज एवं ऑगनबाडी केन्द्रों में दवा खिलाई जा रही है। बच्चों को दवा खिलाने में शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम बनायी गई है। इस अवसर पर डॉ. ज्वाला प्रसाद कौशिक बी.एम.ओ., स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# डोमाड़ीह के सरपंच हुए ठगी का शिकार

## नाली निर्माण में कार्य दिलाने के लिए लिया था मोटी राशि

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डोमाड़ीह के सरपंच सनत कुमार केवट को काम दिलाने की वजह सेअपने ही व्यक्ति ने ठगी का शिकार किया। अपनों ने लूटा दूसरों में कहां दम है आप सभी लोग जानते हैं चंद्रशेखर सूर्यवंशी जो जैजैपुर के तत्कालीन पी ओ मनरेगा है उन्होंने सरपंच को यह कहा कि मैं आपको काम दिला दूंगा ता कि आपका भी ग्राम पंचायत डोमाडीह में विकास हो सके उसके वजह से उन्होंने 50,000 (पचास हजार रू ) की मांग की और सरपंच ने लालच मे आकर उन्हें 50,000 रू देकर काम लेने के वजह से इतनी बड़ी रकम दे डाली? । कार्य न मिलने एवं पैसा वापस ना होने पर जिनकी शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैजैपुर, जिला कलेक्टर शक्ति के पास तीन बार अपने पैसे की वापसी की गुहार लगाया वहीं पर चंद्रशेखर सूर्यवंशी नया बाराद्वार निवासी जो जनपद



पंचायत जयजयपुर में तत्कालीन पी ओ मनरेगा थे। यहां तक की आज वह सरपंच का फोन भी उठाना उचित नहीं समझ रहे हैं ना ही किसी का फोन उठाना उचित समझ रहे हैं इस प्रकार से आप लोग जानते हैं कि डोमाड़ीह के सरपंच ने नाली निर्माण के लिए 50,000 रू तत्कालिन पी ओ मनरेगा जैजैपुर को दिया था लेकिन आज तक वह पैसा उन्हें वापस नहीं किया गया उनका कहना यह है कि मैं इसे उधारी में लिया हूं इस तरह से उधारी के नाम पर कार्य दिलाने के लिए राशि को हड़पने का हतकन्डा अपना रहे हैं जिनकी शिकायत सनत कुमार केवट सरपंच डोमाड़ीह ने जनसमस्या निवारण शिविर हसौद में भी गुहार किया लेकिन अभी तक उसका किसी प्रकार का परिणाम नाआने के कारण अंत में विवश होकर मीडिया का सहारा लेना ही उचित समझा । अब यह देखना वाली बात यह है कि उच्च अधिकारी मनरेगा शाखा के चंद्रशेखर सूर्यवंशी के ऊपर क्या कार्रवाई करते हैं अभी तक इनका अता पता नहीं है कब जैजैपुर आते हैं और कब कहा रहते हैं इस तरह से अपने ही लोग अपने को ही लूटने का कार्य बखूबी से करते हैं लालच क्या-क्या नहीं करता और आने वाले समय में चंद्रशेखर सूर्यवंशी के खिलाफ उच्च अधिकारी क्या रवैया अपनाते हैं या फिर उनका 50,000 रू सरपंच को वापस करने के लिए कहते हैं। जिस तरह से नेता हम लोगों को झूठ बोलते हैं और वह जोड़ते हैं उसी प्रकार से आज कर्मचारी भी अनेकों प्रकार के हथकंडा अपनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण जनपद पंचायत जयजयपुर के ग्राम पंचायत डोमाडीह में देखने को मिल रहा है।

**मैं अभी व्यस्त हूं बाद में मिलता हूं।**
**-चंद्रशेखर सूर्यवंशी पी ओ मनरेगा**

# सफलता की कहानी: शासन की योजना से पशुपालक कुलदीप के समृद्धि की राह हुई आसान, बकरीपालन कर बना लखपति

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन द्वारा गांव, गरीब और आम किसानों की आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने एवं उन्हें प्रगति की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तमाम योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम सोढ़ार के पशुपालक कुलदीप सिंह ठाकुर ने पशुधन मिशन योजना का लाभ लेते हुए समृद्धि की राह तय किया। कुलदीप गांव सोढ़ार में खेती-किसानी कर अपना गुजारा कर रहे थे। इस दौरान उन्हें पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित योजना की जानकारी मिली। उन्होंने कार्यालय में सम्पर्क किया और योजना के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर 10 नग देशी बकरी एवं 01 बीटल



बकरा खरीदा और बकरीपालन प्रारंम्भ किया। वर्तमान में उनके पास 50 बकरी एवं 10 उन्नत नस्ल बीटल, बारबेरी, जमुनापारी, तोताफरी, ब्लैक बेंगाल आदि के बकरी एवं ब्रीडिंग हेतु बकरे हैं। किसान कुलदीप ने बताया कि डेयरी में बकरी से 10 लीटर दूध निकाला जाता है, जिसे 150 रूपए प्रतिलीटर की दर से बाजार में बेचकर वे प्रतिदिन 1500 रूपए कमा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बकरियों को घर में हरी पत्ती, हरा बरसीम, चना, तिवरा, मसूर व अरहर का भूसा खिलाकर पाला जा सकता है, यह रबी के मौसम में आसानी से प्राप्त हो जाता है। कुलदीप ने बताया कि प्रतिवर्ष चारा के लिए लगभग 03 लाख रूपए खर्च होता है। वहीं लगभग 07 से 08 लाख रूपए की आमदनी हो जाती है। उन्होंने बताया कि बकरा के विक्रय के लिए बाजार में जाने की आवश्यकता नहीं होती। लोग यहीं से आकर बकरा खरीदते हैं। बता दें कि कलेक्टर ने ग्राम सोढ़ार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किसान कुलदीप सिंह ठाकुर के डेयरी का अवलोकन किया था और उनकी इस प्रगति की सराहना की तथा उनका हौंसला बढ़ाते हुए व्यवसाय को आगे भी मदद देने की बात कही। किसान कुलदीप ने शासन की इस पहल एवं योजना की तारीफकी और खुशी व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सक्ती जिले के लिए नगर सेना को मिले दो फायर ब्रिगेड वाहन

## 29 अगस्त को कलेक्टर-एसपी ने किया लोकार्पित






पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शक्ति जिले के लिए आए दिन किसी भी प्रकार की आगजनी इत्यादि की घटनाओं में अग्निशामक यंत्र की कमी को देखते हुए दो नए अग्निशामक यंत्र फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं, तथा इन फायर ब्रिगेड वाहनों का लोकार्पण 29 अगस्त को जांजगीर चांपा जिले के कलेक्टर एवं जांजगीर-चांपा जिले के पुलिस अधीक्षक महोदय ने किया है,तथा उपरोक्त दोनों फायर ब्रिगेड वहन वर्तमान में शक्ति जिले में फायर ब्रिगेड के लिए अलग से सेटअप नहीं होने के चलते जांजगीर चांपा जिला मुख्यालय में मौजूद रहेंगे, तथा 112 डायल कर कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति इन फायर बिग्रेड वाहन की सेवाएं ले सकेगा, तथा 112 डायल करते ही तत्काल ये वाहन आपसे जानकारी प्राप्त कर वहां समय पर पहुंचेंगे शक्ति जिले के मौसम में या की किसी प्राकृतिक आपदा के चलते होने वाली आगजनी की घटनाओं में फायर ब्रिगेड की कमी देखने को मिलती थी, तथा जिले में शक्ति नगर पालिका में एक फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध है, किंतु बड़ी आगजनी की घटनाओं में बाहर से वाहन बुलाने पड़ते थे तथा अब जिले के लिए मिली तो नई फायर ब्रिगेड से ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण करने में काफी सफलता मिलेगी। के लिए मिले इन दो नए फायर ब्रिगेड वाहनो के लिए शक्ति जिले वासियों ने भी शासन का आभार व्यक्त किया है, ज्ञात हो की शक्ति जिले में आए दिन गर्मी

# "एक पेड़ मां के नाम" कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में किया गया पौधारोपण




पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर मुंगेली में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इस दौरान नीम, बादाम, सीताफल, सिन्दूर, आम, नींबू, पीपल, अशोक, नारियल एवं अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आर. एल. शर्मा ने पौधारोपण कर पौधों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पेड़ मिट्टी व पानी की गुणवत्ता में सुधार व जैव विविधता को बढ़ाकर कृषि उत्पादकता में सुधार करते हैं। इसके साथ ही पेड़ किसानों को लकड़ी व आय के स्त्रोत भी प्रदान करते हैं। इस अभियान से भूमि क्षरण और मरूस्थलीकरण में कमी आने के साथ ही भूमि को हरा-भरा बनाने में मदद मिलेगी। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# खाटू श्याम मंदिर कमेटी के चुनाव संपन्न महाराज मानवेंद्र सिंह चौहान जी चुने गए मंत्री

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

पूरे देश अपितु दुनिया में राजस्थान प्रदेश के खाटू श्याम में स्थापित बाबा खाटू वाले श्याम जी के भव्य मंदिर के संचालन एवं देखरेख हेतु श्री खाटू श्याम मंदिर कमेटी का गठन किया गया है,एवं इस कमेटी के माध्यम से जहां पूरे मंदिर की व्यवस्था को संचालित किया जाता है तो वहीं विधिवत इस कमेटी के चुनाव के भी संपन्न होते हैं, इसी श्रृंखला में श्री श्याम मंदिर कमेटी (रजि.) खाटू राजस्थान के चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गए है, इस चुनाव में प्रताप सिंह चौहान जहां बार फिर से अध्यक्ष चुने गए,तो वहीं मानवेन्द्र सिंह चौहान मंत्री पद पर नियुक्त किये गए है, कोषाध्यक्ष के रूप में कालू सिंह चौहान का चयन किया गया है, नव नियुक्त मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान पूर्व कोषाध्यक्ष स्व. विक्रम सिंह चौहान के पुत्र है, इसके साथ ही गोपाल सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह चौहान, पृथ्वी सिंह चौहान और राजवेंद्र सिंह को कमेटी के ट्रस्टी के रूप में चुना गया है, मानवेंद्र सिंह चौहान जी को मंत्री पद पर नियुक्त किए जाने पर जहां शक्ति शहर के



श्याम प्रेमियों में प्रसन्नता की लहर देखी जा रही है, तो वहीं श्याम प्रेमी मानस अग्रवाल ने कहा है कि परम पूज्य महाराज जी का शक्ति से सदैव लगाव रहा है एवं वे समय-समय पर शहर में आकर यहां श्याम प्रेमियों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते रहते हैं, एवं यह हम सबके लिए एक गौरवशाली अवसर है जब महाराज जी को खाटू श्याम मंदिर की इस कमेटी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है,महाराज जी मानवेंद्र सिंह चौहान जी को श्री खाटू श्याम मंदिर कमेटी में मंत्री पद पर नियुक्त होने पर श्याम प्रेमी मानस अग्रवाल, अतिश अग्रवाल, नीलेश अग्रवाल, मुकेश बंसल, राजेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, बसंत अग्रवाल हन्नु, प्रताप लालू सहित श्याम प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की है।

# युवोदय हसदेव के हीरो यूनिसेफ स्वयं सेवक किशोरी बालिकाओं को बना रहे सशक्त

■ युवोदय हसदेव के हीरो यूनिसेफ स्वयं सेवक किशोरी बालिकाओं को बना रहे सशक्त

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला प्रशासन जांजगीर-चांपा एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम संचालित है। जागरूकता के क्षेत्र में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन का शुरुवात हमने अब किशोरावस्था के प्रारंब में ही बच्चों को जानकारी प्रदान करना शुरू किया है। आज शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शिवपुर चोरिया में प्रधान पाठक मोहन लाल यादव की उपस्थिति में किशोरावस्था लक्षित वर्ग पूर्व माध्यमिक शाला कक्षा छठवीं से आठवीं जिसमे 10वर्ष से 19वर्ष की बालक बालिकाएं आती है और यही वो समय है जहां से मासिक धर्म का शुरुवात होता है। युवोदय हसदेव के हीरो स्वयंसेवकों का



उद्देश्य मासिक धर्म शुरू होने या जब शुरुवात होता है उसी समय हमे यह पता होना चाहिए कि वास्तव में मासिक धर्म या माहवारी क्या है? इस दौरान हमे क्या सावधानी बरतनी चाहिए, स्वच्छता अपनाना चाहिए, पौष्टिक आहार लेना चाहिए एवं प्रयोग होने वाले अपशिष्ट के निपटान का भी जानकारी होना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड बम्हनीडीह के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजंबर सिंह जी बच्चों के साथ जुड़कर मासिक धर्म की जानकारी प्रदान की साथ ही उपस्थित सभी बच्चों को उपहार व प्रोत्साहित करते सेनेटरी नेपकिन वितरण भी किया। साथ ही उपस्थित आर.एच.ओ. बालमति सोनी दीदी ने भी बालिकाओं से परिचर्चा करते हुए माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर चर्चा किया। युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम से जिला समन्वयक विनोद कुमार साहू ने गतिविधि के माध्यम से बच्चो से जुड़ते हुए बाल्यावस्था, किशोरावस्था, मासिक धर्म, बाल अधिकारी एवं पढ़ाई का कोना बनाने और अभिभावकों से आज क्या सीखा पूछने के लिए प्रेरित किया। बम्हनीडीह विकासखंड समन्वयक तरुण कुमार साहू ने बताया कि इसी तरह विकासखंड के सभी 78 पूर्व माध्यमिक शालाओं में स्वयंसेवक एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन व बेहतर स्वास्थ्य हेतु जागरूक करने पहुचेंगे।

साथ ही बच्चों के बेहतर शिक्षा हेतु पढ़ाई का कोना बनाने और अभिभावकों से आज क्या सीखा? पूछने हेतु प्रेरित करेंगे। ग्राम पंचायत चोरिया से सक्रिय स्वयंसेविका सुनीता देवांगन भी उपस्थित रही। उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षक व पदाधिकारियों धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# पुलिस अधिकारी वाई एन शर्मा का लॉन्च हुआ गणेश चतुर्थी को लेकर श्री गणेशाय भजन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला शक्ति में पदस्थ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी वाई एन शर्मा जहां अपने विभागीय जिम्मेदारियो का भी सजगता के साथ निर्वहन करते हैं, तो वहीं उन्होंने संगीत के महत्व को देखते हुए अपनी दशको पुरानी इस कला को प्रभु श्री गणेश जी के चरणों में अर्पित किया है,वाई एन शर्मा का गणेश चतुर्थी को लेकर श्री गणेशाय नमः भजन यूट्यूब पर लॉन्च हो चुका है, एवं प्रतिदिन इस भजन को हजारों की संख्या में लोग जहां सुन रहे हैं तो वहीं इसे लाइक भी कर रहे हैं एवं सब्सक्राइब भी कर रहे हैं. तथा वाई एन शर्मा का कहना है कि आज संगीत का जीवन में विशेष महत्व होता है, एवं भगवान श्री गणेश जी विटन



विनायक है, एवं वे जहां लोगों की सभी मन्नतों को पूरी करते हैं तो वहीं उनके स्मरण मात्र से सारे संकटों का निवारण होता है, एवं उन्होंने यह प्यारा सा भजन भगवान गणेश जी के चरणों में अर्पित किया है, तथा उनकी इच्छा है कि वे आगे इसी तरह से पुलिस की नौकरी से सेवानिवृत होने के बाद लोगों को भगवान की भक्ति एवं जीवन में संगीत के महत्व को लगातार बनाए रखने की दिशा में पहल करेंगे तथा वाई एन शर्मा के पुराने नगमे भी काफी लोकप्रिय हैं, एवं वे समय-समय पर पुलिस विभाग द्वारा आयोजित ऐसे सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी अपनी प्रस्तुति देने से नहीं चूकते तथा पुलिस महकमें के अधिकारी भी उनकी इस कला पर उनकी तारीफ करते नहीं थकते तथा शक्ति जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक जी के स्टेनो के रूप में वे सेवाएं दे रहे हैं तथा वे अपनी कर्तव्यों के प्रति भी काफी जिम्मेदार एवं सजग हैं एवं उनकी इस यूट्यूब में भजन लांच होने पर पूरे जिले वासियों ने उन्हें बधाई दी है. वाई एन शर्मा समय-समय पर विभिन्न धार्मिक तथा अन्य विशेष दिवसों पर भी अपने भजन यूट्यूब पर लॉन्च करते हैं, एवं पुलिस विभाग में भी उनकी कर्तव्यनिष्ठता को लेकर पुलिस के आला अधिकारी भी उनसे प्रेरणा लेते हैं, एवं वाई एन शर्मा भी जहां पुलिस विभाग में सेवाएं देते हुए सेवानिवृत्ति की कगार पर हैं।

**कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति), जिला उत्तर बस्तर - कांकेर**

**// अल्पकालिन निविदा //**

एन.आई.टी. क्रमांक/33 से 39 / जि.नि.स./2024-25 — कांकेर, दिनांक 27.08.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत टेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि - (रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ) — 05/09/2024 (सायं 5.00 बजे तक)
2. आवेदन परीक्षण पश्वात् मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि - — 11/09/2024 ( सायं 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - — 13/09/2024 (प्रातः 11:00 बजे से
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - — 20/09/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि - — 24/09/2024 (दोपहर 12:30 बजे से)

इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं।

| क्र. | NIT No | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा का स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 33 | शासकीय प्रा.शाला छींदपदर में भवन निर्माण कार्य | 19.06 | 15,500/- | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 34 | शास. उ. मा. विद्यालय हांकेर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण<br>शास. उ.मा. विद्यालय छोटेबेटिया में अतिरिक्त कक्ष निर्माण<br>शास. उ.मा. विद्यालय माटोली में अतिरिक्त कक्ष निर्माण<br>शास. उ.मा. विद्यालय हांकेर में प्रयोगशाला कक्ष निर्माण<br>शास. उ.मा. विद्यालय एसेबेड़ा में प्रयोगशाला कक्ष निर्माण<br>शा.प्रा.शाला पी.व्ही.-21 (वि.खं.कोयलीबेड़ा) में 01 अति. कक्ष निर्माण<br>शा.प्रा.शाला झनकुपारा (वि.खं.कोयलीबेड़ा) में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण<br>शा.प्रा.शाला पी.व्ही.-72(कोयलीबेड़ा) में 01 अति. कक्ष निर्माण<br>शास हाई स्कूल घोड़ागांव में कला एवं सांस्कृतिक कक्ष निर्माण<br>स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरनगढ़ में कला एवं सांस्कृतिक कक्ष<br>शास. उ.मा. विद्यालय गोण्डाहुर में कला एवं सांस्कृतिक कक्ष निर्माण | 75.84 | 57,000/- | प्रथम, द्वितीय एवं चतुर्थ आमंत्रण |
| 3 | 36 | शा.प्रा. शाला मांझीकुरुसबोड़ी (वि.खं.कोयलीबेड़ा) में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण।<br>शा.प्रा.शाला मनहाकाल (कोयलीबेड़ा) में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण<br>शा.प्रा.शाला उपर कोंगेरा (अंतागढ़) में अतिरिक्त कक्ष निर्माण<br>शा.प्रा.शाला हुरातरई (अंतागढ़) में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण | 30.16 | 23,000/- | चतुर्थ आमंत्रण |
| 4 | 37 | शास. प्रा. शाला मुरडोगरी (कांकेर) में अतिरिक्त कक्ष निर्माण<br>स्वामी आत्मानंद विद्यालय चाराम में अतिरिक्त का निर्माण<br>स्वामी आत्मानंद उल्ट विद्यालय चाराम मे 03 नग शौचालय निर्माण<br>स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय नरहरपुर में कला कक्ष निर्माण कार्य | 25.35 | 20,000/- | प्रथम आमंत्रण |
| 5 | 38 | शास. उ.मा. विद्यालय भीरागांव (भानुप्रतापपुर) में अतिरिक्त कक्ष निर्माण<br>शास. उ.मा. विद्यालय भानबेड़ा (भानुप्रतापपुर) में कला कक्ष निर्माण | 13.19 | 10,000/- | प्रथम आमंत्रण |
| 6 | | शास हाई स्कूल सुरूंगदोह (दुकोन्दल) में कला एवं सांस्कृतिक कक्ष निर्माण।<br>शास हाई स्कूल सुरूंगदोह (दुर्गकोन्दल) में पुस्तकालय कक्ष निर्माण। | 14.69 | 11,500/- | प्रथम आमंत्रण |

जी-242502061/5

कलेक्टर
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर

## अभियान चलाकर मुख्य सड़क मार्गो से मवेशियों को हटाने की कार्यवाही करें

# कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में कानून व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। जिले में यदि कोई कानून व्यवस्था भंग करने की कोशिश करे, तो उस पर सख्त कार्यवाही किया जाए। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने लगातार पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का पूरी क्षमता के साथ निर्वहन करते हुए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सूचना तंत्र मजबूत रखें। मैदानी स्तर के अमलों से सतत संपर्क बनाए रखें। साथ ही



कहीं भी कानून व्यवस्था बिगड़ने की संभावना हो, तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति, समुदाय या वर्ग द्वारा भ्रामक जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई जाती है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी संजय यादव, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान, अजीत पुजारी, गिरीश रामटेके, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, एसडीएम पथरिया बी.आर. ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित एसडीओपी, थाना प्रभारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**अभियान चलाकर मुख्य सड़क मार्गो से मवेशियों को हटाने की कार्यवाही करें-** बैठक में कलेक्टर और एसएसपी ने जिले के मुख्य सड़क मार्गों से आवारा मवेशियों को हटाने के कार्यवाही के संबंध में सभी सीएमओ और जनपद सीईओ से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी मुख्य सड़क मार्ग में आवारा मवेशी नहीं दिखना चाहिए। अभियान चलाकर मवेशियों को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने मवेशियों को हटाने के लिए टीम गठित करने और शिकायत हेतु नम्बर भी जारी करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनपद सीईओ मुख्य सड़क मार्गों के आसपास के गांवों के लोगों की मीटिंग कर मवेशियों को खुले में न छोड़ने की समझाईश दें। एसएसपी ने कहा कि सड़कों में आवारा मवेशी नहीं दिखना चाहिए। अधिकारी फील्ड में जाकर इस कार्य का गंभीरता से निगरानी करें। इसका सकारात्मक परिणाम दिखना चाहिए। कहीं भी मवेशी के वजह से दुर्घटना की शिकायत नहीं मिलना चाहिए।

**शराब पीकर वाहन चलाने वाले का लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही करें-** कलेक्टर एवं एसएसपी ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले का लाइसेंस निलंबन के लिए प्रकरण भेजें। बैठक में हिट एंड रन के प्रकरणों के संबंध में भी जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि हिट एंड रन मोटर दुर्घटना में मृत्यु के प्रकरण के लिए 02 लाख रूपए और गंभीर चोट के लिए 50 हजार रूपए मुआवजा राशि का प्रावधान है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम मे शामिल हुये विधायक दीपेश

## बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारंभ स्थानीय विधायक दिपेश साहू की अध्यक्षता में शहरी क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बेमेतरा में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान विधायक दिपेश साहू द्वारा उपस्थित बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाकर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा ओमप्रकाश जोशी अध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा शकुंतला मंगत साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा पंचू साहू, पार्षद वार्ड क्रमांक 09 कोबिया साधे लाल बघेल जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अधीक्षिका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बेमेतरा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। डॉ वाई के ध्रुव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बेमेतरा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन प्रत्येक वर्ष में दो बार छः माह के अंतराल में आयोजित किया जाता है। जिसके दौरान सभी 1 से 19 वर्ष के बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेन्डाजॉल की गोली का सेवन कराया जाता है। कृमि नाशक दवा खिलाने के लिए समस्त विद्यालय, निजी / शासकीय, तकनिकि शिक्षण



संस्थान, आंगनबाडी केन्द्रों में अध्ययन कर रहे एवं शाला त्यागी बच्चों व किशोर किशोरियों को कृमि नाशक दवा का सेवन कराने का लक्ष्य रखा जाता है। इस वर्ष में आज दिनांक 29 अगस्त 2024 को आयोजित कृमि मुक्ति दिवस में जिला बेमेतरा के कुल 03 लाख 72 हजार बच्चों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृमि नाशक दवा की खुराक 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली चुरा करके, 02 से 03 वर्ष के बच्चों को एक पूरी गोली चूरा करके एवं 03 से 19 वर्ष आयु के बच्चों व किशोर किशोरियों को एक पूरी गोली चबाकर खिलाया जायेगा। इसके साथ ही जो बच्चे राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर दवा सेवन करने से छुट गए है, उन्हें 04 सितम्बर 2024 को मॉप अप दिवस पर दवा का सेवन कराया जायेगा। डॉ. शरद कोहाडे, नोडल अधिकारी शिशु स्वास्थ्य ने बताया की कृमि के वजह से बच्चों में कुपोषण व खुन की कमी हो जाता है। मानसिक व शारीरिक विकास होने में कमी हो जाती है। इस वजह से बच्चों में हमेशा थकावट रहती है। कृमि नाशक दवा सेवन करने से पेट में पनप रहे कृमि को खत्म करेगा, इसके साथ साथ कृमि से बचाव के तरीको के बारे में भी जानकारी दी गई, कृमि से बचाव हेतु आसपास साफ सफाई, नाखुन छोटे रखना, खुले भोजन नहीं करना, खुले में शौच न जाना, शौच के पश्चात हाथ धोना, साफ पानी से फल एवं सब्जियों को धोकर पकाने एवं खाने की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार धुर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कतली में कक्षा 06 वीं से 08 वीं तक के बच्चों को कृमि मुक्ति दिवस के बारे में जानकारी देते हुए उपस्थित बच्चों को कृमि नाशक दवा का सेवन कराते हुए कृमि से बचाव के बारे में जानकारी दिया गया। अपर कलेक्टर द्वारा स्कूल में बच्चों के कक्षा में अंग्रेजी की पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली गई, कक्षा 08वीं की छात्रा कुमारी काजल साहू द्वारा बहुत ही अच्छी अंग्रेजी का उच्चारण कर किताब पढ़ने के साथ ही 20 से 40 का पाहड़ा भी सुनाया गया। जिससे अधिकारियों ने प्रसंशा कर साबासी दिया।

# कृष्ण का संपूर्ण जीवन प्रबंधन की किताब है : कविता योगेश बाबर



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

यादव समाज डोमा के तत्वावधान में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कृष्ण जन्म महोत्सव तथा शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्य म में मुख्य रूप से विधायक ओंकार साहू, वन सभापति कविता योगेश बाबर,सभापति गोविंद साहू, अमरदीप साहू सरपंच लक्ष्मी नारायण बंजारे उपस्थित थे। कार्य म का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व पूजन कर किया गया। अतिथि स्वागत उपरांत उद्बोधन की कड़ी में विधायक ने सभी यादव समाज जनों को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि आप सभी श्री कृष्ण के वंशज हो आपके समाज का एक गौरव शाली इतिहास रहा है आप सभी का कर्तव्य है कि उस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज को उच्च स्थान की ओर अग्रसर करे । बाबर ने भी सभा को संबोधित करते हुए समाज जनों को बधाई दी और कहा कि श्री कृष्ण का संपूर्ण जीवन प्रबंधन की किताब है कृष्ण को मैनेजमेंट मास्टर व जगदगुरु की भी संज्ञा दी गई है कृष्ण का जीवन कहता है आप कोई भी हो संसार में आए हो तो संघर्ष करना ही पड़ेगा जीवन जीने की परिभाषा से लेकर कर्म से होकर वैराग्य तक जाने का मार्ग श्री कृष्ण ने ही बताया है अतः हमे श्री कृष्ण के जीवन दर्शन से सीख लेकर अपने मानव जीवन को सफल बनाना चाहिये सभा को उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया इस अवसर पर समाज प्रमुख कुंज लाल यादव दयालाल साहू ब्रिज भान साहू जगेशर यादव हेमलाल साहू सन्तराम साहू व बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे

# मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से भावेश बना मेडिकल स्टोर का मालिक

## अब हर माह 25 हजार से अधिक की हो रही है आय



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से लाभ पाकर गरियाबंद जिला के ग्राम लोहरसी निवासी भावेश तिवारी अब खुद के मेडिकल स्टोर के मालिक बन गए हैं। मेडिकल स्टोर से उन्हें 20 से 25 हजार रुपए प्रतिमाह का मुनाफा हो रहा है, जिससे वे बहुत खुश हैं तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार मान रहा है। भावेश तिवारी ने बताया कि वे डिप्लोमा इन फार्मेसी करने के बाद शासकीय सेवा की तैयारी कर रहा था। लेकिन किसी कारणवश उनका शासकीय सेवा में चयन नहीं हो पाया। साथ ही उनके पास आय का कोई अन्य साधन भी नहीं होने के कारण उन्होंने स्वयं का मेडिकल स्टोर्स स्थापित करने के बारे में सोचा। मेडिकल स्टोर के लिए उनके पास पर्याप्त पूंजी नही था, जिससे वे मेडिकल स्टोर्स स्थापित नहीं कर सका। फिर किसी ने भावेश को बताया कि मेडिकल स्टोर्स शुरू करने में दिक्कत हो रही है तो वे जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से संपर्क कर जानकारी लें। उन्होंने एक दिन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कार्यालय गरियाबंद पहुंचकर अधिकारियों से सम्पर्क किया। वहां के अधिकारियों ने उन्हें स्वरोजगार योजना के बारे में विस्तारपूर्वक से जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्हें इस योजना के लिए आवेदन करने प्रेरित किया। उन्होंने निर्धारित प्रारूप में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में आवेदन प्रस्तुत किया। उनके आवेदन को बारिकी से परीक्षण करने के पश्चात यूनियन बैंक फिंगेश्वर प्रेषित किया गया, जिसे बैंक द्वारा 12 दिसम्बर 2023 को एक लाख 80 हजार रूपये का उन्हें ऋण वितरण किया गया। साथ ही विभाग द्वारा 20 हजार रूपये का अनुदान प्रदान किया गया। भावेश तिवारी ने फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम बेलर में स्वयं का मेडिकल स्टोर्स स्थापित किया, जिससे उन्हें रोजगार तो मिला ही साथ एक अन्य व्यक्ति को भी रोजगार दे रहा है। उन्होंने बताया कि मेडिकल स्टोर्स से उन्हें प्रतिमाह 25 हजार रूपये का शुद्ध आय प्राप्त कर रहा है, जिससे वे अपने परिवार का अच्छे से भरण पोषण कर रहा है। भावेश तिवारी ने जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं राज्य शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वरोजगार योजना हमारे जैसे अन्य युवाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है।

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

## 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के नागरिकों का मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन, स्थानातंरण एवं प्रविष्टि में किसी भी प्रकार के आवश्यक संशोधन हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 जारी कर दिया गया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 29 अक्टूबर, 2024 (मंगलवार) को प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जावेगा और इसी के साथ दावा/आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ हो जावेगी। सभी नागरिक 28 नवम्बर, 2024 (गुरुवार) तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इस दौरान 09 नवम्बर 2024 (शनिवार), 10 नवम्बर 2024 (रविवार) एवं 16 नवम्बर 2024 (शनिवार), 17 नवम्बर 2024 (रविवार) को समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का भी आयोजन किया जावेगा। इस अवधि में प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों का निराकरण पूर्ण कर 06 जनवरी, 2025 (सोमवार) को निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। आयोग के निर्देशानुसार प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर, 2024 (मंगलवार) एवं अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी, 2025 (सोमवार) को सभी मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची का प्रकाशन कार्यालय के वेबसाईट पर भी किया जावेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य अंतर्गत सभी बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा 20 अगस्त, 2024 से 18 अक्टूबर, 2024 तक घर-घर सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी तथा मृत मतदाताओं हेतु आवश्यकतानुसार फार्म-8/ फार्म-7 भरने की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी। इसके अलावा DSE (Demographically Similar Entries) के माध्यम से डुप्लीकेट मतदाताओं के लिये फार्म-7 भरने की कार्यवाही भी घर-घर सर्वे के दौरान की जावेगी। ऐसे युवा नागरिक, जो 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, वे प्ररूप-6 में आवेदन प्रस्तुत कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते है। इस दौरान मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन हेतु प्ररूप-7 में आवेदन प्राप्त किया जावेगा तथा त्रुटिपूर्ण नामों के सुधार, अन्य आवश्यक संशोधन एवं किसी भी प्रकार के स्थानातंरण हेतु प्रारूप 8 में आवेदन प्राप्त किया जावेगा। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार दिनांक 01 जनवरी के अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर, 2025 की स्थिति में भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा नागरिक निर्धारित प्ररूप 6 में अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु अग्रिम आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने हेतु आम नागरिक अपने मतदान केन्द्र में बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से निर्धारित फार्म प्राप्त कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा नागरिकों के लिये 'वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है।

# बिना अनुमति संचालित जिला के अलग अलग निजी चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य विभाग की रेड

## 12 को विभाग ने जारी किए नोटिस

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने बिना किसी वैध अनुमति से जिले में संचालित निजी अस्पताल तथा डायग्नोस्टिक सेंटरों पर कार्रवाई के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए थे। इस कड़ी में आज कसडोल विकासखंड के 12 चिकित्सा संस्थानों में नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में टीम ने रेड कार्रवाई करते निरीक्षण किया साथ ही नोटिस देकर विधिवत अनुमति लेने की अंतिम चेतावनी दी गई है। सीएमएचओ ने बताया की जिले में इस प्रकार के बिना अनुमति के खोले गए संस्थानों के निरीक्षण हेतु टीम का गठन किया गया है। आज इस टीम द्वारा ही रेड कार्रवाई की गई। परीक्षण के दौरान इन संस्थानों द्वारा बिना नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन संचालन करना पाया गया है। इसके लिए स्थान पर ही उन्हें नोटिस दिया गया। नोटिस में उल्लेख है की बिना अनुमति संस्था का संचालन करने पर प्रथम बार संचालक पर राज्य उपचर्या गृह तथा रोगोपचार सम्बंधी स्थापनाएँ अनुज्ञापन नियम 2010 के अध्याय एक के नियम 4 के अनुसार 20 हज़ार के जुर्माने का प्रावधान है। जबकि दूसरी बार ऐसा करते पाए जाने पर दोष सिद्ध होने पर 03 वर्ष का कारावास अथवा 50 हज़ार जुर्माना अथवा दोनों के भागी होंगे। जिन संस्थाओं की जांच की गई उसमें वर्मा पैथोलॉजी कटगी,गायत्री क्लीनिक कटगी, गुप्ता क्लीनिक कटगी , क्योर बे ई क्लीनिक कसडोल,,शर्मा मेटा पैथोलॉजी कसडोल,सिटी डेंटल केयर कसडोल,कबीर पैथोलोजी कसडोल,वासु पैथोलॉजी छांछी, ओम हेल्थ सेंटर छांछी,श्री रत्ना क्लीनिक कसडोल शामिल है। सी एम एच ओ के अनुसार आगे भी जिले में यह जांच जारी रहेगी तथा बिना अनुमति संचालित संस्थाओं पर कार्रवाई की जाएगी। जाँच टीम में डॉ कल्याण सिंह कुरुवंशी जिला नोडल अधिकारी नर्सिंग होम,डॉ रवि शंकर अजगल्ले बीएमओ कसडोल नूतन प्रकाश प्रधान,स्टेनो तथा दीपक चंद्रवंशी बायो मेडिकल इंजीनियर उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा वीसी के माध्यम से एसटीपी में उपचारित जल के पुर्नउपयोग हेतु किये जा रहे कार्य पर औद्योगिक समूहों से चर्चा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय के निदेषक द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नगर पालिक निगम रायपुर में दूषित जल के प्रबंधन की अद्यतन स्थित एसटीपी का पूर्ण क्षमता से संचालन तथा उपचारित जल के पुर्नउपयोग हेतु की जा रही कार्यवाही की अद्यतन स्थिति की जानकारी पर रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा से चर्चा की। इस दौरान रायपुर एनर्जी लिमिटेड तिल्दा (अडानी पावर), एनएसपीसीएल भिलाई के प्रतिनिधियों से भी विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों ने चर्चा की। औद्योगिक समूहों से नगर निगम रायपुर द्वारा निमोरा में 90 एमएलडी, चंदनीडीह में 75 एमएलडी, कारा में 35 एमएलडी, भाठागांव में 6 एमएलडी उक्त 4 एसटीपी की कुल क्षमता 206 एमएलडी के विरूद्ध प्रतिदिन औसतन 179 एमएलडी सीवेज का उपचार किये जाने की जानकारी पर चर्चा की गई एवं विद्युत मंत्रालय द्वारा उद्योग समूहों को नगर निगम रायपुर से शीघ्र उपचारित जल प्राप्त करने सहमति कायम करने कहा गया। वहीं नगर निगम को विद्युत मंत्रालय ने उपचारित जल के पुर्नउपयोग हेतु त्वरित कार्यवाही करने उद्योगो से सहयोग करने कहा गया। केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा ली गई विडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान निगम मुख्यालय के डाटा सेंटर में आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, सहायक अभियंता योगेश कडु की उपस्थिति रही। अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि आलोक फेरो एलायज लिमिटेड के साथ नगर निगम रायपुर द्वारा एमओयू 19 जून 2024 को पारित किया गया। उद्योग द्वारा 24 अगस्त से पाईप लाईन 4 एमएलडी हेतु पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके पूर्व बृजेष स्टील लिमिटेड से 7 एमएलडी उपचारित जल लेने 2 जनवरी 2024 को एमओयू कारित किया गया। उद्योग द्वारा पाईप लाईन सर्वे कर डीपीआर तैयार किया जा रहा है। मेसर्स मां कुण्डलगढ़ी पावर एण्ड इस्पात प्रा. लि. द्वारा 3 नवम्बर 2023 को एमओयू कारित किया गया। उद्योग द्वारा पाईप लाईन सर्वे कर डीपीआर तैयार किया जा रहा है एवं इस हेतु टैंकर के माध्यम से उद्योग द्वारा उपचारित जल लेना प्रारंभ कर दिया गया है। भाठागांव 6 एमएलडी एसटीपी से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा रोड, लैण्डस्केपिंग में 1 लाख लीटर उपचारित जल का उपयोग किया जा रहा है। इसी प्रकार गोदावरी पावर एवं इस्पात लिमिटेड तिल्दा द्वारा 27 एमएलडी उपचारित जल हेतु प्लांट का निरीक्षण तथा टेस्टिंग किया जाना प्रस्तावित है। इसके उपरांत उद्योग सहमति प्रदाय किये जाने पर एमओयू की कार्यवाही की जायेगी। एनएसपीसीएल भिलाई को 18 एमएलडी उपचारित जल हेतु प्री फिज़ीबिलिटी रिपोर्ट नगर निगम रायपुर द्वारा प्रेषित की गई थी। ड्राफ्ट एमओयू 14 मार्च 2024 को एनएसपीसीएल को प्रेषित किया गया है। प्रकरण को उद्योग के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में रखकर अनुमोदन प्राप्त होने पर एमओयू की कार्यवाही उद्योग द्वारा की जायेगी। रायपुर एनर्जी लिमिटेड तिल्दा (अडानी पावर) द्वारा 68 एमएलडी उपचारित जल हेतु तिल्दा में अपने पावर प्लांट के क्षमता विस्तार हेतु आवष्यक जल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से प्रदाय किये जाने हेतु प्लांट का निरीक्षण कर उपचारित जल का सेम्पल लिया जाकर परीक्षण किया गया है। एमओयू हेतु उद्योग द्वारा अब तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि आलोक फेरो एलायज लिमिटेड के साथ नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा विगत 19 जून 2024 को एमओयू के क्रियान्वयन के साथ ही कारा एसटीपी से 1 एमएलडी और निमोरा एसटीपी से 3 एमएलडी कुल 4 एमएलडी जल औद्योगिक उपयोग उपचारित करने पष्चात हेतु प्रतिदिन 6000 रू. प्रति एमएलडी जल देने पर नगर निगम रायपुर को प्रति वर्ष लगभग 84 लाख रू. वार्षिक आय होने एवं इससे 40 लाख लीटर जल का संरक्षण सहज तरीके से होने का मार्ग पूरी तरह प्रषस्त हो गया है। ज्ञात हो कि प्रदेष के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आदेषानुसार एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव के निर्देषानुसार रायपुर जिला प्रशासन सहित नगर पालिक निगम रायपुर राजधानी शहर में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के साथ मिलकर नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर राज्य शासन की समाज हितकारी मंषा के अनुरूप विभिन्न योजनाओ में तेजी से कार्य कर रहा है। समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभिनव पहल करते हुए नगर निगम रायपुर द्वारा हीरा ग्रुप की इकाई आलोक फेरो एलायज लिमिटेड के साथ एमओयू अनुसार नगर निगम रायपुर कारा, एसटीपी से 1 एमएलडी एवं निमोरा एसटीपी से 3 एमएलडी जल आलोक फेरो एलायज लिमिटेड को औद्योगिक उपयोग हेतु प्रतिदिन 6000 रू. प्रति एमएलडी की दर पर प्रदान करेगा। कारा और निमोरा एसटीपी से लेकर हीरा ग्रुप की इकाई के प्लांट के क्षेत्र तक उक्त जल ले जाने आवष्यक पाईप लाईन फिल्टर सिस्टम डालने के कार्य में लगने वाला सम्पूर्ण व्यय हीरा ग्रुप की इकाई आलोक फेरो एलायज लिमिटेड द्वारा वहन किया जायेगा। इससे नगर निगम रायपुर को प्रति वर्ष लगभग 84 लाख रू. की वार्षिक आय होगी।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर झूम उठा मां गोदावरी आंनद वृद्धाश्रम





पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

एक तरफ जहां श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव देशभर में धूमधाम के साथ मनाया गया वहीं, राजधानी रायपुर के सीमांत ग्राम गोमची स्थित मां गोदावरी आंनद वृद्धाश्रम में इस मौके पर बच्चे और बुजुर्गों ने अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से शमां बांध दिया। कृष्ण लीला के बाल स्वरूप से लेकर भजन गायन की ऐसी प्रस्तुती पर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं हीरा ग्रुप की एमडी प्रभा बंजरग अग्रवाल भी झूमने लगीं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के बारे में मां गोदावरी आंनद आश्रम के ट्रस्टी चेयरमैन कल्पना योगेश तिवारी ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर मां गोदावरी आंनद आश्रम में सुबह श्रीकृष्ण भगवान की पूजा अर्चना कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हीरा ग्रुप की एमडी प्रभा बंजरग अग्रवाल, कंपनी के डायरेक्टर सिद्धार्थ अग्रवाल, राधिका अग्रवाल सहित गोदावरी आश्रम के सभी बुजुर्ग गण व अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस मौके पर हीरा ग्रुप की एमडी प्रभा बंजरग अग्रवाल ने मां आनंद वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को संबोधित करते हुए कहा कि बुजुर्गों की सुख सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वृद्धाश्रम में बेहतरीन सुविधाएं देने की कोशिश की जा रही है। ऐसी कोशिशों में आप लोगों को किसी भी तरह की कोई तकलीफ हों तो आप बेझिझक बता सकते हैं। उन्होंने बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को जल्द ही और भी साथी मिलने वाले हैं। साथ ही प्रभा बंजरग अग्रवाल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले कलाकार बच्चों और बुजुर्गों की प्रस्तुति की काफी तारीफ की। वहीं, इस मौके पर उपस्थित योगेश तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिन्दू सनातन संगठन एवं भाजपा किसान नेता, ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के बीच

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पात्र बच्चों को निःशुल्क कोचिंग की मिलेगी सुविधा

**गरियाबंद।** श्रम विभाग अधीन छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को स्वयं अथवा उनके आश्रित संतानों, दत्तक संतानों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिलेगी। निर्माण श्रमिकों के बच्चों को पीएससी (लोक सेवा आयोग), छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, एसएससी- कर्मचारी चयन आयोग, आईबीपीएस (बैंकिंग), रेल्वे, पुलिस भर्ती एवं समय-समय पर होने वाले अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग का अवसर प्रदान किया जायेगा। इसका उद्देश्य निर्माण श्रमिकों के जीवन स्तर में सामाजिक, श्रेणीगत परिवर्तन लाना तथा सशक्त बनाकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ना है।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

Fax NO.07786-242230 Email-emokondagaon.2010@rediffmail.com

क्रमांक 2315/न.पा./ लो.नि.शा./ 2024 — कोण्डागांव, दिनांक 28.08.2024

**// शुद्धिपत्र //**

एतद् द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक/1237/न.पा./ लो.नि.शा./2024 कोण्डागांव दिनांक 30.07.2024 एवं संशोधित पत्र क्रमांक/2121/न.पा./ लो.नि.शा./ 2024 कोण्डागांव दिनाक 20.08.2024 के अनुसार विभिन्न सामग्री प्रदाय एवं अन्य कार्यों हेतु मैनुअल पद्धति से निविदा आंमत्रित की गई है जिसमें प्रत्येक कार्य हेतु अमानत राशि के रूप में 03 प्रतिशत निर्धारित किया गया है जिसके स्थान पर 01 प्रतिशत की अमानत राशि के रूप में लिया जाना है। निविदा में से सफाल निविदाकार को कार्यादेश से पूर्व 03 प्रतिशत अमानत राशि जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव**
**जिला-कोण्डागांव, छ.ग.**

## कार्यालय, जनपद पंचायत डोंगरगांव जिला-राजनांदगांव

**// नीलामी सूचना //**

क्रमांक /1346 ज.प./स्था./2024-25 — डोंगरगांव, दिनांक-29/08/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत व्यवसायिक परिसर (नव निर्मित दुकान) की नीलामी दिनांक 16/09/2024 दिन सोमवार को दोपहर 01:00 बजे से जनपद पंचायत सभाकक्ष में किया जाना है।

इच्छुक उम्मीदवार उक्त नीलामी के पूर्व 12,500/- अक्षरी बारह हजार पांच सौ रूपयें मात्र प्रति दुकान अग्रिम प्रतिभूति राशि जनपद पंचायत डोंगरगांव में जमा करने पर नीलामी में भाग ले सकेगें। अन्य शर्ते एवं जानकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव में कार्यालयीन समय में अवलोकन किया जा सकता है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत डोंगरगांव**

## न्यायालय तहसीलदार छुरिया मामले की श्रेणी: राजस्व

**सदर्भः- जिला- राजनांदगांव तहसील-छुरिया प.ह.न. 00020 छुरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमाक-CG-2024-25-128-1-614**

**// ईश्तहार //**

तहसील छुरिया के प.ह.न. 00020 के अंतर्गत ग्राम छुरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी KAJAL JAIN पिता/पति-BHOOPESH KUMAR JAIN -WARD NO-03 SITABARDI CHHURIYA TAH CHHURIYA के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमाक 415/5(0.1210) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता PRAMOD KUMAR DASHARIYA पिता/पति-BHAJAN DAS DASHARIYA पता-VILL BAMHNICHARBHATHA TAH CHHURIYA के नाम पर पंजीयन फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/09/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार छुरिया पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/08/2024 को जारी किया जाता है।**

मुहर

**तहसीलदार**
**VIJAY KOTHARI**
**तहसील-छुरिया**

## कार्यालय संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-4903223 Email Id : cocghbzone@gmail.com

**// आम-सूचना //**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनान्तर्गत, शंकर नगर, रायपुर में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-79, सेक्टर-02, **श्रीमती लीलाम्मा डेनियल पति श्री वर्की डेनियल** को नामांतरित किया गया है। उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 28.04.1993 को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। वर्तमान में नामांतरी **श्रीमती लीलाम्मा डेनियल पति श्री वर्मी डेनियल**, निवासी-एल.आई.जी.-79, सेक्टर-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को क्रेता 1. **श्री जय कुमार साहू पिता श्री रेखराम साहू, एवं 2. श्रीमती वर्षा साहू पति श्री शंकर लाल साहू,** निवासी म.न.-497, कालीमाता वार्ड-30. दुर्गा चौक के पास, गांधी नगर, पण्डरी, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर**

## न्यायालय जिला दण्डाधिकारी उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़)

**// सूचना पत्र //**

**मामले का विषय** -वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन 2002/14(1)(2)।
**मामला का क्रमाक**-20246140100014/ वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन 2002/14(1)(2)।
**आवेदक -** आवास फायनेन्सर्स लिमिटेड
पता -निवासी दीप कुंज आकाश अपार्टमेंट, खमतराई, खमतराई-2 रायपुर छत्तीसगढ़

**विरुद्ध**

**आवेदकगण-**(1) अशोक कुमार पता-निकसी वार्ड नम्बर-13 सेन समाज भवन के पास बंगला पारा चरामा एस.ओ कांकेर, अन्य पता PROPERTY SITUATED AT KH NO.RS485/10, PH NO. fi{ WARD No.- vx MAHATAMA GANDHI WARD NEAR SEN SAMAJ BHAWAN CHARAMA KANKER CHHATTISGARH.

(2) रितु सोनकर पता-निवासी वार्ड नं. 13 सेन समाज भवन के पास बंगला पारा चारामा एस.ओ. कांकेर

(3) अशोक सोनी पता-निवास मकान नं 972 बस्ती पारा चारामा उत्तर बस्तर कांकेर छत्तीसगढ़ 494337

**दावा**

रितु सोनकर पता निवासी वार्ड न 13 सेन समाज भवन के पास बंगला पारा चारामा एस.ओ कांकेर,

आवेदक आवास फायनेनसर्स लिमिटेड द्वारा अधिकृत स्टेट हेड, अमनदीप सिंह सौध पिता ज्ञान सिंह सौध, निवासी दीप कुंज आकाशा अपार्टमेंट खमतराई, खमतराई 2 रायपुर छत्तीसगढ़ की ओर से श्री पीआर जैन अधिवक्ता द्वारा अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 (सरफेसी अधिनियम 2002) के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ऋणी अनावेदक अशोक कुमार पिता नटवरलाल के द्वारा आवास फायनेनसर्स लिमिटेड से दिनाक 25.11.2020 को राशि 11,00,000.00 (ग्यारह लाख) रूपये गृह ऋण लिया था, जिसका सह-ऋणी आप स्वयं एवं अनानेदक क्रमांक 03 अशोक सोनी पिता संतोष सोनी है। आपका उक्त खाता दिनांक 03.08.2023 को एन.पी.ए. घोषित हो चुका है। वर्तमान समय में आवेदक आवास फायनेनसर्स लिमिटेड को आपसे दिनांक 07.08.2023 तक देय ब्याज एवं अन्य प्रभार वसूली दिनांक तक 11,67,127.00 ग्यारह लाख सड्सठ हजार एक सौ सताईस) रूपये लिया जाना है। आवेदक आवास फायनेनसर्स लिमिटेड धारा 13(2) के तहत अनावेदकगण को 60 दिवस की मांग सूचना पत्र दिनाक 09.08.2023 को जारी कर नियत अवधि में बकाया राशि का मांग किया गया था, किन्तु नियत अवधि व्यतीत होने के बाद भी ऋण जमा नहीं किया गया। अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रतिकात्मक कब्जा हेतु आवेदक द्वारा दिनांक 12 अगस्त 2023 एवं 21 अक्टूबर 2023 को दैनिक समाचार पत्र द. पायनियर हिन्दी समाचार पत्र एवं दैनिक समाचार पत्र द पायनियर अंग्रेजी में विधिवत प्रकाशन किया जा चुका है। अतः आपके स्वामित्व की कृषि भूमि ग्राम चारामा पटवारी हल्का नम्बर 06, तहसील चारामा में स्थित खसरा नम्बर 485/10 रकबा 0.020 हेक्टेयर बंधक सम्पत्ति का आधिपत्य आवेदक वित्तीय संस्थान को दिलाने के लिए आदेश पारित किया जाये।

अतः आप उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु उपस्थित होना चाहते हैं तो नियत तारीख 02.09.2024 को दोपहर 2.00 बजे न्यायालय जिला दण्डाधिकारी उत्तर बस्तर कांकेर के समक्ष उपस्थित होवें।

मुहर

(नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर)
जिला दण्डाधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर

# शहरनामा... शराब कोचियों पर बादशाहत की लड़ाई, जिले में अवैध शराब व्यवसाय का असल मालिक कौन?

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की पांच साल की सत्ता में अवैध शराब को मुद्दा बनाने वाली भाजपा ने अब अवैध शराब व्यवसाय के जरिये ही अपने लोगों को मैनेज करने का काम शुरू कर दिया है।

अवैध शराब के इस व्यवसाय में राजनितिक दखलंदाजी के बाद न सिर्फ आबकारी के राजस्व का नुकसान हो रहा है बल्कि गैंगवार बढ़ने की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब के अवैध व्यवसाय में विवाद की स्तिथि तब से शुरू हुई जब से भिलाई के एक युवक ने इंचार्ज के रूप में यहाँ दखल देना शुरू किया । अब चूँकि शराब के अवैध व्यवसाय से मिलने वाली बड़ी रकम में सबकी हिस्सेदारी तय करनी थी इसलिए स्थानीय कुछ युवाओं को इसमें सहभागी भी बनाया गया जो घूम घूम कर रायपुर से परमिशन लाने की बात लोगों से कहते रहे । इस मामले में हमारे पास जानकारी कम थी लेकिन जब सूचक भाई ने इस विषय में हमें बताया तब पता चला कि शराब के इस अवैध धंधे में डोंगरगढ़ में तो उन लोगों को काम पर लगाया गया है जो कांग्रेस के समय में भी जिम्मेदारी से इसी काम में लिप्त थे। उन्होंने बताया कि राजनितिक रसूखदारों की लड़ाई में वर्तमान समय में ना सिर्फकाम बंद हो गया है बल्कि उससे आबकारी को भी लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान रोजाना हो रहा है।

सूचक भाई ने बताया कि पिछले दिनों प्रदेश स्तर के एक नेता के रिश्तेदार के शराब के मामले में पकड़ाए जाने के बाद स्थानोइय स्तर पर उनके दखल की बात की गई लेकिन एक और धड़े से इस बात से इंकार कर दिया और तब से ही शराब का ये मामला उलझा हुआ है।

अब पूरी बात तिकी हुई है यहाँ कि अवैध शराब के कोचियों पर बादशाहत कायम किसकी रहेगी? स्थानीय रसूखदारों की या फिर शराब के स्वर्णिम धंधे को कायम रखने वाले रजत की ।अवैध शराब के मामले में सूचक भाई ने हमसे समय माँगा और कहा कि एक हफ्ते रुकिए फिर ऐसा अपडेट दूंगा कि मजा आ जाएगा। हमने कहा जितना है कम से कम उतना तो परोस ही दिया जाए।

## जन्मोत्सव का महीना , चुनावों के लिए शक्ति प्रदर्शन

राजनांदगांव में अगस्त का महीना जन्मदिन का महीना होता है। प्रदेश कांग्रेस के दो बड़े नेताओं के अलावा भारतीय जनता पार्टी के भी तीन बड़े नेताओं का जन्मदिन इस माह मनाया जाता है। लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद इस वर्ष का जन्मदिन शक्ति प्रदर्शन ज्यादा रहा । कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता कुछ पीछे रहे भाजपाइयों से। बैनर पोस्टर में भी और कार्यक्रम में भी। कार्यालय पहुंचें सूचक भाई ने बताया कि कई दिनों तक वो घूम घूम कर नेताओं के जन्मदिन का केक खाते रहे। सूचक भाई ने यह भी बताया कि अब भाजपा सरकार आने के बाद भाजपाई नेताओं के यहाँ बड़ी भीड़ जन्मदिन में लगने लगी है जबकि पिछले पांच वर्ष वही कारोबारी नेता कांग्रेसी नेताओं के जन्मदिन पर फूलते नहीं समाते थे।

## इस जन्माष्टमी सोशल मीडिया पर कन्हैया के साथ उनका पूरा परिवार दिखा

हर त्यौहारों का स्वरूप बदलता जा रहा है । इस बार जन्माष्टमी का भी स्वरूप सोशल मीडिया पर कुछ बदला सा रहा । कार्यालय में सूचक भाई के साथ चर्चा हो ही रही थी कि हमने कहा कि छोटे छोटे बच्चे कान्हा बने सोशल मिडिया पर फोटो डाल रहे हैं जो अच्छी बात है । सूचक भाई ने कहा कि नहीं सर, इस बार तो माताएं कौशल्या और पिता वसुदेव भी बने हुए हैं । हमने कहा भाई जब पिता वासुदेव बने हुएब हैं तो माताओं को तो देवकी बनना चाहिए। सूचक भाई ने कहा कि देवकी कारागार में थी तो महिलायें सज नहीं पातीं इसलिए उन्होंने खुद को कौशल्या बनाने में ही रूचि दिखाई। हमने कहा काश कोई खुद से अपने भीतर झाँक के कंस भी बन जाता । लेकिन क्या कहें सब अपने भीतर भगवान् ही देखना चाहते हैं।

# शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर साढ़े 25 लाख की ठगी

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा डोंगरगढ़ के एक व्यक्ति को पैसे कमाने का लालच देकर शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर साढ़े 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ के बुधवारीपारा निवासी सुमित पाल सिंह ने डोंगरगढ़ पुलिस से शिकायत करते बताया कि 4 जून 2024 से 15 जुलाई 2024 के मध्य अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा पैसे कमाने का लालच देकर शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर कुल 25 लाख 47 हजार 870 रुपए की धोखाधड़ी किया है। सुमित पाल ने पुलिस को बताया कि 4 जून को वह जब अपना वाट्सअप चला रहा था तो देखा कि एक वाट्सअप ग्रुप में उसके मोबाइल नंबर को जोड़ा गया है। जिसमें पहले से ही 140 ग्रुप में स्टक संबंधित बातें और कुछ स्टक संबंधित जानकारी बताते थे। इस ग्रुप में एक उमा बेनर्जी नामक सदस्या थी, जो अपने आपको असिस्टेंड हूं करके बताती थी। मैंने 20 जून 2024 को ऐप से मिली इंडियन ओवर सीज बैंक के खाता से ऑनलाईन मोबाईल बैंकिंग माध्यम से 50 हजार रुपए डाला। इसी बीच मैंने लाभ के एक लाख रुपए निकाले, जो कि मेरे एक्सिस बैंक के खाते में आए, फिर 27 जून 2024 को एप नहीं चल रहा था। मैंने असिस्टेंड को बताया तो उसने मुझे एक लिंक टैग किया जो कि गूगल क्रोम से ओपन हुआ और एप अपडेट होकर चलने लगा, फिर मुझे एक प्लान बताया कि एक एआई ट्रेडिंग प्लान है, जो आटोमेटिक स्ट्रोक सलेक्ट करता है और ट्रेड लेता है। इसमें 3 प्लान है। जिसमें प्लान ए में 22-23 प्रतिशत का लाभ, प्लान बी में 13 से 14 प्रतिशत का लाभ और प्लान सी में 7 से 8 प्रतिशत का लाभ होगा। मुझे बताया गया कि प्लान ए लेने के लिए 5 लाख, प्लान बी के लिए 2 लाख और प्लान सी के लिए एक लाख रुपए से चालू होगा। मेरे द्वारा प्लान ए को चुना गया। फिर इस एप में दिखाए गए बंधन बैंक के खाता में मैंने 27 जून 2024 को 4 लाख 50 हजार रुपए डाला। लगभग 4-5 दिन ट्रेडिंग करने के बद एआई द्वारा कुछ स्ट्रोक सलेक्ट किए गए और बेचा गया। जिसमें मुझे एक लाख 12 हजार रुपए के आसपास लाभ दिखाया गया। फिर 2 जुलाई को ऐप में 2 लाख रुपए का रिचार्ज करवाया जो अपने बैंक खाता से एप में दिखे जाना स्माल फाईनेंस बैंक खाता में जमा किया। कुछ दिन बाद मेरा ऐप के अकाउंड में 20 लाख के आसपास रुपए दिखने लगा। इसी दौरान मुझे 9 जुलाई को वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। इस ग्रुप में बताया गया कि आपको बस अमेजॉन के प्रोडक्ट को अपने अमेजान एकाउंट में एड टू कार्ड करना है और आपको अमेजॉन का कुछ काम करना है, जिसके लिए आपको पैसे मिलेंगे। मैंने अपना डिटेल ग्रुप पर भेजा।

जिसके बाद एक कोड आया। लिंक को खोला तो दूसरी आईडी खुला। जिसमें कोड को भेजा। फिर टेलीग्राम आईडी से मैसेज आया कि आपको 12 टास्क पूरे करने पर 3 हजार और 24 टास्क पूरे करने पर 4 हजार रुपए मिलेंगे। 3 प्रोडक्ट को अपने आईडी में ऐड टू कार्ड करना है। टास्क पूरे करने पर 150 रुपए मिले। 6वां टास्क करने के लिए एक हजार रुपए रिचार्ज कराए। जिसके पूरा होने पर 1400 रुपए मिला। इसके बाद टेलीग्राम आईडी से एक टेलीग्राम आईडी लिंक मिला। जिससे आगे की टास्क के लिए बात करने को कहा गया।

पीड़ित ने शिकायत में बताया कि इस तरह किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पैसे कमाने का लालच देकर शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर कुल 25 लाख 47 हजार 870 रुपए की ठगी किया गया। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेसियों ने फूंका मुख्यमंत्री, गृहमंत्री का पुतला



पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भिलाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दमनात्मक कार्रवाई और लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला दहन किया। वहीं पुलिस के जवान भी पुतला बुझाने डटे रहे। आखिरकार कांग्रेसियों ने तीन बार पुतला निकालकर जलाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस जवानों ने दो बार के पुतला को बुझाने में सफल हुए। वहीं कांग्रेसियों ने सीएम और गृहमंत्री का तीसरा पुतला निकालकर दहन कर दिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने विरोध में नारेबाजी भी की।

कांग्रेसियों ने शुरूआत में मानव मंदिर चौक में अलग-अलग दिशाओं से दो पुतला लेकर पहुंचा, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से पुतला दहन से पूर्व ही बुझा दिया गया, लेकिन कांग्रेसियों ने तीसरा पुतला जयस्तंभ चौक में निकालकर जलाने में सफ्ल हुए। पुतला दहन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, मेहरू मारू, धीरज कन्नौजे, मनीष गौतम, आसिफ अली, श्रीकिशन खंडेलवाल, महेन्द्र यादव, अंजुम अल्वी, माया शर्मा, अमित खंडेलवाल, धनेश पाटिला, अहमद शकील रिजवी, महेश साहू, हरिनारायण धकेता, पदम कोठरी, प्रज्ञा गुप्ता समेत अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

# कालेज में शारीरिक एवं बौद्धिक विकास पर गोष्ठी
## गायत्री तपोभूमि मथुरा उप्र के वक्त ा के व्याख्यान



पायनियर संवाददाता ⮜ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के शासकीय महाविद्यालय में मार्गदर्शन में शारीरिक क्षमता एवं बौद्धिक विकास विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी में शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को लेकर बेहद सूक्ष्मता से चर्चा की गई। योग शिक्षा की उपयोगिता के साथ युवाओं के अनुशासनहीनता पर भी गंभीर विमर्श हुआ। वहीं जीवनशैली में सतत सुधार हेतु सादा जीवन और उच्च विचार अपनाने अपील की गई। गोष्ठी में पंडित रविंद्र तिवारी सेवानिवृत्त अभियंता गायत्री तपोभूमि मथुरा उत्तरप्रदेश ने व्याख्यान दिया। इनके अलावा स्वयंसेवक जीवन दानी, समयदानी गजानन साहू, मनोविज्ञान बाल संरक्षण अधिकारी, जयप्रकाश सिन्हा जिला समन्वयक गायत्री परिवार, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती इंदू साहू सहित अन्य ने वक्तव्य दिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएन मेश्राम एवं डॉ. एके धमगाये के मार्गदर्शन में समस्त संकायों के लगभग 211 विद्यार्थियों ने गोष्ठी में हिस्सा लिया।

## पर्युषण के अवसर पर कल मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव। राज्य शासन के आदेशानुसार पर्यूषण पर्व के प्रथम दिवस के उपलक्ष्य में कल 31 अगस्त को नगर निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं वि य कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस वि य करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल करें। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

# अंडर-19 क्रिकेट ट्रॉयल 01 सितम्बर को

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा जारी सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न आयु वर्ग की चयन प्रक्रिया की तिथियों के तहत जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जिले की टीम (अंडर-19) के गठन हेतु आगामी 01/09/2024 दिन रविवार को चयन प्रक्रिया का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में किया जायेगा। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। अंडर 19 आयु वर्ग के लिए आयु सीमा 1 सितम्बर 2006 या उसके बाद जन्म हुआ हो निर्धारित की गई है। चयन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु खिलाड़ियों का ऑनलाईन पंजीयन आवश्यक है। जिन खिलाड़ियों का पंजीयन नही हुआ है, वे ट्रॉयल दिनांक को आवश्यक दस्तावेज (पिछले 6 वर्षो की अंक सूची, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सभी की मूल प्रति व 1 पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन कराकर चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकता है। उक्त चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों का चयन एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकत्ताओं द्वारा किया जायेगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगाँव के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि आगामी क्रिकेट सत्र के लिए विभिन्न आयु वर्गो की चयन प्रक्रिया सत्र शुरू होने के पहले आयोजित की जा रही है, ताकि विभिन्न आयु वर्ग (अंडर-14, 16 व अंडर-19) के खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारिकियां सिखने व फिटनेस हेतु पर्याप्त समय मिल सके। उक्त आयोजित चयन प्रक्रिया से खिलाड़ियों का चयन कर सघन प्रशिक्षण शिविर लगाया जावेगा। शिविर के दौरान आयोजित अभ्यास मैचों में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन कर जिले के टीम (अंडर-19) का गठन किया जावेंगा। जो छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आगामी सत्र में आयोजित अंतर जिला क्रिकेट टुर्नामेंट में भाग लेंगे। उक्त चयन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु खिलाड़ियों को स्वयं की क्रिकेट कीट व सफेद ड्रेस के साथ आना होगा, आवश्यक दस्तावेजों के साथ न आने पर खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में शामिल नही किया जावेगा। ट्रॉयल दिनांक को खराब मौसम होने की स्थिति में चयन प्रक्रिया संबंधित जानकारी मो. 9399645345 पर ली जा सकती है, ताकि खिलाड़ियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगाँव के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# कलेक्टर ने की बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र और एसजे फार्म का निरीक्षण

- बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र मशीनों का रख-रखाव तथा आर्गेनिक खेती और उनके तकनीकी के संबंध में की गई चर्चा





पायनियर संवाददाता ⮜ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिले के विकासखंड धमधा अंतर्गत ग्राम राजपुर स्थित प्लग टाईप वेजिटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन ईकाई बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने उप संचालक उद्यानिकी पूजा कश्यप साहू एवं प्लग टाईप वेजिटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन ईकाई बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र के प्रभारी को बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र के मशीनों के रख-रखाव एवं खराब मशीनों के सुधार हेतु निर्देशित किया। त्वरित लक्ष्य एवं खाली पड़े भूमि का सही उपयोग करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सीईओ जनपद धमधा एवं उप संचालक उद्यानिकी को स्थानीय कृषकों को बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र से पौधा खरीदने एवं प्रशिक्षण हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर चौधरी ने दारगांव धमधा स्थित एस.जे. फार्म का भी निरीक्षण किया। उन्होंने फार्म के सदस्यों से ऑर्गेनिक खेती तथा उनके तकनीकों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। साथ ही सीईओ जनपद एवं उप संचालक उद्यानिकी को ऑर्गेनिक खेती प्रोत्साहन हेतु प्रगतिशील किसानों का प्रशिक्षण आयोजित करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमधा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, ब्लाक शिक्षा अधिकारी एवं राजस्व विभाग, जनपद पंचायत, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# नन्हे बच्चों की दहीलूट व राधाकृष्ण वेशभूषा स्पर्धा
## वृंदावन में तब्दील हुआ बीपीएस स्कूल परिसर



पायनियर संवाददाता ⮜ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हायर सेकेन्डरी स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर नन्हे विद्यार्थियों के लिए दहीलूट का विशेष आयोजन हुआ।

प्रेम और सौहाद्र के पर्व पर नर्सरी से 5वीं तक के बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में विद्यालय पहुँचे। इस दरम्यान राधा व कृष्ण वेशभूषा स्पर्धा सहित दहीलूट में हिस्सा लेकर नन्हे बच्चे बेहद हर्षित नजर आए। प्राचार्य सुनील कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित दही लूट के आयोजन में आयोजन में शैलजा पाण्डेय् अध्यक्ष मानव समाज कृयाण एवं शिक्षण समिति, सदस्यगण संतोष सागर शर्मा, गौरी बाई झाड़े, संरक्षक संतोष कुमार वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, पवन ठाकुर व बीरेन्द्र बोरकर, कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुंवर, पाली प्रभारी बिरेन्द्र राजपूत, प्रधान पाठक पीएल बया, प्रधान पाठिका दामिनी यदु, देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन, गौरव देवांगन साहू, सरिता गोलछा, वीणा साहू, संजू उइक रेणुका साहू, अनुराधा सोनटेके, जमुना साहू, रश्मि देवांगन, लक्ष्मी राजपूत, उषा साहू, दुबीलता ठाकुर, नरोत्तम साहू, प्रज्ञाश्रुति सहित समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं सहयोग प्रदान किया।

**श्रीराधाकृष्ण की वेशभूषा स्पर्धा** -कृष्ण की वेशभूषा में प्रथम जीवांश यदु, द्वितीय रवि एवं तृतीय डोमेश पटेल रहे। इसी प्रकार राधा की वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम अंशिका, द्वितीय तनिषा तथा तृतीय प्रियांशी व युकांक्षी रहे। उपरांत दहीलूट का आयोजन में विद्यार्थियों ने उमंग और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। विद्यालय परिसर वृंदावन में तब्दील हो गया था। प्राचार्य ने दर्शक नागरिकों का आभार जताया।

**शोभायात्रा आयोजन का तेरहवां वर्ष, गौधन की रक्षक के रूप में यादव समाज का पहचान : जायसवाल**

# कोसरिया यादव समाज के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

पायनियर संवाददाता ⮜ दुर्ग
www.dailypioneer.com





कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में दुर्ग में आयोजित कोसरिया यादव समाज के शोभायात्रा एवं सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कृयाण, चिकित्सा शिक्षा एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। पुराना बस स्टैण्ड दुर्ग में आयोजित इस कार्यक्रम में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि शोभायात्रा और इस कार्यक्रम से आज दुर्ग का माहौल वृंदावन जैसा हो गया है। उन्होंने कहा कि यादव समाज भगवान कृष्ण के वंशज है। गौधन रक्षक के रूप में यादव समाज का पहचान है। उन्होंने कहा कि गौधन की रक्षा के लिए प्रदेश सरकार भी पहल कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा गौ-अभ्यारण बनाने का निर्णय लिया गया है। यहां पर गौधन के लिए समुचित प्रबंध किया जाएगा। मंत्री जायसवाल ने कहा कि भगवान कृष्ण का गौवंश से आघाद लगाव था। उनके वंशज में भी गौवंश की सेवा झलक रही है। उन्होंने भगवान कृष्ण के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को उद्धृत करते हुए उनके आदर्श को जीवन में आत्मसात करने का आव्हान किया। मंत्री जायसवाल ने यादव समाज से गौवंश की रक्षा के लिए सुझाव आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि समाज के बताये सुझाव पर सरकार अमल करेगी। उन्होंने समाज की मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया।

विधायक गजेन्द्र यादव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि यादव समाज विगत 13 वर्षो से दुर्ग में शोभायात्रा निकालते आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की गौ अभ्यारण योजना समाज के योगदान से सफ्ल होगी। विधायक यादव ने नगर के विकास के लिए अपने प्रयासों का जिक्र करते हुए अवगत कराया कि शासन स्तर से विकास कार्य के लिए राशि स्वीकृति हो गई है, आने वाले दिनों में नगर का और तेजी से विकास होगा। उन्होंने समाज के मांग की ओर मुख्य अतिथि का ध्यान आकर्षित किया। कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष बोधन यादव ने स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथिगणों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने समाज की मांग को मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल को अवगत कराया। सभा के प्रारंभ पूर्व यादव समाज द्वारा दुर्ग नगर के मुख्य मार्गो पर आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत की अध्यक्ष पुष्पा यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि, यादव समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# कमला कॉलेज चौक दही लूट में उमड़ा जनसैलाब

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अवतार कृचरल सोसाइटी के तत्वावधान में दिनाँक 28 अगस्त को कमला कालेज चौक में भव्य दही हांडी लूट का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम को देखने के लिए उमडा जनसैलाब। आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहन साहू ने बताया कि यह आयोजन का 14वा वर्ष था। कार्यक्रम में महाराष्ट्र गोंदिया, रायपुर, दुर्ग सहित अंचल की कई टोलीयो ने भाग लिया। काफी मशक्कत और 3 घंटे बाद मन मोहना ग्रुप सलोनी डोंगरगढ़ की टोली द्वारा दही हांडी लूट लिया गया। विजेता टीम को पुरस्कार राशि के रूप में 71000/- दिया गया! मुम्बई की तर्ज पर हाईटेक मशीनरी का उपयोग कर हाईड्रा मशीन पर मटकी लटकाई गई। जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित इस आयोजन में युवा,बच्चों और दर्शकों के थिरकने के लिए डीजे, sharpy लाइट, लेजर लाइट, ड्रोन कैमरा,एलईडी स्क्रीन भी लगाया गया था। आयोजन में मधुसूदन यादव, हर्षिता बघेल, हेमा देशमुख, नीलू शर्मा, किशन खंडेलवाल, पवन डागा, अरविंद तिवारी, रवि तिवारी बतौर अतिथि सम्मिलित हुए ।

# डीपू बगीचा के सैंकड़ों साल पुराने खोखले पेड़ से राहगीरों और स्कूली बच्चों को खतरा, आए दिन टूटकर गिर रहे डाल

## 15 दिन पहले गिरे विशालकाय पेड़ अभी तक नहीं हट सका, हाई वोल्टेज तार भी जद में

पायनियर संवाददाता ⮜ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

शहर के हृदयस्थल में स्थित डीपू बगीचा जहां आदिवासियों का पवित्र धार्मिक स्थल भी हैं। यहां प्रकृति पूजा सरहूल पर्व मनाया जाता है। वहां सैकड़ों साल पुराने वृक्ष हैं जिनकी आयु सीमा अधिक हो जाने की वजह से वे खोखले और कमजोर हो चुके हैं और आए दिन अधिक बारिश होने पर सड़क पर गिर रहे हैं। अधिक व्यस्ततम मुख्य सड़क होने की वजह से यहां राहगीरों के साथ-साथ स्कूली बच्चों का भी पैदल आवागमन होता है। खोखले पेड़ों के विशालकाय डगाल के टूटकर गिरने से आने जाने वालों पर खतरा मंडरा रहा है। डीपू बगीचा की बाउंड्री के भीतर पेड़ उगे हैं जिनकी शाखाएं सड़क पर हैं।

**स्कूली बच्चे पर भी खतरा**-डीपू बगीचा मार्ग से होकर टिकैतगंज, करबला रोड, सन्ना रोड, पानी टंकी के साथ ही कई टोला पारा और मोहल्ले के बच्चे स्कूल और कॉलेज के

पायनियर सरोकार



लिए पैदल जाते हैं। बच्चों से भरे स्कूल वाहन, ऑटो भी सड़क से गुजरते हैं। कमजोर हो चुकी डालियों के गिरने का खतरा हमेशा मंडराता रहता है।

**बिजली की हाई वोल्टे तार भी** -डीपू बगीचा सड़क पर शहर से टिकैतगंज की ओर हाई वोल्टेज बिजली के तार भी गुजरे हैं। कई खंभे लगे हुए हैं। विशालकाय पेड़ों की कमजोर डालियां टूटकर आए दिन बिजली के तारों पर गिर रहीं हैं। इससे रिहायसी इलाके में जान का खतरा का भी अंदेशा हैं। बिजली के तारों को हमेशा नुकसान होता है।

**विभाग की अनदेखी**-बारिश से पहले हमेशा ही बिजली विभाग की ओर से पेड़ों के डालियों की छटनी की जाती है। लेकिन डीपू बगीचा लाइन में कमजोर पड़ चुके शाखाओं पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है।

**अबतक नहीं हटा टूटा डगाल**-20 अगस्त से पहले ही डीपू बगीचा का एक विशालकाय वृक्ष की शाखा टूटकर सड़क पर गिर गई। यह हादसा तड़के सुबह हुआ था। स्कूल आवागमन के दौरान होने पर बड़ा हादसा हो सकता था। उस डाल के गिरने से सड़क 3 घंटे तक जाम रहा। उसे काटकर किनारे किया गया लेकिन अबतक पूरी तरह से सड़क से नहीं हटाया गया है। टूटी शाखा के सड़क पर पड़े रहने से सड़क दुर्घटना होने की संभावना है। उक्त मार्ग में सड़क दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। घटनास्थल पर रोशनी के अभाव की वजह से गिरा हुआ लकड़ी का टुकड़ा भी लोगों को दिखाई नहीं देता है।

डीपू बगीचा की देखरेख का जिम्मा फिलहाल नगर पालिका को दिया गया है। पेड़ की डालियों की छंटनी करने के लिए वन विभाग को पत्र लिखकर जल्द से जल्द बेहतर किया जाएगा।

**-योगश्वर उपाध्याय, सीएमओ नगर पालिका**

# रासेयो खरेंगा ने नशामुक्ति पर जन-जागरूकता रैली एवं परिचर्चा का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com






नशा मुक्ति हेतु लिया गया संकल्पए। नशा नाश की जड़ है और नशा एक व्यक्ति नहीं पूरे परिवार को बर्बाद करती है। इसी नशा एक सामाजिक बुराई बन गई है नशा के प्रति जागरूकता करने की दृष्टि से राष्ट्रीय सेवा योजना खरेंगा के द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता रैली व परिचर्चा के माध्यम से नशा मुक्त हो गांव, शहर व देश बने इस अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी रासेयो शेषनारायण गजेंद्र के मार्गदर्शन पर छात्र.छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किया। जिनमें से प्रमुख थनेश्वर चक्रधारी, टमेश्वरी साहू, गुंजा साहू, पवन, धीरज सोनिया चक्रधारी, सुनैना यादव आदि अपने विचार व्यक्त कर भाग लिया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा के प्राचार्य अनीता वैद्य के द्वारा छात्र-छात्राओं को नशे से बचने के लिए




प्रेरित किया। तत्पश्चात टी मुकेश सोनकर व्याख्याता के द्वारा नशा मुक्त भारत की शपथ कराया गया ।

नशा मुक्ति का संकल्प लेने में सर्वप्रथम व्याख्याता कैलाश कुमार सिन्हा, दीपक निषाद मिथिलेश कुमार रत्नाकर,नीतु शर्मा, मनेश्वरी वर्मा ,अंशिता पचौरी, लेखनी साहू, मुकेश साहू एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति जागरूकताअभियान चलाने का संकल्प लिया।

# बदहाल मनोरा... गंदे नाली का पानी बाजार डाड़ होते हुए बस स्टैंड मुख्य सड़क पर बह रहा, स्कूली बच्चे भी परेशान

## सरपंच ने दो बार साफ कराया, ग्रामीण ने नाली बंद कर दिया

पायनियर संवाददाता ⮜ मनोरा
www.dailypioneer.com

बारिश शुरू होने से पहले नालियों की साफ -सफाई किया जाता है ताकि बारिश के दिनों में नालियों से पानी निकासी होने में कोई दिक्कत न हो, लेकिन मनोरा विकासखंड मुख्यालय में नाली का गंदा पानी सड़क में बहने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजारडाड़ बस्ती के लोगों ने नाली को बंद कर दिया है जिससे नाली बंद हो गई है और पानी पूरे सड़क पर फैल गया है।

**स्कूली बच्चों से लेकर स्थानीय यात्री परेशान**-मनोरा मुख्यालय में हजारों स्कूली बच्चे दूर दराज से मनोरा मुख्यालय पढ़ने आते है। और रोजना



उन्हें नाली के गंदे पानी का सामना करना पड़ता है। और बस में यात्रा करने वाले भी सड़को पर पानी को देखते हुए गाड़ी से नही उतरते है। रही बात स्थानीय लोगों की तो उन्हें दिन रात गंदे पानी से सामना करना पड़ता है।

**नाली को बारिश से पहले किया गया था साफ**- स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश शुरू होने से पहले नाली को सरपंच के द्वारा साफसफाई कराया गया था। लेकिन बाजारडाड़ बस्ती वाले ने नाली को बंद कर दिया हैं। जिससे नाली में निकासी न होकर सड़को पर पानी बह रहा है।

# हेलमेट वितरण कार्यक्रम में एसपी ने सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक

■ **सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर में कमी लाने और हेलमेट के प्रति जागरूकता बढ़ाने रायगढ़ पुलिस का जारी है हेलमेट वितरण अभियान**

पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम करने और हेलमेट के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत, मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही के बाद नियम तोड़ने वालों को निशुल्क हेलमेट वितरित किए जा रहे हैं। इस पहल का लक्ष्य पांच हजार से अधिक व्यक्तियों को हेलमेट प्रदान करना है, जो लगातार जारी है। रायगढ़-पूंजीपथरा मार्ग के उर्दना पुलिस लाइन के समीप, एसपी दिव्यांग पटेल ने यातायात पुलिस और समाजसेवियों के साथ मिलकर नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट का वितरण किया। एसपी पटेल ने इस अवसर पर नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं की सुरक्षा और परिवार की जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें। उन्होंने यह भी बताया कि मॉडिफाई साइलेंसर और निर्धारित मापदंड के अनुरूप नंबर प्लेट ना लगे वाहनों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसमें चालानी और वाहन जप्ती कार्रवाई की जाएगी। इस हेलमेट वितरण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक के साथ डीएसपी ट्रैफिक रमेश चंद्रा, समाजसेवी सुनील लेन्ध्रा, मनोज अग्रवाल और अन्य मौजूद गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया और हेलमेट का वितरण किया गया। समाजसेवियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों और मौजूद नागरिकों ने पुलिस के इस अभियान की सराहना की, जो सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और लोगों को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करने के लिए उठाया गया है।

# 20 वर्षीय युवक से पुलिस ने की 30 हजार रूपए की गांजा जप्त



पायनियर संवाददाता ⮜ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

अंतर्राज्यीय कन्हर बेरियर पर जांच के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति से 30 हज़ार रुपए का गांजा जप्त किया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से पुलिस को जानकारी मिली कि एक व्यक्ति गांजा लेकर इस मार्ग से गुजरने वाला है सूचना मिलते ही पुलिस ने अंतर्राज्यीय कन्हर बेरियर पर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान मोटर साइकिल कमांक जे एच 14 एच 3764 से पीठ पर रखे हुए बैग से दो पैकेट खाकी रंग के टेप से लिपटे हुए प्राप्त हआ जब उसको खोल कर देखा गया तो उसमें मादक पदार्थ गांजा भरा हुआ था। पुलिस ने आरोपी सतीश कुमार चौधरी पिता मुन्ना चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी रंका जिला गढ़वा झारखंड के विरुद्ध अपराध क्रमांक 168/2024 धारा 20(क्)एनडीपीसी के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने जप्त किए हुए बाइक की कीमत 50 हजार रुपए एवं 2 किलो गांजे की कीमत 30 हजार रुपए बताई गई है।

# लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, रात्रि में ग्राम अमेठी के पास प्रार्थी के आंख में मिर्ची पाउडर फेंक कर 5,13,000. रुपये लूटने वाले दो आरोपियों को धमतरी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रार्थी बालक राम साहू पिता स्व0 सुखराम साहू उम्र 58 वर्ष निवासी कलारतराई, जो एक राईसमिल तरसींवा में मुंशी का काम करता है। जो दिनांक 25/01/23 को धान दलाली की रकम 5,13,000 रूपये को काले रंग के बैग में अपने जुपिटर स्कूटी क्र सीजी 05 एएच 9297 के डिग्गी के अन्दर रखकर अकेले अपने ग्राम कलारतराई जा रहा था कि ग्राम अमेठी मैदान के पास रात्रि करीब 10: 45 बजे दो लड़के मोटर सायकल से उनके पास आकर चलती मोटर सायकल से उसके आंख में मिर्ची पाउडर फेंक कर एक लडके ने प्रार्थी के सिर पर लकडी के डंडे से वार कर दिया और दूसरे लडके ने स्कूटी की चाबी छिनकर स्कूटी के डिग्गी अन्दर रखे काला बैग से 5,13,000 रूपये को निकालकर अपने मो0सा0 से धमतरी की ओर भाग गये। जिसकी रिपोर्ट पर थाना अर्जुनी में अपक्र 44/23 धारा 394,201,34 भादवि के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।



विवेचना दौरान तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर के माध्यम से आरोपियों के संबंध में पतासाजी की जा रही थी तभी मुखबिर से आरोपियों के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर आरोपियों अंकित पंसारी एवं मंयक सोनी को तत्काल हिरासत में लेकर प्रार्थी से पहचान कराया गया जो प्रार्थी के द्वारा आरोपियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट धमतरी के समक्ष पहचान किया गया। आरोपियों द्वारा प्रार्थी से घटना स्थल अमेठी के पास प्रार्थी के स्कूटी के डिक्की से 5,13,000 रूपये लूट करना, जिसमें 2,50,000 रूपये मंयक सोनी तथा 2,63,000 रूपये अंकित पंसारी को रखना व पैसा खर्च हो जाना बताया गया। आरोपी अंकित पंसारी के द्वारा लूट में उपयोग किये गये मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर प्लस क्र सीजी 05 एएम 1358 को बरामद कराये जाने पर जप्त किया गया है। आरोपी अंकित पंसारी के द्वारा प्रार्थी के सिर पर डंडे से मारकर चोट पहुंचाया गया एवं आरोपी द्वारा जानबूझ कर साक्ष्य छुपाया गया। आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से आरोपी अंकित पंसारी एवं मंयक सोनी को आज दिनांक को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपीगण में अंकित पंसारी पिता कन्हैया पंसारी उम्र 26 वर्ष निवासी बनियापारा धमतरी थाना सिटीकोतवाली धमतरी जिला धमतरी, मंयक सोनी पिता संजय सोनी उम्र 26 वर्ष निवासी डंगनिया बम्बलेश्वरी मंदिर के पीछे रायपुर थाना डीडीनगर रायपुर जिला रायपुर। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अर्जुनी निरी0 सन्नी दुबे,सउनि0उत्तम निषाद प्रआर0 दिनेश तुरकाने आरक्षक कुलदीप राजपूत, साजिद खान,जितेन्द्र नेताम, खेमू हिरवानी सायबर से आरक्षक विकास दिवेदी, दीपक साहू, योगेश ध्रुव, देवेन्द्र साहू का विशेष योगदान रहा।

# पीएम जनमन अंतर्गत पीव्हीटीजी हितग्राहियों को किया सामग्री वितरण

पायनियर संवाददाता ⮜ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री जनमन योजना अन्तर्गत जिले के चिन्हांकित विकासखण्डों के विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत् शिविर का आयोजन कर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, नलजल, शिक्षा, बिजली, कृषि, सड़क, आधार पंजीयन इत्यादि में शामिल कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है।

चिन्हांकित चारो विकासखण्ड बलरामपुर, राजपुर, शंकरगढ एवं कुसमी के निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने के लिए विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत पस्ता एवं सीतारामपुर, राजपुर के ग्राम पंचायत जिगड़ी व ककना, शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत मनोहरपुर व डीपाडीहखुर्द एवं कुसमी के ग्राम पंचायत पुंदाग एवं भुलसीकलाखुर्द में प्रधानमंत्री जनमन अतंर्गत आईईसी कैंपेन उन्मुखीकरण सह शिविर आयोजित किया गया। विकासखंड राजपुर के ग्राम पंचायत




ककना में आयोजित शिविर में सरगुजा सांसद चिन्तामणि महराज व विधानसभा सामरी के पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। शिविर में बड़ी संख्या में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोग शामिल हुए। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा शासन के जनकल्याणकारी एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल लगाया गया था। इस अवसर पर आयोजित शिविरों में जनप्रतिनिधियों द्वारा पीएम जनमन अंतर्गत पीवीटीजी हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया गया। जिसमें सिकल सेल कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम जन धन योजना, पेंशन, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, राशनकार्ड, पीएम मातृ वंदन योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, वन भूमि सुधार कार्य स्वीकृत तथा किसान क्रेडिट कार्ड जारी किया गया। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मनरेगा के तहत 20 हजार औषधीय पौधों का हुआ रोपण

# जिले में सुप्रजा कार्यक्रम के तहत 916 पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को किया जा रहा लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में सुप्रजा योजना के तहत आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से गर्भवती महिलाओं की देखरेख किया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं के आहार विहार और उसके योग की मुद्राओं की विधिवत जानकारी भी दी जा रही है। वहीं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत औषधीय पौध रोपण जिला स्तरीय कार्ययोजना के आधार पर तैयार किया गया है। धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी विकासखंड के शासकीय उद्यान रोपणी बिन्द्रानवागांव, भाठागांव, राकाडीह, सेमरा में औषधीय पौध का बेल, गुडुची, पारीजात, मंडुकपर्णी, प्रियंगु, निर्गण्डी, गिलोय, मरीच, तुलसी, एवं







अदरक, अश्वगंधा, हठजोड, पिप्पली, शतावरी, हर्रा, शल्लकी, आंवला, कालमेघ एवं एलोवेरा, काली हल्दी, बेहड़ा महाबला, कटुकी, काम केशर, ब्राम्ही, अड़ूसा, मुलेठी एवं भुईनीम, काली मिर्च, अगरू, मकोय, गुग्गुल, कपूर सर्पगंधा, लेमनग्रास पुदीना एवं मेथी नर्सरी तैयार किया गया है। इस कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 20 हजार औषधीय पौध उत्पादन कार्य के लिए उद्यानिकी विभाग को राशि 6 लाख 20 हजार रूपये की स्वीकृति दी गई है। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आयुष मिशन द्वारा सुप्रजा योजना के क्रियान्वयन से आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। सुप्रजा कार्यक्रम के तहत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं उद्यानिकी विभाग के अभिसरण से किया जा रहा है। पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं धमतरी जिले में आयुष विभाग द्वारा नवाचार के रूप में सुप्रजा योजना के क्रियान्वयन से 916 पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि गर्भ संस्कार का उल्लेख प्राचीन आयुर्वेद ग्रंथों में मिलता है। उत्तम आहार सकारात्मक विचार नियमित व्यायाम गर्भ संस्कार के मुख्य घटक हैं। समाज में उत्तम गुणों से युक्त स्वस्थ संतान के लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रत्येक पुष्य नक्षत्र को संस्थानों में गर्भ संस्कार के सेशन का आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गर्भावस्था के दौरान प्रत्येक मास में किन-किन योग प्राणायाम आहार-विहार का उपयोग कब और कैसे किया जाना है, इस विषय पर गर्भवती महिलाओं को जानकारी दी जा रही है तथा आयुर्वेद चिकित्सकों की देख-रेख में अभ्यास कराया जा रहा है, जिनका गर्भिणी द्वारा अपने घर पर नित्य प्रयोग करने हेतु भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उन्हें गर्भावस्था में उपयोगी आयुर्वेद औषधियां का बाह्य एवं आभ्यांतर उपयोग जैसे औषधि जलपान स्नान औषधि धारण संबंधी जानकारी भी दी जा रही है। औषधि जड़ी बूटी जैसे-मुलेठी, क्षीरकागोली, देवदारू रक्तचंदन या श्वेतचंदन को गाय के दूध के साथ, शतावरी, कमलनाल, नागकेशर मंजीठ सिद्ध दूध, प्रियगु खस, शतावरी, कमलनाल नागकेशर मंजीठ सिद्ध दूध, मधुर व जीवनीय द्रव्य सिद्ध दूध, कंटकारी क्षीरीवृक्ष नागकेशर, ब्राह्मी गंभारी, बला, गोक्षूर, मुलेठी, चंदन पाउडर, विदारीगंधादि, पृश्नपर्णी सिद्ध घृत, आस्थापन बस्ति, अनुवासन बस्ति, योनिपिचु धारण पोषक तत्वों का काम कर रही है। इन औषधियो का वितरण भी गर्भवती महिलाओं को दिया जा रहा है। इसके साथ ही गर्भिणी तथा गर्भ की मानसिक एवं भावनात्मक स्थिति में सकारात्मक प्रभाव हेतु विविध वेदों एवं आयुर्वेद संहिताओं में वर्णित श्लोक एवं मंत्रों से युक्त संगीत का श्रवण भी करवाया जा रहा है। मां की भावनात्मक तथा शारीरिक स्थिति का सीधा प्रभाव गर्भस्थ संतान पर पड़ता है, इसलिए गर्भ संस्कार गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है।

# जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों का सामना करने के लिए ज्यादा सक्षम होना होगाः राज्यपाल रमेन डेका

## राज्यपाल ने मौसम विज्ञान विभाग की कार्यशाला का उद्घाटन किया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



जलवायु परिवर्तन विश्व की सबसे बड़ी समस्या है। हमें इसके प्रतिकूल प्रभावों का सामना करने के लिए ज्यादा सक्षम और तैयार होना होगा। राज्यपाल रमेन डेका ने मौसम विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उक्त उद्गार व्यक्त किए। भारत मौसम विज्ञान विभाग इस वर्ष अपनी सेवाओं का 150 वां वर्ष मना रहा है। इस उपलक्ष्य में विभाग के हितधारकों की एक दिवसीय कार्यशाला आज न्यू सर्किट हाउस रायपुर के कन्वेंशन हॉल में आयोजित की गई, जिसका उद्घाटन राज्यपाल रमेन डेका ने किया। इस अवसर पर डेका ने विभाग की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनकी अथक सेवाओं के कारण आज हम प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों का बेहतर तरीके से सामना कर पा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़, फसलों और कृषि पद्धतियों की विविध श्रृंखला वाला एक महत्वपूर्ण कृषि उत्पादक राज्य है, जो दक्षिण में बस्तर के पठार से लेकर राज्य के मध्य भाग में महानदी बेसिन के उपजाऊ मैदानों और उत्तरी छत्तीसगढ़ में पहाड़ी क्षेत्र तक भिन्न है। हमारी खेती में मौसम विज्ञान का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान है। हमारे किसानों को मौसम की सटीक जानकारी से बहुत सहायता मिलती है। छत्तीसगढ़ जैसे कृषि प्रधान राज्य में यह जानकारी अत्यंत उपयोगी है। राज्यपाल ने कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान की सटीकता में निरंतर बढ़ोत्तरी हुई है जो सुनामी, चक्रवात जैसी आपदाओं के दौरान जान-माल की हानि को कम करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि मौसम का पूर्वानुमान एक आम नागरिक के पारिवारिक समारोह से लेकर अनेक सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में उपयोगी है। राज्यपाल ने रायपुर में स्थापित मौसम विज्ञान केंद्र के कार्यो की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह राज्य स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक मौसम की जानकारी और पूर्वानुमान को प्रसारित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। केंद्र मौसम केन्द्र द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ न केवल किसान, बल्कि आपदा प्रबंधन, विमानन, वन संसाधन, शहरी योजना, खनन, परिवहन, स्वास्थ्य, भारतीय वायुसेना, सुरक्षा बल और आम जनता भी उठा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग आने वाले वर्षों में अपने मिशन को सफ्लता पूर्वक पूरा करता रहेगा और देश को मौसम और जलवायु सेवाओं में एक वैश्विक शक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। कार्यक्रम में भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने विभाग की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रोफेसर गिरीश चंदेल ने मौसम विभाग के सहयोग से कृषि व किसानों के हित में किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर की प्रमुख अधिकारी सामंति सरकार ने दिया। इस अवसर पर मौसम विज्ञान विभाग के हितधारक, केन्द्र एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी, मौसम वैज्ञानिक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने दानी स्कूल में छात्राओं को कृमि रोधी दवा खिलाकर किया शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के जे. आर. दानी गर्ल्स स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इसे इस दिवस को अभियान के रूप में चलाने का आव्हान करते हुए कहा कि इससे हमारे बच्चे स्वस्थ्य रहेंगे और देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें इस स्कूल में बेटियों के मध्य आकर बड़ी खुशी हो रही है। आज की बेटियां हर क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन कर रही हैं। यह हमारा भविष्य हैं। राष्ट्रीय कृमि दिवस का महत्व बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कृमि संक्रमण एक आम समस्या है जो अनुमानित रूप से 1-19 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रभावित करती है। इस संक्रमण के कारण अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी होती है। अतः इस इस नेशनल डीवार्मिंग डे के अवसर पर बच्चों को अवश्य कृमि की दवा खिलाएं और इस अभियान को जिम्मेदार नागरिक और अभिभावक के तौर पर सफल बनाए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज के बच्चे कल राष्ट्र के भविष्य है। इसलिए प्रदेश में 1 से 19 साल का कोई भी बच्चा दवा खाने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ्य भारत के सपने को लेकर यह अभियान प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इसमें कोई भी बच्चा दवा खाने से वंचित न रहे इसके लिए सभी प्रकार की तैयारी कर ली गई है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि जिले में 9 लाख 70 हजार 687 बच्चों को दवा खिलाना तय किया गया है, हम सभी मिलकर एक अभियान चलाते हुए इसे प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे निःशुल्क कृमि की दवा को 1-19 वर्ष के बच्चों को अवश्य खिलाये और कृमि संक्रमण से बचाये। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# किसानों की समृद्धि हमारी सरकार की प्राथमिकताः मंत्री दयाल दास बघेल

### खाद्य मंत्री ने 2.36 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल बघेल ने बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम बदनारा में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर ग्राम बदनारा में औषधालय सहित आस-पास के उपार्जन केन्द्रों में फड़ सीमेंटीकरण के लिए 2.36 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मंत्री बघेल ने भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों को प्राथमिकता में रखकर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारण्टी को पूरा करते हुए प्रदेश के किसानों, गरीबों, महिलाओं और युवाओं के हित में बेहतर नीतिगत् फैसले लेकर प्रदेश को आगे बढ़ाने की दिशा में निरन्तर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समर्थन मूल्य एवं कृषि उन्नति योजना के तहत किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रूपए की भाव से खरीदने के वादे को पूरा किया है। वहीं प्रदेश के लगभग 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रूपए प्रति माह उनके खाते में अंतरित किए जा रहे हैं।

# कृषि यंत्रों एवं प्रौद्योगिकी के विकास से कृषि में आया क्रांतिकारी परिवर्तन : मंत्री रामविचार नेताम

### कृषि अभियंताओं के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सह संगोष्ठी का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि कुछ दशक पूर्व किसान खेती में परंपरागत कृषि उपकरणों का उपयोग करते थे। लेकिन प्रौद्योगिकी के विकास के कारण खेतों में ट्रैक्टर चलित कल्टिवेटर, रोटावेटर, कम्बाइन जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों एवं मशीनरी का उपयोग कर रहे हैं। इसके साथ ही अब कृषि में ड्रोन तथा ए.आई. तकनीक का उपयोग भी होने लगा है। कृषि मशीनरी के तकनीकी विकास के कारण कृषि के क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन आया है, इसके लिए देश के कृषि अभियंता तथा कृषि वैज्ञानिक बधाई के पात्र हैं। कृषि मंत्री नेताम राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित कृषि अभियंताओं के दो दिवसीय 36वें राष्ट्रीय सम्मेलन सह संगोष्ठी के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजिनियर्स (इंडिया) छत्तीसगढ़ स्टेट सेन्टर, रायपुर एवं स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कृषि अभियांत्रिकी संकाय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर से आए कृषि अभियंता शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री नेताम ने कहा कि ''सतत विकास के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हेतु कृषि अभियंताओं का योगदान'' विषय पर आयोजित इस सगोष्ठी का विषय काफी ज्वलंत, प्रासंगिक एवं सारगर्भित है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आज अनेकों चुनौतियां विद्यमान है। जलवायु परिवर्तन के कारण किसान फसल उत्पादन संबंधी अनेक चुनौतियां से जूझ रहे हैं। ऐसे में कृषि अनुसंधान प्रौद्योगिकी विकास तथा कृषि यंत्रीकरण के द्वारा ही इस चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। नेताम ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न फसलों की 65 नई जलवायु लचीली फसल प्रजातियों का लोकार्पण किया है जो मौसम की प्रतिकूलताओं में भी अधिक उत्पादन देने में सक्षम हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कृषि अभियंताओं के इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सह संगोष्ठी के सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे। नेताम ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अभियंताओं द्वारा किये गये नवीन अनुसंधानों एवं प्रौद्योगिकी विकास की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि भारत में कृषि के क्षेत्र में जो तीन मुख्य कमियां चिन्हित की गई हैं इनमें से कृषि के क्षेत्र में यंत्रों का उपयोग प्रमुख है। पिछले दशकों में कृषि मशीनरी के विकास तथा उपयोग को बढ़ावा मिलने के बावजूद आज भी हमारे देश में कृषि के क्षेत्र में मशीनरी का उपयोग अन्य विकसित देशों की अपेक्षा काफी कम है। उन्होंने कहा कि देश भर में कृषि मशीनरी के डिजाइन तथा तकनीक के विकास का कार्य किया जा रहा है, जिसके सार्थक परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं और किसान अब कृषि यंत्रों का ज्यादा उपयोग करने लगे हैं।

# कांग्रेसी नेता ने डीजीपी को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफिले को रोकने के मामले में कांग्रेसी नेता गुरुवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचे और डीजीपी अशोक जुनेजा से मुलाकत कर ज्ञापन सौंपा। रायपुर शहर कांग्रेस की तरफ से सौपें गए ज्ञापन में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के काफिले को रोकने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। कांग्रेस की तरफ से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 24 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग में आयोजित भाजपा सरकार के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन में शामिल होने अपने निवास स्थान से निकले रास्ते मे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफिलो को बजरंग दल के कुछ लोगो ने बिना कारण रोक लिया एवं उनकी सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियो से धक्का मुक्की की। इतना ही नहीं बजरंग दल के लोगो ने काफिले के सामने नारेबाजी करते हुए गाली गलौज एवं अशोभनीय शब्दो का प्रयोग किया। तत्पश्चात 27अगस्त को कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने सिरसा थाने पहुंचे। जहां पुलिस प्रशासन द्वारा शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओ के ऊपर जमकर लाठियां चलायी, जिसके कारण हमारे दर्जनो कार्यकर्ताओ को गंभीर चोटे आई। 24 अगस्त को दुर्ग में प्रदर्शन में जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री के काफिलो को रोकने व उनके खिलाफ प्रदर्शन करने कि बजरंग दल ने क्या कोई परमिशन ली थी? पूर्व मुख्यमंत्री के काफिले को इस प्रकार रोकना अलोकतांत्रिक है। पूर्व मुख्यमंत्री को पुलिस प्रशासन द्वारा ही जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की गई है, लेकिन इस सुरक्षा मे चुक पुलिस प्रशासन की नकामी को दर्शाता है। 27 अगस्त को इस विषय को लेकर थाने का घेराव किया गया लेकिन शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओ के ऊपर लाठियां चलाना घोर निंदनीय है। हम आपसे यह मांग करते है कि 24 एवं 27 अगस्त को हुई इस घटना का उच्च स्तरीय जांच हो एवं दोषियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायें।

# 25 हजार घरों को पीएम सूर्यघर बनाने का लक्ष्य प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ के 25 हजार घरों को रोशन करने का लक्ष्य रखा गया है। इन घरों में एक से तीन किलोवाट तक क्षमता के सोलर संयंत्र स्थापित किये जाएंगे, जिससे लोग अपने घर की छतों पर तीन किलोवाट के संयंत्र से हर महीने 300 यूनिट बिजली का उत्पादन कर पाएंगे। इस योजना में 50 हजार से 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी सीधे उपभोक्ताओं के खाते में आएगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर ने मुख्यालय स्थित सेवाभवन में पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी 18 वृत्तों के अधीक्षण अभियंताओं को निर्देशित किया कि इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरआई) ने पीएम सूर्यघर योजना की शुरुआत 13 फरवरी को की थी। उक्त योजना में 1 किलोवाट के संयंत्र पर 30 हजार रुपए, 2 किलोवाट के संयंत्र पर 60 हजार और 3 किलोवाट पर 78 हजार रूपए का केंद्रीय अनुदान प्रदान किया जाएगा। एक किलोवाट सौर संयंत्र से प्रतिदिन 4 यूनिट तक औसत बिजली उत्पादन होगा। तीन किलोवाट में प्रतिदिन 12 यूनिट बिजली पैदा होगी। यदि उपभोक्ता इतनी बिजली खपत नहीं करता तो इसका क्रेडिट से बिल में तय सौलर टैरिफ के अनुसार एडवांस जमा कर दिया जाएगा। उपभोक्ता अपने घर के बिजली मीटर में संबद्ध भार (लोड) के आधार पर उतने ही भार का संयंत्र लगाने के लिए पात्र होगा। इसके लिए पीएमसूर्यघर योजना के पोर्टल या पीएम सूर्यघर मोबाइल एप में जाकर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन पूरा होने पर विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण करेंगे, जिसके बाद सौर प्लांट को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। सोलर प्लांट लगने के बाद अनुदान राशि उपभोक्ता के खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में इस वित्तीय वर्ष में 25 हजार उपभोक्ताओं को लाभ देने का लक्ष्य है।

# जनता की सेवा में सदैव तत्पर है विष्णु देव सरकार: मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा सूरजपुर जिले के बीरपुर स्थित निज निवास में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को उनके समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनते हुए मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों के साथ पहुंचे। राजवाड़े ने व्यक्तिगत रूप से हर व्यक्ति की समस्या को सुना और उसे समझने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनता और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित करना था, ताकि लोग अपनी समस्याओं को बिना किसी बाधा के सीधे मंत्री तक पहुंचा सकें। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस अवसर पर कहा, हमारी सरकार जनता के प्रति पूरी तरह से जवाबदेह है। आपकी समस्याएं हमारी समस्याएं हैं, और उनका समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। जनदर्शन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है कि हम जनता से सीधा संवाद करें और उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को जनता की समस्याओं का निराकरण तय समय सीमा में करना होगा, और उनके प्रति जवाबदेह रहना होगा। जनदर्शन कार्यक्रम में मंत्री ने विशेष रूप से कमजोर वर्गों, वृद्ध नागरिकों और महिलाओं की समस्याओं पर ध्यान दिया। राजवाड़े ने महिलाओं के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में भी चर्चा की और उन्हें इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनदर्शन कार्यक्रम के समापन पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, हमारी सरकार हर नागरिक की सेवा के लिए तत्पर है। आप अपनी समस्याओं को निःसंकोच हमारे सामने रखें, और हम उन्हें हल करने का पूरा प्रयास करेंगे। यह कार्यक्रम हमारी प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है कि हम जनता के साथ मिलकर उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के जनदर्शन कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। अंत में, उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए नियमित दौरे करें और जनता की जरूरतों का समय पर समाधान करें।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403